डाक रजि.संख्या- VSI(W)-52/2013-14 ■ आर.एन.आई. संख्या- UPHIN/2013/53226

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

अखबार नहीं आंदोलन है

भारत एकता टाइम्स

वाराणसी, शनिवार, 28 नवम्बर 2026*
वर्ष-14, अंक-152 पृष्ठ -8 व मूल्यः रु. 1.00
व वितरण व्यय : रु. 1.00

वाराणसी, इलाहाबाद, गोरखपुर, लखनऊ, पटना, नयी दिल्ली, मुम्बई से प्रसारित



4 किसानों के जीवन में आई नई खुशहाली

www.betsamachar.com

एलेक्जेंडर ज्वेरेव के नाम बड़ी उपलब्धि 5



परिसीमन बिल को मंजूरी

केंद्रीय कैबिनेट की विशेष बैठक में दिखायी महिला आरक्षण से जुड़े विधेयक हरी झंडी

कैबिनेट बैठक

✡ संसद के विशेष सत्र में पेश करने की तैयारी

नई दिल्ली/ जीएनएस न्यूज

दिल्ली में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में महिला आरक्षण से जुड़े नए परिसीमन विधेयक को मंजूरी दी गई है। सरकार अगले सप्ताह से शुरू होने वाले संसद के विशेष सत्र में इस विधेयक को पेश कर सकती है। विधेयक में कुछ बदलाव किए गए हैं, ताकि परिसीमन के बाद किसी भी राज्य का लोकसभा में प्रतिनिधित्व दूसरे राज्यों के मुकाबले कम न हो। कैबिनेट की यह बैठक दोपहर एक बजे सेवा तीर्थ में हुई। सरकार इस विधेयक को विशेष सत्र में पारित कराना चाहती है।



संसद के विशेष सत्र में कई विधेयकों पर चर्चा के आसार

संसद का विशेष सत्र 30 नवंबर को लोकसभा के फिर से शुरू होने के साथ शुरू होगा। राज्यसभा की बैठक 2 दिसंबर से होगी। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू के मुताबिक सरकारी कामकाज को लेकर आहूत ये सत्र 3 दिसंबर को समाप्त होने की उम्मीद है। इस सत्र में कई महत्वपूर्ण विधेयकों पर चर्चा होने की संभावना है। सरकार इन बदलावों को जल्द से जल्द लागू करना चाहती है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक पीएम नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट ने लोकसभा सीटों में 50 फीसदी वृद्धि के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बदली हुई संख्या 2051 तक लागू रहेगी। सरकार महिला आरक्षण विधेयक में बदलाव पर भी विचार कर रही है। लोकसभा सीटों को बढ़ाने का प्रस्ताव का मकसद राज्यों के प्रतिनिधित्व पर परिसीमन के प्रभाव को लेकर चिंताओं को दूर करना है। (शेष पृष्ठ 6 पर)

महिला आरक्षण विधेयक में होंगे यह बदलाव

केंद्र सरकार पहले के कानून में संशोधन पर विचार कर रही है। यह कानून लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी आरक्षण का प्रावधान करता है। प्रस्तावित बदलाव अप्रैल में 131वें संविधान संशोधन बिल, 2026 पारित न होने का बाद किए गए हैं। लोकसभा में दो तिहाई बहुमत न मिलने के कारण ये विधेयक पारित नहीं हो सका था। अप्रैल में पेश किए गए विधेयक में महिला आरक्षण के कार्यान्वयन को परिसीमन से जोड़ा गया था। इसमें लोकसभा की मौजूदा 543 सीटों को अधिकतम 850 तक बढ़ाने का प्रस्ताव था।

परिसीमन पर बीआरएस का सशर्त समर्थन

तेलंगाना की भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) ने परिसीमन प्रक्रिया का समर्थन करने के संकेत दिए हैं। पार्टी नेता रावुला श्रीधर ने कहा कि यदि केंद्र सरकार राज्यों के हितों और दक्षिण भारत की राजनीतिक हिस्सेदारी की रक्षा करती है, तो उनकी पार्टी परिसीमन का समर्थन करेगी। उन्होंने लोकसभा में दक्षिणी राज्यों की मौजूदा 24 प्रतिशत हिस्सेदारी बरकरार रखने पर जोर दिया। श्रीधर ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण में बेहतर प्रदर्शन करने वाले राज्यों को परिसीमन के नाम पर राजनीतिक नुकसान नहीं होना चाहिए। उन्होंने केंद्र से सभी राज्यों के हितों को ध्यान में रखकर फैसला लेने की अपील की।

वोट चोर-गद्दी छोड़ वीडियो पर झटका

नई दिल्ली/ जीएनएस न्यूज

सुप्रीम कोर्ट ने भारत समिट 2026 के दौरान इटली के नेता जियाकोमो फिलिबेक के वोट चोर, गद्दी छोड़ नारे से जुड़े सोशल मीडिया वीडियो हटाने की मांग वाली याचिका शुक्रवार को खारिज कर दी। याचिका में कार्यक्रम के आयोजन और उससे जुड़े घटनाक्रम की जांच कराने की मांग भी की गई थी।

याचिकाकर्ता का आरोप था कि यूरोपियन सोशलिस्ट पार्टी के महासचिव जियाकोमो फिलिबेक ने भारत की घरेलू राजनीति में हस्तक्षेप किया। उन्होंने हैदराबाद में आयोजित भारत समिट 2026 के दौरान भारतीय सरकार की आलोचना करते हुए यह नारा लगाया था। मामले की सुनवाई जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस अपरेश कुमार सिंह की पीठ ने की। पीठ ने याचिकाकर्ता से सवाल किया कि इस मामले में सीधे सुप्रीम कोर्ट का रुख क्यों किया गया। कोर्ट ने पूछा, आप शिकायत दर्ज करा सकते थे। अनुच्छेद 32 के तहत याचिका क्यों?

अभिव्यक्ति का असर

✡ इटली के नेता के नारे लगाने से जुड़े मामले की मांगी थी जांच



सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाने से इंकार, याचिका की खारिज

याचिकाकर्ता के वकील सैयद रिजवान अहमद ने कहा कि वे किसी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई नहीं चाहते, बल्कि यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि ऐसे कार्यक्रमों में विदेशी नागरिक इस तरह की टिप्पणियां न करें। (शेष पृष्ठ 6 पर)

भारत समिट कार्यक्रम से जुड़ा मामला

यह मामला हाल ही में संपन्न भारत समिट 2026 से जुड़ा है। याचिकाकर्ता ने आयोजन और उससे जुड़े घटनाक्रम की एसआईटी जांच के साथ ही तेलंगाना सरकार से घटना के लिए माफी मांगने और भविष्य में ऐसे कार्यक्रम आयोजित न करने का आश्वासन दिलाने की बात कही थी। इसके अलावा केंद्र सरकार के संबंधित मंत्रालयों को भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए कदम उठाने का निर्देश देने की मांग के साथ ही यह जांच कराने को भी कहा था कि विदेशी प्रतिनिधि के भारत में प्रवेश और ठहरने से जुड़ी शर्तों का पालन हुआ था या नहीं।

वोट चोर- गद्दी छोड़ नारे पर बवाल क्यों

वोट चोर, गद्दी छोड़ का अर्थ है कि वोट चोरी करने वाला सत्ता छोड़ दे। यह नारा भारत में विपक्षी दलों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ इस्तेमाल किया जाता है। इसके जरिए विपक्ष चुनाव प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं का आरोप लगाता है। याचिका में कहा गया था कि फिलिबेक के इस तरह के बयान से लोगों की धारणा प्रभावित हो सकती है और लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकार के प्रति असंतोष पैदा हो सकता है।

बंगाल में टीएमसी के बागी गुट को झटका, स्पीकर को आदेश

नेता विपक्ष का मामला

✡ हाईकोर्ट से ऋतब्रत की नियुक्ति रद्द, मुख्य सचेतक भी हटे

कोलकाता/ जीएनएस न्यूज

पश्चिम बंगाल में नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति को लेकर चल रही कानूनी लड़ाई में शुक्रवार को बड़ा फैसला आया। कलकत्ता हाईकोर्ट ने ऋतब्रत बनर्जी की नेता प्रतिपक्ष के पद पर नियुक्ति रद्द कर दी। हाईकोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष के फैसले को कानूनी रूप से टिकाऊ नहीं माना। इसके साथ ही विधायक अखरुज्जमान की मुख्य सचेतक के पद पर नियुक्ति भी रद्द कर दी गई। हाईकोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष को 10 दिन के भीतर नए सिरे से फैसला लेने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति कृष्ण राव ने शुक्रवार को यह फैसला सुनाया। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष के उस फैसले को रद्द कर दिया, जिसके तहत ऋतब्रत बनर्जी को पश्चिम बंगाल विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष के तौर पर मान्यता दी गई थी। (शेष पृष्ठ 6 पर)



यूपी में सपा-कांग्रेस में तल्खी का नया मंजर

सीट शेयरिंग का सवाल

✡ इमरान मसूद बोले- इनका नतीजा आप ही उठा लीजिए

लखनऊ/ जीएनएस न्यूज

कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने सपा-कांग्रेस गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर अपनी नाराजगी खुलकर जाहिर की है। उन्होंने कहा कि वह पार्टी की मजबूती और तरक्की के लिए अपनी जान भी कुर्बान कर सकते हैं, लेकिन अपनी पार्टी के हितों से समझौता नहीं करेंगे। मसूद ने आरोप लगाया कि उन्हें घेरकर विलेन साबित करने की कोशिश की जा रही है, जबकि वह सिर्फ कांग्रेस के लिए सीटों की मांग कर रहे हैं।

मैं अपनी जान भी कुर्बान कर दूं, 26 सीट आपने हमें दी, ये आपको मुबारक

उन्होंने सपा की ओर से दी गई 26 सीटों पर भी सवाल उठाते हुए कहाकि 26 सीट आपने हमें दी हैं, इनका नतीजा आप उठा लीजिए, ये जो आप हमें दे रहे हैं, हम इसका क्या करेंगे (शेष पृष्ठ 6 पर)

आपका भी योगदान, पर राहुल गांधी की वजह से मिलीं 37 सीटें



मसूद ने कहा कि राहुल गांधी की वजह से आप (सपा) 37 सीटें जीतने में कामयाब रहे। हम यह नहीं कह रहे कि आपका योगदान नहीं था, लेकिन हमारा भी योगदान था। हमने बड़ा दिल दिखाया, लेकिन क्या हर बार बड़ा दिल हमें ही दिखाना होगा? क्या आप थोड़ी उदारता नहीं दिखा सकते। (शेष पृष्ठ 6 पर)

इमरान मसूद के बयान पर सपा ने काटी कन्नी

उत्तर प्रदेश में 2027 के विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के बीच सीटों को लेकर चल रही खींचतान अब और चर्चा में आ गई है। कांग्रेस सांसद इमरान मसूद लगातार सपा के सीट बंटवारे के तरीके पर सवाल उठा रहे हैं। वहीं, अब सपा ने भी उनके बयानों पर प्रतिक्रिया देने से परहेज किया है। पार्टी प्रवक्ता फखरुल हसन चांद ने साफ कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बयान के बाद सपा इमरान मसूद की किसी बात पर टिप्पणी नहीं करना चाहती।

रामायण फिल्म से दिक्कत है तो अपनी फिल्म बना लीजिए

अस्वीकृति

✡ सुप्रीम कोर्ट का सिनेमा के खिलाफ याचिका पर तत्काल सुनवाई से इंकार

नई दिल्ली/ जीएनएस न्यूज

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को रणबीर कपूर और साई पल्लवी अभिनीत फिल्म रामायण के खिलाफ दाखिल याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि जिन्हें फिल्म में महाकाव्य (रामायण) को दिखाए जाने के तरीके से आपत्ति है, वे अपने-अपने हिसाब से खुद की फिल्म बना सकते हैं। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने कहा कि फिल्म पहले से सिनेमा घरों में चल रही है, ऐसे में इस पर तत्काल सुनवाई की जरूरत नहीं है।

पीठ ने यह टिप्पणी तब की, जब याचिकाकर्ता मनोज सिंह ठाकुर की ओर से पेश अधिवक्ता ने याचिका का उल्लेख करते हुए कहा कि याचिका 23 नवंबर को ही दर्ज कर ली गई थी, लेकिन अभी तक इसे सुनवाई के लिए सूचीबद्ध नहीं किया गया है। इसके बाद, सीजेआई सूर्यकांत ने कहा फिल्म पहले ही रिलीज हो चुकी है और सिनेमा घरों में चल रही है। जो लोग इसे देखना चाहते थे, वे इसे देख भी चुके हैं। इस पर याचिकाकर्ता (शेष पृष्ठ 6 पर)

संक्षेप

बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के दो साल पूरे, 12 करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंचा जागरूकता कार्यक्रम

नई दिल्ली। देश में बाल विवाह रोकने के लिए शुरू किए गए 'बाल विवाह मुक्त भारत' अभियान के दो साल पूरे हो गए हैं और इस दौरान जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए 12 करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंच बनाई गई तथा 42 लाख से ज्यादा लोगों ने बाल विवाह के खिलाफ संकल्प लिया। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां विज्ञान भवन में राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजित कर अभियान की दूसरी वर्षगांठ मनाई।

जितिन प्रसाद ने एसटीपीआई के 75वें केंद्र का किया उद्घाटन

बरेली। केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने यहां सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया (एसटीपीआई) के 75वें केंद्र का उद्घाटन किया है। श्री प्रसाद ने कहा है कि बरेली में एसटीपीआई केंद्र की स्थापना से बरेली के अलावा पीलीभीत, शाहजहांपुर और बदायूं के युवाओं को आईटी, स्टार्टअप, इन्क्यूबेशन, नवाचार और अनुसंधान के अवसर स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होंगे। इसके लिए उन्हें मुंबई, नोएडा और हैदराबाद जैसे बड़े शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा।

जैव विविधता संरक्षण के लिए 13.76 करोड़ वितरित

नई दिल्ली। राष्ट्रीय जैव विविधता प्राधिकरण ने औषधीय पौधों के व्यावसायिक उपयोग से प्राप्त लाभ-साझाकरण राशि के तहत 28 राज्यों और चार केंद्र शासित प्रदेशों को 13.76 करोड़ रुपये वितरित किये हैं। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि यह राशि आयुष उत्पाद बनाने वाली कंपनियों से 234 पादप प्रजातियों के व्यावसायिक उपयोग के बदले प्राप्त हुई है। इसमें गुग्गुल, अश्वगंधा, आंवला, भृंगराज और सर्पगंधा जैसे औषधीय पौधे शामिल हैं।

थोथा चना बाजे घना-मायावती

तंज के तीर

✡ सपा के जन-मन मेनिफेस्टो को बताया चुनावी छलावा

लखनऊ/ जीएनएस न्यूज



उत्तर प्रदेश में 2027 विधानसभा चुनाव से पहले समाजवादी पार्टी के 'जन-मन का मेनिफेस्टो' को लेकर सियासी घमासान शुरू हो गया है। बसपा प्रमुख मायावती ने सपा के इस प्रण-पत्र पर सवाल उठाते हुए इसे हवा-हवाई वादों का दस्तावेज बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा की नीतियां गरीबों, दलितों, पिछड़ों और मुस्लिमों के वास्तविक हितों के बजाय धनी लोगों को फायदा पहुंचाने वाली रही हैं। मायावती ने राज्यसभा चुनाव का उदाहरण देते हुए सपा पर निशाना साधा और जनता से उसके चुनावी वादों को लेकर सावधान रहने की अपील की। बसपा प्रमुख मायावती ने समाजवादी पार्टी के नए चुनावी प्रण-पत्र पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सपा ने जिस 'जन-मन का मेनिफेस्टो' को जारी किया है, वह उसके पीडीए की तरह ही हवा-हवाई है। यह 'थोथा चना बाजे घना' वाली कहावत को चरितार्थ करता है। मायावती ने आरोप लगाया कि सपा की राजनीति का रवैया गरीबों, दलितों, पिछड़ों और मुस्लिमों के वास्तविक हितों के खिलाफ रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी की नीतियों में इन वर्गों के कल्याण, सम्मान और सुरक्षा के बजाय जातिवाद और धनी लोगों के हितों को ज्यादा महत्व दिया गया है। मायावती ने उत्तर प्रदेश में हुए राज्यसभा के द्विवार्षिक चुनाव का भी जिक्र किया। उन्होंने आरोप लगाया कि सपा ने पीडीए को आगे बढ़ाने के बजाय एक बड़े धन्नासेठ को प्राथमिकता दी।

यूपीपीएससी-2025 का पूरा चयन चक्र बदलेगा

फरमान

✡ हाईकोर्ट के आदेश से फिर बनेगी मेरिट लिस्ट, दोबारा होगी मुख्य परीक्षा

प्रयागराज/ जीएनएस न्यूज

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग (यूपीपीएससी) को यूपीपीएससी-2025 प्रारंभिक परीक्षा के परिणाम नए सिरे से घोषित करने का निर्देश दिया है। न्यायालय ने आयोग को आरक्षण और योग्यता के आधार पर एक संशोधित मेरिट सूची तैयार करने का आदेश दिया है। न्यायालय ने यह भी कहा कि आरक्षित वर्ग के जिन उम्मीदवारों ने अनारक्षित वर्ग के अंतिम चयनित उम्मीदवार से अधिक अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें ओपन श्रेणी में शामिल किया जाए। न्यायालय ने आयोग से श्रेणीवार चयनित उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों का विवरण भी मांगा है। संशोधित मेरिट सूची के आधार पर अब मुख्य परीक्षा नए सिरे से आयोजित की जाएगी। नए मुख्य परीक्षा परिणामों के आधार पर उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। साक्षात्कार प्रक्रिया भी नए सिरे से संपन्न होगी। उम्मीदवारों के अधिवक्ता अभिषेक शुक्ला के अनुसार, प्रारंभिक परीक्षा दोबारा नहीं होगी। (शेष पृष्ठ 6 पर)

परिसीमन केंद्र की गलती

आपत्ति

✡ अखिलेश का दावा-यूपी चुनावों को प्रभावित करना है भाजपा का उद्देश्य

लखनऊ/ जीएनएस न्यूज



समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि प्रस्तावित परिसीमन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की 'सबसे बड़ी भूल' साबित होगी और दावा किया कि इस कवायद का उद्देश्य उत्तर प्रदेश के चुनावी नतीजों को प्रभावित करना है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की शुक्रवार को हुई बैठक में परिसीमन से जुड़े नये महिला आरक्षण विधेयक को संभवतः मंजूरी दे दी गई और इसे अगले सप्ताह से शुरू हो रहे संसद के विशेष सत्र में पेश किए जाने की संभावना है।

सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की विशेष बैठक में इस विधेयक को मंजूरी के लिए पेश किया गया। माना जा रहा है कि मंत्रिमंडल ने कुछ संशोधनों के साथ इसे मंजूरी दे दी। इन संशोधनों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि परिसीमन के बाद लोकसभा में किसी भी राज्य की हिस्सेदारी अन्य राज्यों की तुलना में कम न हो। यादव ने एक संवाददाता सम्मेलन में कहा, ह्यपरिसीमन भाजपा की सबसे बड़ी भूल होगी। अखिलेश यादव ने आरोप लगाया, 'जब उन्हें लगा कि उत्तर प्रदेश के चुनाव उनके हाथ से निकल रहे हैं, और चंदा चोरी तथा श्रद्धालुओं के चढ़ावे की चोरी के विवाद के बाद, उन्होंने केवल उत्तर प्रदेश चुनाव जीतने और पूरे देश को गुमराह करने के लिए परिसीमन लाने की शुरूआत कर दी।'

परिसीमन-नारी शक्ति वंदन विधेयक पास कराने में रोड़े

विशेष सत्र

✡ लोकसभा-राज्यसभा में संख्याबल प्रबंधन में जुटे रणनीतिकार



विशेष प्रतिनिधि/ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने 30 नवंबर को लोकसभा और 2 दिसंबर से राज्यसभा का सत्र बुलाया है। ये सत्र 3 दिसंबर तक चलेगा। दावा किया जा रहा है कि सरकार इस दौरान परिसीमन और इससे जुड़े महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराने की तैयारी में है। दरअसल, सरकार ने अब तक संसद में सिर्फ 'अहम कार्य' को लेकर ही सत्र बुलाए जाने की जानकारी दी है। इसी बीच केंद्रीय कैबिनेट की शुक्रवार को बैठक हुई। अगर परिसीमन और महिला आरक्षण विधेयक दोनों को लोकसभा और राज्यसभा में लाया जाता है तो इन्हें पारित कराने के लिए सरकार को संसद में दो-तिहाई बहुमत की जरूरत होगी, क्योंकि राज्यों में चुने हुए प्रतिनिधियों की संख्या बढ़ाने के लिए परिसीमन कराया जाना जरूरी है, जिसके लिए संविधान संशोधन विधेयक की जरूरत होगी। इसी तरह महिला आरक्षण विधेयक के जरिए संसद में महिलाओं की संख्या 33 फीसदी करने के लिए भी सरकार को दूसरा संविधान संशोधन विधेयक लाना होगा। यानी दोनों ही विधेयकों को पारित कराने के लिए सरकार को लोकसभा और फिर राज्यसभा में दो-तिहाई सांसदों के समर्थन की जरूरत पड़ेगी। संविधान संशोधन विधेयक को पारित करने की प्रक्रिया और नियम संविधान के अनुच्छेद 368 के तहत परिभाषित है। महिला आरक्षण और सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए लाए जा रहे विधेयकों के लिए संविधान में बदलाव की जरूरत होगी। इसके लिए कुछ विशेष नियम हैं। किसी भी संविधान संशोधन विधेयक (जैसे- संविधान 131वां संशोधन विधेयक) को संसद के दोनों (शेष पृष्ठ 6 पर)

देश के आधे राज्यों की सहमति

यदि कोई संविधान संशोधन देश के संघीय ढांचे, शक्तियों के बंटवारे, या संसद में राज्यों के प्रतिनिधित्व को बदलता है, तो संसद के विशेष बहुमत के साथ-साथ देश के कम से कम आधे राज्यों की विधानसभाओं की तरफ से भी इसे साधारण बहुमत से पारित किया जाना आवश्यक होता है। हालांकि, हर संविधान संशोधन में यह जरूरी नहीं है। आधे राज्यों की सहमति सिर्फ संविधान के मूलभूत ढांचे में बदलाव की स्थिति में लागू होती है।

संख्याबल की बिसात पर शह-मात का खेल

संविधान संशोधन विधेयक होने की वजह से महिला आरक्षण विधेयक और परिसीमन विधेयक को कानून बनाने के लिए पहले चरण में इसे संसद में पारित कराना होगा। शर्त यह है कि मतदान के लिए सदन के 543 कुल सदस्यों में से कम से कम सदन के 50 फीसदी सदस्य (272) मौजूद होने ही चाहिए। साथ ही इसे पारित कराने के लिए विशेष बहुमत यानी सदन में मौजूद सदस्यों का दो-तिहाई सदस्यों के समर्थन की जरूरत होगी। यानी करीब 362 सांसदों (शेष पृष्ठ 6 पर)

विपक्ष के लिए विधेयकों को रोकने का मौका सीमित

दूसरी तरफ विपक्षी गठबंधन में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी है, जिसके पास 98 सीटें हैं। दूसरी तरफ समाजवादी पार्टी के पास 37 सीट हैं। इसके अलावा राकांपा (एससीपी) समेत गठबंधन की बाकी पार्टियों के पास 10 से कम सीटें हैं। इन दलों से इतर इंडिया गठबंधन का साथ छोड़ चुकी द्रमुक के पास 22 सीटें हैं। 250 सदस्यों वाली राज्यसभा में संविधान संशोधन विधेयक पारित कराने के लिए जादुई आंकड़ा 167 का होगा। हालांकि, राज्यसभा में फिलहाल 244 सदस्य हैं।

ऐसे भी हो सकता है खेल

लोकसभा और राज्यसभा में परिसीमन से जुड़े संविधान संशोधन विधेयक का पूरा गणित मुख्य रूप से सांसदों की मौजूदगी, मतदान के बहिष्कार (वॉकआउट), बागी सांसदों की स्थिति और क्षेत्रीय दलों के रुख पर टिका है। अगर विपक्षी सांसद मतदान में हिस्सा न लेकर वॉकआउट करते हैं या अनुपस्थित रहते हैं, तो सदन में उपस्थित सदस्यों की कुल संख्या घट जाती है, जिससे जरूरी दो-तिहाई का जादुई आंकड़ा भी नीचे आ जाएगा। अगर द्रमुक (22 सांसद) (शेष पृष्ठ 6 पर)

कांग्रेस परिसीमन बिल के खिलाफ

नई दिल्ली/ जीएनएस न्यूज

फैसला

✡ संसदीय दल की मीटिंग में फैसला, बैठक में स्टालिन-शरद गुट को भी बुलाएंगे



संसद सत्र से पहले कांग्रेस संसदीय दल की चेयरपर्सन सोनिया गांधी के आवास पर सांसदों की मीटिंग हुई। इस मीटिंग में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, उत्तर प्रदेश प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम मौजूद रहे। कांग्रेस की मीटिंग में 30 नंवबर से शुरू हो रहे सत्र की तैयारी पर चर्चा हुई। परिसीमन और लोकसभा की 50% सीटें बढ़ाने को लेकर पर कांग्रेस का अपना रुख तय किया गया। कांग्रेस के साथ ही शिवसेना ने भी संसद सत्र को लेकर सांसदों के लिए व्हिप जारी किया है। मीटिंग के बाद गौरव गोगोई ने कहा- सरकार परिसीमन विधेयक वापस लाने की कोशिश कर रही है। शनिवार सुबह 11.30 बजे मल्लिकार्जुन खड़गे के नेतृत्व में अन्य दलों के साथ भी बैठक होगी। इसमें स्टालिन और शरद गुट को भी बुलाया जाएगा। हालांकि शरद की एनसीपी ने बिल का समर्थन देने का ऐलान किया है। गोगोई ने कहा-पहले एसआईआर के जरिए मोदी-शाह चुनते थे कि कौन वोट देगा और कौन नहीं, लेकिन अब परिसीमन से यह तय करेंगे कि कौन कहां वोट देगा और कहां नहीं? मोदी-शाह ने चुनाव आयोग को अपनी कठपुतली बना रखा है, ऐसे में ये परिसीमन (शेष पृष्ठ 6 पर)

भारत एकता टाइम्स

नाम जुड़वाने का मौका, आज और कल बूथों पर मिलेंगे बीएलओ

सुबह 10 से शाम चार बजे तक चलेगा विशेष अभियान, युवाओं और महिलाओं के पंजीकरण पर रहेगा जोर

भारत एकता टाइम्स/ चंदौली

मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने और त्रुटियों में सुधार कराने के लिए शनिवार और रविवार को जिले के सभी मतदान केंद्रों पर विशेष अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) सुबह 10 से शाम चार बजे तक मौजूद रहेंगे। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने पात्र नागरिकों से अभियान का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2027 के तहत 17 नवंबर से 16 दिसंबर तक दावे और आपत्तियां प्राप्त की जा रही हैं। अभियान के दौरान मतदान केंद्रों पर मतदाता सूची



उपलब्ध रहेगी। नागरिक सूची में अपना नाम और विवरण जांच सकेंगे। नए मतदाता बनने के लिए फार्म-6, नाम हटाने के लिए फार्म-7 और नाम-पते में संशोधन अथवा निवास परिवर्तन के लिए फार्म-8 भर सकते हैं। डीएम ने बताया कि 18 से 19 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं, महिलाओं और अब तक मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने से वंचित पात्र नागरिकों के पंजीकरण पर विशेष जोर रहेगा। प्रत्येक मतदान केंद्र पर हेल्प डेस्क भी स्थापित की जाएगी। मतदाता सूची से संबंधित जानकारी और सहायता के लिए जिला संपर्क केंद्र के टोल फ्री नंबर 05412-1950 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा वोटर हेल्पलाइन एप और सिटिजन सर्विस पोर्टल पर 'बुक ए कॉल विद बीएलओ' सुविधा भी उपलब्ध है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने नागरिकों से अपने बूथ पर पहुंचकर नाम की जांच करने और पात्र लोगों को जागरूक करने की अपील की है।

ईवीएम डेमो सेंटर पर 110 लोगों ने समझी मतदान प्रक्रिया

चंदौली। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम डेमोन्स्ट्रेशन सेंटर पर शुक्रवार को 110 आम नागरिकों एवं मीडियाकर्मियों ने ईवीएम और वीवीपैट की कार्यप्रणाली की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स ने मशीनों के संचालन, संयोजन, सिंबल लोडिंग और मतगणना प्रक्रिया की जानकारी दी। जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शैलेष कुमार ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, युवाओं और आम नागरिकों से केंद्र पर पहुंचकर ईवीएम की कार्यप्रणाली समझने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य मतदान प्रक्रिया के प्रति जागरूकता बढ़ाना और मतदाताओं की शंकाओं का समाधान करना है।

अब मनमाने ढंग से कम रेट डालकर टेंडर हथियाना ठेकेदारों को पड़ेगा भारी

शिकंजा

पांच करोड़ से अधिक के टेंडर में कम दर डालने पर देनी होगी अतिरिक्त सिक्योरिटी

- 15 प्रतिशत से अधिक कम दर पर निविदा डालने वालों के पुराने कार्यों की होगी गुणवत्ता जांच

भारत एकता टाइम्स/ चंदौली

सरकारी निर्माण कार्यों में टेंडर हासिल करने के लिए मनमाने ढंग से कम दरें डालने और बाद में गुणवत्ता से समझौता करने वाले ठेकेदारों पर अब शिकंजा कसने की तैयारी है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में निर्माण कार्यों की निविदा प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और जवाबदेह बनाने के लिए शासन ने नई व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत निर्धारित लागत से 15 प्रतिशत से अधिक कम दर पर टेंडर डालने वाले ठेकेदारों के पूर्व में कराए गए



निर्माण कार्यों की गुणवत्ता जांच कराई जाएगी। गड़बड़ी मिलने पर संबंधित ठेकेदार को दो वर्ष के लिए डिबार करने तक की कार्रवाई की जा सकेगी। प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग अजय चौहान की ओर से मई 2026 को जारी शासनादेश में स्पष्ट किया गया है कि निर्माण कार्यों में अत्यधिक कम दर पर निविदा डालकर काम हासिल करने की प्रवृत्ति पर अंकुश लगाया जाए। शासन का मानना है कि कम दर पर कार्य लेने के बाद कई बार निर्माण की गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका रहती है। ऐसे में निविदा की दर के साथ ठेकेदार की कार्यक्षमता और पूर्व के कार्यों की गुणवत्ता को भी महत्व दिया जाएगा। शासनादेश के मुताबिक पांच करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली निविदाओं में कम दर पर टेंडर डालने वाले ठेकेदारों के लिए अतिरिक्त परफॉर्मेंस सिक्योरिटी जमा करने का प्रावधान किया गया है। 10 प्रतिशत तक कम दर पर अतिरिक्त सिक्योरिटी नहीं देनी होगी। 10 से 15 प्रतिशत तक कम दर होने पर निविदा की आगणित लागत और ठेकेदार की दर के अंतर का 50 प्रतिशत, 15 से 20 प्रतिशत तक कम दर पर 100 प्रतिशत तथा 20 प्रतिशत से अधिक कम दर पर अंतर का 150 प्रतिशत अतिरिक्त परफॉर्मेंस सिक्योरिटी जमा करनी होगी। नई व्यवस्था में 15 प्रतिशत से अधिक कम दर पर निविदा डालने वाले ठेकेदारों के चयन से पहले उनके पूर्व में कराए गए निर्माण कार्यों की गुणवत्ता की जांच कराई जाएगी। लोक निर्माण विभाग के कार्यों की जांच संबंधित क्षेत्रीय मुख्य अभियंता और नामित अधीक्षण अभियंता अथवा अधिशासी अभियंता के माध्यम से कराई जाएगी। यदि निर्माण कार्य में खराब गुणवत्ता सामने आती है तो ठेकेदार को कारण बताओ नोटिस जारी किया जाएगा। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर दो वर्ष के लिए डिबार करने की कार्रवाई की जा सकेगी। शासन ने ठेकेदारों की ओर से अन्य विभागों में चल रहे निर्माण कार्यों की जानकारी छिपाने पर भी सख्ती दिखाई है। पांच करोड़ रुपये से अधिक लागत वाले निर्माण कार्यों में तकनीकी बिड खुलने की तिथि से दो वर्ष पूर्व तक पूर्ण किए गए कार्यों की जानकारी और गुणवत्ता संबंधी प्रमाणपत्र निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। गलत जानकारी देने अथवा कार्य छिपाने की पुष्टि होने पर ठेकेदार को दो वर्ष के लिए डिबार करने के साथ अनुबंध निरस्त करने और अतिरिक्त परफॉर्मेंस सिक्योरिटी जब्त करने की कार्रवाई की जा सकेगी।

मासूम को दवा दिलाने जा रहे दो दोस्तों को स्कार्पियो ने कुचला, मौत

चंदौली। जिले के सकलडीहा कोतवाली क्षेत्र के गौसपुर गांव के पास शुक्रवार दोपहर सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। दोनों युवक डेढ़ साल के मासूम बच्चे को दवा दिलाने के लिए अस्पताल जा रहे थे। इसी दौरान पहले एक पिकअप ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। दोनों सड़क पर गिर पड़े। तभी पीछे से तेज रफ्तार में आ रही स्कार्पियो दोनों को रौंदते हुए निकल गई। हादसे में दोनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक पर सवार मासूम बच्चा सुरक्षित बच गया। जानकारी के अनुसार, जिला मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर दूर सकलडीहा कोतवाली क्षेत्र के गौसपुर गांव के पास शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे हादसा हुआ। मृतकों की पहचान खोर गांव निवासी अजित गुप्ता (34) पुत्र मिठाई लाल गुप्ता और दीपक विश्वकर्मा (28) पुत्र बब्बन विश्वकर्मा के रूप में हुई है। बताया गया कि अजित अपने डेढ़ साल के बेटे को दवा दिलाने के लिए मित्र दीपक के साथ बाइक से कमालपुर जा रहे थे। उनकी बाइक का नंबर यूपी 67 एएस 0551 था। जैसे ही वे गौसपुर के पास पहुंचे, सामने से आए एक पिकअप ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी।

भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा चंदौली के जिला अध्यक्ष बने उरूज हैदर

भारत एकता टाइम्स/ चंदौली



भारतीय जनता पार्टी के प्रति लंबे समय से समर्पित एस.के उरूज हैदर को भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा चंदौली में दूसरी बार जिला अध्यक्ष महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसे पूर्व बूथ अध्यक्ष से शुरूवात 2010 से जिला महामंत्री अल्पसंख्यक मोर्चा चंदौली ज़िला अध्यक्ष पुनः एक बार फिर जिला अध्यक्ष बना के पार्टी भरोसा जताया है। उरूज हैदर वर्ष 2011 से भाजपा से जुड़ कर संगठन मै सक्रिय भूमिका निभा रहे है। पार्टी के पार्टी उनकी निरंतर सक्रियता और संगठन के अनुभव को देखते हुवे उन्हें दोबारा जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा चंदौली की ज़िम्मेदारी मिली है। नई ज़िम्मेदारी मिलने पे उरूज हैदर ने पार्टी के वरिष्ठ नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुवे कहा कि वे पार्टी की विचारधारा और संघठन को मजबूत करने के लिए निरंतर कार्य करते रहेगे।

धान खरीद शुरू, डीएम ने किया शुभारंभ

- जिले में बनाए गए हैं 147 क्रय केंद्र, किसानों से बिचौलियों से दूर रहने की अपील

भारत एकता टाइम्स/ चंदौली

खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 के तहत जिले में न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर धान खरीद की शुरूआत हो गई।



शुक्रवार को जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने नवीन मंडी स्थित धान क्रय केंद्र पर किसान के साथ फीता काटकर खरीद का शुभारंभ किया। इसके बाद उन्होंने क्रय केंद्र का निरीक्षण कर खरीद व्यवस्था का जायजा लिया और किसानों से बातचीत कर उनकी समस्याएं जानीं। डीएम ने बताया कि जिले में धान खरीद के लिए कुल 147 क्रय केंद्र अनुमोदित किए गए हैं। शासन ने इस वर्ष धान का समर्थन मूल्य 2441 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। इसके अतिरिक्त किसानों को सफाई और छनाई मद में 20 रुपये प्रति क्विंटल की धनराशि भी दी जाएगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे खाद्य एवं रसद विभाग के पोर्टल पर पंजीयन कराकर निर्धारित मानकों के अनुरूप धान सरकारी क्रय केंद्रों पर ही बेचें। फार्मर रजिस्ट्री के आधार पर भी धान बिक्री की सुविधा उपलब्ध है। किसानों को बिक्री के समय पंजीयन प्रपत्र और जरूरी अभिलेख साथ लाने होंगे। जिलाधिकारी ने क्रय केंद्र प्रभारियों को किसानों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करने, पेयजल और छाया की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चेतावनी दी कि खरीद में लापरवाही या अनियमितता मिलने पर संबंधित कर्मियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान जिला खाद्य विपणन अधिकारी राघवेंद्र सिंह सहित किसान मौजूद रहे।

तहसीलदार ने खाद वितरण केंद्रों का किया निरीक्षण



चकिया, चंदौली। किसानों को खाद की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए शुक्रवार को तहसीलदार चकिया देवेंद्र कुमार ने विभिन्न खाद समितियों का निरीक्षण किया। इस दौरान समितियों पर डीएपी और यूरिया की पर्याप्त उपलब्धता मिली। किसानों को टोकन व्यवस्था के तहत खाद का वितरण किया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार ने केंद्र प्रभारियों को निर्देश दिया कि किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुसार डीएपी और यूरिया उपलब्ध कराई जाए। खाद वितरण में किसी भी किसान को अनावश्यक परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और सुचारु बनाए रखने पर भी जोर दिया। तहसीलदार ने किसान भाइयों से अपील की कि वे टोकन व्यवस्था के अनुसार निर्धारित नंबर आने पर ही खाद समिति पर पहुंचे और खाद का उठान करें। अनावश्यक रूप से केंद्रों पर भीड़ न लगाएं। उन्होंने कहा कि समितियों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध है। ऐसे में किसानों को परेशान होने या जल्दबाजी करने की आवश्यकता नहीं है।

विश्व हिंदू महासंघ भारत के सोनभद्र जिला प्रभारी बने राजकुमार उर्फ टप्पू यादव



सोनभद्र। विश्व हिंदू महासंघ भारत ने संगठन के विस्तार एवं गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से सोनभद्र जिले में नई जिम्मेदारी सौंपी है। संगठन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की स्वीकृति के उपरांत सलखन निवासी राजकुमार उर्फ टप्पू यादव को जिला प्रभारी सोनभद्र मनोनीत किया गया है। इस संबंध में संगठन की ओर से 25 नवंबर 2026 को नियुक्ति पत्र जारी किया गया। राजकुमार उर्फ टप्पू यादव लंबे समय से जनसेवा के कार्यों में सक्रिय रहे हैं। उनके द्वारा पूर्व में भी जनहित से जुड़े तमाम कार्य किए गए हैं। आमजन की समस्याओं को लेकर उनकी सक्रियता और सामाजिक कार्यों में भागीदारी के चलते क्षेत्र में उनकी पहचान एक सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में रही है। अब संगठन ने उन्हें जिला प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपकर संगठनात्मक दायित्व दिया है। नियुक्ति पत्र में उनसे अपेक्षा की गई है कि वह अपने पद की गरिमा बनाए रखते हुए तन-मन से संगठन के माध्यम से हिंदुत्व के विस्तार के लिए कार्य करेंगे। साथ ही उन्हें यथाशीघ्र जिला कार्यकारिणी का गठन कर संगठन को सुचारु रूप से संचालित करने का निर्देश दिया गया है। राजकुमार यादव को नई जिम्मेदारी मिलने पर उनके शुभचिंतकों और समर्थकों में उत्साह है।

तीन तस्कर गिरफ्तार, गांजा व हेरोइन बरामद

भारत एकता टाइम्स/ सोनभद्र



सदर कोतवाली पुलिस ने एसओजी टीम के साथ 25 किलो गांजा और छह ग्राम हेरोइन के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, बरामद गांजा और हेरोइन समेत दो कारों की अनुमानित कीमत 32 लाख रूपए बतायी जा रही है। मादक पदार्थों की तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के द्वारा जनपद में अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में सदर कोतवाली पुलिस ने एसओजी टीम के साथ क्षेत्र के सहिजन शराब भट्टी के सामने से चेकिंग के दौरान कार सवार तीन व्यक्तियों को हिरासत में लिया। बाद कार की तलाशी में पुलिस टीम ने 25 बंडलों में 25 किलोग्राम गांजा और 06 ग्राम हेरोइन बरामद किया। पुलिस ने तीनों तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से हेरोइन की खरीद-बिक्री से शेष बची 24,200 रूपए नकद बरामद करने का दावा किया है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार तस्करों की पहचान मो. उमर उर्फ बब्लु खान पुत्र नूर मोहम्मद निवासी बहुअरा (हिन्दुआरी), अंशू गिरी उर्फ गोलू पुत्र सुमन्त गिरी निवासी परसिया (रामगढ़) थाना पन्नूगंज, पुष्पराज यादव उर्फ श्याम पुत्र बाबूलाल निवासी जैत के रूप में की गई है। गिरफ्तार अभियुक्तों से पूछताछ एवं प्रारंभिक विवेचना के दौरान पुलिस को मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त एवं तस्करी से जुड़े अन्य व्यक्तियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुई हैं। उक्त व्यक्तियों की भूमिका, मादक पदार्थों के श्रोत एवं तस्करी के नेटवर्क के संबंध में गहनता से जांच एवं विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित है।

संक्षिप्त समाचार

छह माह से बन रही हाईमास्ट लाइट, व्यापारी नाखूश



बीजपुर, सोनभद्र। स्थानीय बाजार स्थित श्रीराम चैक पर लगाई गई हाईमास्ट लाइट पिछले छह महीने से नदारद होने से पूरे क्षेत्र में अंधेरा पसरा हुआ है। मरम्मत के नाम पर उतारी गई लाइट के अब तक वापस न लगने से स्थानीय व्यवसायियों और राहगीरों में भारी रोष व्याप्त है। जानकारी के अनुसार करीब तीन वर्ष पूर्व ब्लॉक प्रमुख मान सिंह गौड़ ने स्थानीय व्यवसायियों की सुविधा और बाजार की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए श्रीराम चैक पर हाईमास्ट लाइट लगवाई थी। लाइट लगने के बाद शाम होते ही पूरा बाजार क्षेत्र दूधिया रोशनी से जगमगा उठता था, जिससे देर रात तक ग्राहकों की आवाजाही सुगम बनी रहती थी और व्यापारियों में भी सुरक्षा का भाव था। व्यवसायियों ने बताया कि करीब छह महीने पहले तकनीकी खराबी के कारण यह हाईमास्ट लाइट बंद हो गई थी। इस संबंध में जब स्थानीय व्यापारियों ने ब्लॉक प्रमुख से शिकायत की तो संबंधित कर्मचारियों द्वारा लाइट को मरम्मत कराने के उद्देश्य से पोल से उतार लिया गया, लेकिन विडंबना यह है कि छह माह का लंबा समय बीत जाने के बावजूद आज तक न तो वह लाइट ठीक होकर वापस लगी और न ही कोई वैकल्पिक व्यवस्था की गई। लाइट न होने के कारण शाम ढलते ही श्रीराम चैक और आसपास के बाजार में घना अंधेरा छा जाता है। अंधेरे का फायदा उठाकर चोरी या किसी अप्रिय घटना की आशंका से व्यापारी सहमे हुए हैं। रात के समय राहगीरों को भी आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय व्यवसायियों ने जनप्रतिनिधियों और प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जल्द से जल्द हाईमास्ट लाइट को दुरुस्त कराकर पुनः लगवाने की मांग की है। इस बाबत ब्लाक प्रमुख मान सिंह गौड़ ने बताया कि लाइट खराब होने के बाद रिपेयर कराने के लिए भेजी गयी थी लेकिन लाइट रिपेयर नही हो पायी। जल्द ही नई लाइट लगवाई जाएगी।

बाइक की चेचिस नंबर से बाइक सवार व्यक्ति की शिनाख्त

सोनभद्र। सदर कोतवाली अंतर्गत सुकृत पुलिस चैकी क्षेत्र के लोहरा पावर हाउस के समीप हाइवे पर गत वृहस्पतिवार को हुए हादसे की जद में आकर अपनी जान गवांने वाले बाइक सवार व्यक्ति की पुलिस ने शिनाख्त कर लिया है। पुलिस के अनुसार, मृतक व्यक्ति की बाइक के चेचिस नंबर के आधार पर शव की शिनाख्त सिंगरौली के बैढ़न थाना अंतर्गत खजूरी निवासी पप्पू दुबे उम्र 33 वर्ष पुत्र पंच बहादुर दुबे के रूप में की गई है। बतादें कि गत वृहस्पतिवार को सुकृत के लोहरा पावर हाउस के समीप हाइवे पर दो ट्रकों की भिड़ंत के बाद आग लग गई थी। इस हादसे में बाइक सवार अज्ञात व्यक्ति भी मौत हो गई थी। पुलिस ने घटना स्थल से बाइक सवार समेत दो लोगों के शव को कब्जे में अंत्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजवाया था। हालांकि तत्काल में बाइक सवार व्यक्ति की शिनाख्त नहीं हो सकी थी। पुलिस ने बाइक सवार की बाइक के चेचिच नंबर के आधार पर उसकी शिनाख्त बैढ़न के खजूरी गांव निवासी पप्पू दूबे के रूप में की है। सीओ रणधीर मिश्रा ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को दाह संस्कार के लिए सौंप दिया गया है।

मतदाता जोड़ो अभियान के तहत आयोजित सहकारिता गोष्ठी

सोनभद्र। शुक्रवार को सदर ब्लॉक सभागार में मतदाता जोड़ो अभियान के तहत सहकारिता गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में तहसील सदर के सहकारिता विभाग की पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संचालक एवं सहकारी किसान प्रतिभाग किए। मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन जगदीश सिंह पटेल के साथ ही बलदेव सिंह, संतोष सिंह उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि सहकारिता विभाग के सभी समितियों में सरकार द्वारा नियुक्तिकरण, बैंक एवं समिति में कार्यरत कर्मियों को पूर्ण करने के लिए सहकारिता विभाग के माध्यम से नियुक्ति की गयी है। सभी जिले में समिति भवन बने हैं एवं समितियों का कार्य व समिति कर्मचारियों को वेतन की व्यवस्था की गयी है। साथ ही सभी पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं संचालक सदस्यों से 100-100 मतदाता जोड़ने का लक्ष्य दिया गया। इस मौके पर विनोद कुमार मिश्रा, शशिभूषण सिंह, राम सिंह, राजेश कुमार, निशा देवी, रामाशंकर, रामनाथ, रामनिवास सहित समितियों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, संचालक उपस्थित रहे।

जागरूकता रथ को अधिकारियों ने दिखाई हरी झंडी



चंदौली। बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने और बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार को बाल विवाह उन्मूलन दिवस पर जिले में जागरूकता साइकिल रैली एवं जागरूकता रथ का आयोजन किया गया। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत कवच परियोजना के अंतर्गत मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान तथा महिला कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पूर्णकालिक सचिव निकिता गौंड, अपर पुलिस अधीक्षक एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी ने जागरूकता रथ और साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साइकिल रैली जिला प्रोबेशन कार्यालय से शुरू होकर सखी वन स्टॉप सेंटर पहुंची। जागरूकता रथ के माध्यम से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में बाल विवाह की रोकथाम, बालिकाओं की उच्च शिक्षा तथा बाल विवाह की सूचना देने की प्रक्रिया के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। रैली के समापन पर सखी वन स्टॉप सेंटर में अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रतिभागियों ने बाल विवाह मुक्त भारत के निर्माण की सामूहिक शपथ ली। सभी ने बाल विवाह न करने, न होने देने और समाज में इसके खिलाफ जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया। जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार ने कहा कि बाल विवाह बालिकाओं के भविष्य और उनके विकास में बाधक है। इस दौरान कवच परियोजना के तहत मानव संसाधन एवं महिला विकास संस्थान की ओर से तैयार दो जागरूकता पोस्टरों का जिला स्तर पर शुभारंभ भी किया गया।

कृषि यंत्रों पर अनुदान के लिए ऑनलाइन बुकिंग शुरू

चंदौली। किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों से जोड़ने और खेती की लागत कम करने के उद्देश्य से कृषि विभाग ने विभिन्न कृषि यंत्रीकरण योजनाओं के तहत अनुदान के लिए ऑनलाइन बुकिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक किसान पांच दिसंबर तक कृषि विभाग के पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। उप कृषि निदेशक भीमसेन ने जनपद के पंजीकृत किसानों से निर्धारित समय सीमा के भीतर ऑनलाइन बुकिंग कराने की अपील की है। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग के आधिकारिक पोर्टल पर 26 नवंबर से ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो चुकी है। किसान घर बैठे अथवा नजदीकी जनसेवा केंद्र के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। योजना के तहत रोटावेटर, चैप कटर, मल्टी क्रॉप थ्रेशर, लेजर लैंड लेवलर, स्ट्रॉ रीपर, मिनी राइस मिल, मिनी दाल मिल, हैरो, कल्टीवेटर, कंबाइन हार्वेस्टर, ऑयल मिल विद फिल्टर प्रेस, मिनी ऑयल मिल, कस्टम हायरिंग सेंटर और किसान ड्रोन सहित विभिन्न कृषि यंत्रों पर अनुदान दिया जाएगा उप कृषि निदेशक ने बताया कि ऑनलाइन बुकिंग के दौरान निर्धारित जमानत राशि जमा करना अनिवार्य होगा। एक लाख रुपये तक अनुदान वाले कृषि यंत्रों के लिए 2500 रुपये और एक लाख रुपये से अधिक अनुदान वाले यंत्रों के लिए 5000 रुपये टोकन मनी निर्धारित की गई है।

ट्रक ने एंबुलेंस में मारी टक्कर, मरीज समेत आठ घायल

चंदौली। नेशनल हाईवे पर शुक्रवार को भिखारीपुर गांव के पास तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से एंबुलेंस में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एंबुलेंस सवार मरीज और उसके परिजनों समेत आठ लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस से घायलों को बाहर निकाला। इसके बाद दूसरी एंबुलेंस की मदद से सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां उनका उपचार चल रहा है। जानकारी के अनुसार, बिहार के कैमूर जिले के मुंडेश्वरी धाम क्षेत्र के सरैया गांव निवासी सूर्यकांत (45) की तबीयत खराब थी। परिजन उन्हें इलाज के लिए एंबुलेंस से वाराणसी ले जा रहे थे। एंबुलेंस में चालक के अलावा सूर्यकांत के छह तीमारदार सवार थे। इसी दौरान सदर कोतवाली क्षेत्र के भिखारीपुर गांव के पास पीछे से आ रहे ट्रक ने एंबुलेंस को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही एंबुलेंस में सवार लोगों में चीख-पुकार मच गई। हादसे के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और एंबुलेंस में फंसे घायलों को बाहर निकाला। इसके बाद दूसरी एंबुलेंस से सभी को जिला अस्पताल पहुंचाया गया।

नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाला शातिर अपराधी गिरफ्तार



सोनभद्र। नौकरी दिलाने का झांसा देकर लोगों से ठगी करने के आरोप में एक व्यक्ति को रायपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, आरोपित व्यक्ति भोली-भाली जनता से अब तक करीब 55 लाख रूपए की धोखाधड़ी कर चुका है। रायपुर थाना क्षेत्र के सिरवनीयां गांव निवासी दयानंद शर्मा ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अवगत कराया था कि रायपुर निवासी मनोज कुमार पांडेय पुत्र विरेन्द्र बहादुर पांडेय ने अपने सहयोगियों से मिलकर उन्हें भारतीय खाद्य निगम में नौकरी दिलाने का झांसा दिया। इसके एवज में उससे 10 लाख रुपए की मांग की गई। नौकरी पाने की लालच में वह अलग-अलग किस्तों में नकद एवं बैंक खाते के माध्यम से 8 लाख 14 हजार रुपए दिया। बाद आरोपियों ने उसे फर्जी एडमिट कार्ड एवं नियुक्ति पत्र थमा दिया। दस्तावेज फर्जी होने का संदेह होने पर जब वह शेष 2 लाख रुपए देने से मना किया और पूर्व में उसके द्वारा दी गई रकम वापस करने की मांग की गई तो आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी। इस तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया था। इसी क्रम में पुलिस ने जांच के बाद आरोपी मनोज कुमार पांडेय को धर दबोचा। पुलिस के अनुसार, आरोपी मनोज कुमार पांडेय का आपराधिक इतिहास है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार वैरसिया, उप निरीक्षक उमाशंकर गिरि, हेड कांस्टेबल शशिकान्त यादव, धर्मेन्द्र कुमार, राजीव कुमार, संजय कुमार, अंश राजपूत, आसुतोष आदि पुलिस कर्मी शामिल रहे।

विभिन्न मांगों को लेकर ग्राम रोजगार सेवकों ने कलेक्ट्रेट में किया प्रदर्शन

भारत एकता टाइम्स/ सोनभद्र



लंबित मांगों को लेकर शुक्रवार को ग्राम रोजगार सेवकों का आक्रोश कलेक्ट्रेट परिसर में देखने को मिला। ग्राम रोजगार सेवक संघर्ष मोर्चा के बैनर तले जिले के विभिन्न विकास खंडों से पहुंचे सैकड़ों ग्राम रोजगार सेवकों ने कार्य बहिष्कार कर जुलूस निकाला और प्रदर्शन के बाद जिलाधिकारी को चार सूत्रीय मांगपत्र सौंपा। प्रदर्शनकारियों ने सरकार पर वादाखिलाफी तथा अधिकारियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रखने का ऐलान किया। उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघर्ष मोर्चा के प्रदेशव्यापी आह्वान पर उत्तर प्रदेश ग्राम रोजगार सेवक संघ एवं ग्राम रोजगार सेवक (पंचायत मित्र) वेलफेयर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रदर्शन का नेतृत्व जिला संयोजक विनय कुमार पाण्डेय एवं सुरेश कुमार ने किया। मोर्चा के संरक्षक प्रभात सिंह चंदेल ने कहा कि वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव से पूर्व लखनऊ के डिफेंस एक्सपो मैदान में आयोजित मनरेगा कर्मचारी महासम्मेलन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एचआर पॉलिसी लागू करने, नियमित मानदेय भुगतान सहित विभिन्न सुविधाएं देने की घोषणा की थी। इसके बावजूद ग्राम रोजगार सेवकों की समस्याओं का समाधान नहीं हुआ। पांच वर्षों से लगातार उपेक्षा के कारण कर्मचारी खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। जिला संयोजक विनय कुमार पाण्डेय ने कहा कि ग्राम रोजगार सेवकों को वर्तमान महंगाई के अनुरूप न्यूनतम 24 हजार रुपये मासिक मानदेय दिया जाए और इसके लिए पृथक बजट की व्यवस्था की जाए। साथ ही ग्राम रोजगार सेवकों एवं उनके परिवार को कैशलेस चिकित्सा सुविधा, एचआर पॉलिसी लागू करने तथा ग्राम पंचायत स्तर पर विकास से जुड़े सभी कार्यों को उनके कार्य विवरण में शामिल करते हुए पदनाम बदलकर ग्राम विकास सहायक करने की मांग की गई। इसके अलावा बकाया मानदेय का तत्काल भुगतान करने पर भी जोर दिया गया।

जर्जर फाटक टूटने से खुली एनटीपीसी के रखरखाव की पोल

- कोटा पंप हाउस का गेट टूटकर गिरा एनटीपीसी और एनसीएल को होने वाली पानी की आपूर्ति प्रभावित

भारत एकता टाइम्स/ सोनभद्र

शक्तिनगर। कोटा ग्राम पंचायत स्थित एनटीपीसी के पंप हाउस का जर्जर फाटक टूटकर गिरने से रखरखाव व्यवस्था की पोल खुल गई है। लंबे समय से जंग खा रहे फाटक की मरम्मत नहीं कराए जाने का खामियाजा अब जलापूर्ति व्यवस्था को भुगतना पड़ रहा है। पंप हाउस से औद्योगिक इकाइयों को होने वाली पानी की आपूर्ति प्रभावित होने की जानकारी सामने आने के बाद क्षेत्र में भी पेयजल संकट गहराने की आशंका बढ़ गई है। जानकारी के अनुसार, एनटीपीसी के विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठानों को पानी उपलब्ध कराने वाले इस महत्वपूर्ण पंप हाउस का



फाटक काफी समय से जर्जर हालत में था। इसके बावजूद जिम्मेदार विभाग ने समय रहते मरम्मत कराने की जरूरत नहीं समझी। आखिरकार फाटक टूटकर गिर गया और जलापूर्ति व्यवस्था प्रभावित होने लगी। एनटीपीसी सिंगरौली की पांच तथा एनटीपीसी विंध्याचल की चार इकाइयों के बंद होने की भी चर्चा है। हालांकि, इन इकाइयों के बंद होने का वास्तविक कारण और पंप हा

दो एलिवेटेड कॉरिडोर से बदलेगी काशी की रफ्तार

विकास की बात

- यातायात सुधरेगा, पर्यटन और आर्थिक विकास को बढ़ावा

भारत एकता टाइम्स/ वाराणसी

दोनों परियोजनाओं के चार पैकेजों के लिए कुल 32 कंपनियों ने दिखाई रुचि



प्रमुख घाटों तक पहुंच आसान होगी

परियोजना से काशी विश्वनाथ मंदिर, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय, नमो घाट, रामनगर किला और वाराणसी के प्रमुख घाटों तक पहुंच आसान होगी। साथ ही लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और रामनगर के औद्योगिक क्षेत्रों तक निर्बाध आवागमन को बढ़ावा मिलेगा।

गंगा कॉरिडोरः प्रमुख पर्यटन स्थलों तक आसान पहुंच

गंगा नदी के किनारे 46 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर बनाया जाएगा। यह एनएच-19 को वाराणसी रिंग रोड से जोड़ेगा। हाइब्रिड वार्षिकी मॉडल पर बनने वाली इस परियोजना की कुल लागत 14,447.64 करोड़ रुपये है। इसके दो पैकेजों के लिए आठ-आठ यानी कुल 17 निविदाएं प्राप्त हुई हैं। परियोजना को दो पैकेजों में बांटा गया है। इसमें छह लेन का एलिवेटेड मुख्य कॉरिडोर, 910 मीटर लंबा केवल-स्टैंड पुल, 1.32 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड फुट ओवरब्रिज-कम-मेजर ब्रिज, लूप, रैंप, लिंक रोड और सर्विस रोड का निर्माण शामिल है। इस कॉरिडोर के बनने से एनएच-19, वाराणसी रिंग रोड, रामनगर और आसपास के प्रमुख क्षेत्रों के बीच कनेक्टिविटी मजबूत होगी।एनएच-19 और काशी रेलवे स्टेशन के बीच यात्रा का समय लगभग 60 मिनट से घटकर 20 मिनट रह जाएगा। वहीं, एनएच-19 और काशी रेलवे स्टेशन के बीच दूसरे प्रमुख मार्ग पर यात्रा का समय 50 मिनट से घटकर 25 मिनट होने का अनुमान है। इस तरह यात्रियों को लगभग 50 से 67 प्रतिशत तक समय की बचत होगी।

बात यह है कि इन परियोजनाओं के जरिए काशी को राष्ट्रीय राजमार्गों, रिंग रोड और आसपास के आर्थिक केंद्रों से बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।

वरुणा कॉरिडोर : एनएच-31 से रिंग रोड तक का सफर- वरुणा नदी के किनारे 43.2 किलोमीटर लंबा एलिवेटेड कॉरिडोर बनाया जाएगा। यह एनएच-31 को वाराणसी रिंग रोड से जोड़ेगा। हाइब्रिड वार्षिकी मॉडल (एचएएम) पर बनने वाली इस परियोजना की कुल लागत 10,998.32 करोड़ रुपये है। इसके दो पैकेजों के लिए आठ और सात यानी कुल 15 निविदाएं प्राप्त हुई हैं। परियोजना में मुख्य रूप से छह लेन का एलिवेटेड कॉरिडोर बनाया जाएगा। इसमें मुख्य मार्ग, फ्लाईओवर, लूप, रैंप और सर्विस रोड भी शामिल होंगे। इस कॉरिडोर से एनएच-31 और काशी रेलवे स्टेशन के बीच यात्रा का समय लगभग 40 मिनट से घटकर 20 मिनट रह जाएगा।

डीआरएम स्टेशनों पर दोहरीकरण व पुनर्विकास कार्यों का किया निरीक्षण

वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल के डीआरएम आशीष जैन ने शुक्रवार को गोरखपुर कैंट-पनियहवा रेलखंड के बोदरवार एवं कप्तानगंज रेलवे स्टेशनों पर चल रहे दोहरीकरण और पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की प्रगति, गुणवत्ता और संरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए अधिकारियों को कार्य निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए। बोदरवार स्टेशन पर उन्होंने सकुर्लेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्म, पैनल रूम और रिले रूम सहित विभिन्न निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। वहीं कप्तानगंज स्टेशन पर ट्रैक, बैलास्ट, कट कनेक्शन प्वाइंट और स्टेशन पैनल की स्थिति देखी। उन्होंने सुरक्षित रेल परिचालन के लिए संरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया। डीआरएम ने कहा कि रेलवे की आधारभूत संरचना से जुड़े कार्यों में गुणवत्ता, समयबद्धता और संरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान पूर्वोत्तर रेलवे के प्रमुख मुख्य इंजीनियर तुषार कांत पाण्डेय, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) अनुज मित्तल सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

प्रदर्शनीः शाकभाजी, फल और फूल की दिखेगी रंगत

बैठक

- नौ जनवरी से चौदह जनवरी तक संस्कृत विश्विद्यालय में लगेगी प्रदर्शनी

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी



मंडलायुक्त के विजयेंद्र पांडियन की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में मण्डलीय शाकभाजी, फल एवं पुष्प प्रदर्शनी समिति की द्वितीय बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी पुष्प प्रदर्शनी-2027 को वृहद स्तर पर आयोजित करने, आकर्षक एवं भव्य बनाने के सम्बन्ध में आवश्यक तैयारियों व रणनीति के दृष्टिगत प्रदर्शनी की तिथि पर चर्चा की गई। इस वर्ष की पुष्प प्रदर्शनी - 2027 सम्पूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय में वृहद स्तर पर आयोजित की जायेगी। प्रदर्शनी की रूपरेखा, स्थल ले-आउट, थीम आधारित जोन, फूलों की व्यवस्था, स्थानीय कला एवं उत्पादों के प्रदर्शन, जनभागीदारी तथा प्रायोजन (स्पॉन्सरशिप) से जुड़े प्रमुख निर्णयों और सुझावों पर विचार-विमर्श किया गया। प्रदर्शनी स्थल को प्रमुख जोनों में बांटा जायेगा। कार्यक्रम स्थल पर दर्शकों की सुगम आवाजाही के लिए प्रवेश (एंट्री) और निकास (एग्जिट) दोनों तरफ से रखने की योजना है। पूरे परिसर को अलग-अलग थीम और रंगों के आधार पर विभाजित किये जाने की योजना है, जैसे-दिव्य काशी केन्द्रीय भाग (सेन्टर में) के रूप में रहेगा जो प्रदर्शनी का मुख्य आकर्षण रहेगा। यहाँ पर मंदिर की भव्य प्रतिकृति स्थापित की जायेगी। नव्य काशीः हरे रंग में होगा, जिसमें आधुनिक विकास और काशी के नए स्वरूप जैसे नमो घाट को दर्शार्या जायेगा। गंगा उत्सवः बैंगनी (पर्पल) रंग में होगा जिसमें गंगा आरती, नाव तथा घाटों की संस्कृति पर आधारित प्रदर्शन होगा।प्रदर्शनी की तिथि दिनांक 09.01.2027 से 14.01.2027 तक (कुल छः दिन) निर्धारित की गयी है।

28 नवंबर से धूपचंडी वार्ड से शुरू होगी 'काशी न्याय यात्रा'

वाराणसी। महानगर कांग्रेस कमेटी की एक महत्वपूर्ण एवं आवश्यक बैठक महानगर स्थित पार्टी कार्यालय में संपन्न हुई।बैठक की अध्यक्षता महानगर कांग्रेस अध्यक्ष राघवेंद्र चौबे ने की। बैठक में शहर की विभिन्न जनसमस्याओं, लोकतांत्रिक व्यवस्था, वोट चोरी के मुद्दे, मंदिरों में चढ़ावे की व्यवस्था में पारदर्शिता तथा काशी के समग्र विकास से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में निर्णय लिया गया कि महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा प्रस्तावित ह्यकाशी न्याय यात्राह्ल का शुभारंभ 28 नवंबर को धूपचंडी वार्ड से माँ धूमावती देवी जी का दर्शन पूजन कर प्रारम्भ किया जाएगा किया जाएगा। इस यात्रा के माध्यम से कांग्रेसजन वाराणसी के सभी 100 वार्डों में पदयात्रा कर आम नागरिकों से संवाद करेंगे और उनकी समस्याओं को जानकर उन्हें प्रमुखता से उठाएंगे। इस न्याय यात्रा में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेतागण, सभी फ्रंटल संगठनों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, महानगर एवं जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, पार्षदगण, नेता एवं बड़ी संख्या में कांग्रेसजन अपनी सहभागिता दर्ज कराएंगे।

अधिवक्ता सदन और पुस्तकालय भवन का भाजपा विधायक ने किया लोकार्पण

- तहसील में 10 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल लगवाने की घोषणा

बाबतपुर(वाराणसी)/भारत एकता टाइम्स



पिंडरा विधायक डॉ. अवधेश सिंह ने कहा कि इच्छाशक्ति प्रबल और प्रयास निःस्वार्थ हो तो हर काम संभव है। पिंडरा तहसील के अधिवक्ताओं ने अपनी मेहनत और एकजुटता से ऐसा ही उदाहरण प्रस्तुत किया है। उक्त बातें उन्होंने शुक्रवार को पिंडरा तहसील बार एसोसिएशन के तत्वावधान में अधिवक्ता सदन एवं पुस्तकालय भवन के विस्तारीकरण और सौंदर्यीकरण कार्य के उद्घाटन समारोह में कही। उन्होंने कहा कि पिंडरा के अधिवक्ताओं ने जो आदर्श प्रस्तुत किया है, वह प्रदेश की अन्य तहसीलों के लिए अनुकरणीय होगा। इसके पूर्व मुख्य अतिथि विधायक डॉ. अवधेश सिंह एवं विशिष्ट अतिथियों ने विधिवत पूजन-अर्चन के बाद फीता काटकर अधिवक्ता सदन और पुस्तकालय भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान विधायक ने तहसील में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 10 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल लगवाने की घोषणा भी की। समारोह में अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। अध्यक्षीय संबोधन बार कॉउंसिंग ऑफ इंडिया के पूर्व को-चेयरमैन श्रीनाथ त्रिपाठी ने किया। संचालन अधिवक्ता अश्वनी मिश्रा एवं संतोष सिंह अनुपम ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री रणधीर सिंह ने किया। इस अवसर पर राहुल सिंह, जितेंद्र सिंह, प्रभात सिंह मिंटू, एसडीएम कुंदनराज कपूर, तहसीलदार नेहा सिंह रघुवंशी, नायब तहसीलदार दिनेश श्रीवास्तव, अशोक पांडेय, सुभाष दुबे, श्रीनाथ गोंड, कमला प्रसाद मिश्रा, राजेश पटेल, मनोज शुक्ला, श्याम सिंह, श्रीप्रकाश मिश्रा, अरुण कुमार दुबे सुरही सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे।

विवादित हिस्से को छोड़कर पेट्रोल पंप का निर्माण शुरू कराने का निर्देश

बाबतपुर/वाराणसी। पिंडरा तहसील में शुक्रवार को पहुंचे व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने ग्रामीणों द्वारा पेट्रोल पंप का निर्माण रोके जाने पर विरोध जताते हुए विधायक और एसडीएम से निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग की। इस पर विधायक डॉ. अवधेश सिंह ने एसडीएम पिंडरा कुंदनराज कपूर से निर्माण कार्य पर रोक लगाने का कारण पूछा। एसडीएम ने स्पष्ट किया कि केवल विवादित हिस्से में ही निर्माण पर रोक लगाई गई है। उन्होंने विवादित अंश को छोड़कर शेष स्थान पर निर्माण कार्य शुरू कराने का निर्देश दिया। बताते चलें कि रास्ते के विवाद को लेकर ग्रामीणों ने पिंडरा में निमार्णाधीन पेट्रोल पंप का कार्य रोक दिया था। जांच के दौरान नायब तहसीलदार यशवंत सिंह ने पैमाइश रिपोर्ट के आधार पर मौखिक रूप से निर्माण कार्य रोकने का निर्देश दिया था। इसी मामले को लेकर शुक्रवार को व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल विधायक और एसडीएम से मिला। एसडीएम ने एक-दो दिन में पैमाइश रिपोर्ट सार्वजनिक करने की बात भी कही।

एचआईवी नियंत्रण में वाराणसी ने रचा इतिहास, रैंकिंग में अव्वल

कीर्तिमान

- प्रदेश में प्रथम स्थान के साथ मिला 'सुरक्षित' जिले का दर्जा

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी

राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद वाराणसी ने एचआईवी/एड्स नियंत्रण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए सुरक्षित जिले का दर्जा प्राप्त किया है। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन द्वारा जारी रैंकिंग में उत्तर प्रदेश के कुल छह जिलों को शामिल किया गया है, जिसमें वाराणसी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जिसकी जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एन पी सिंह ने दी। उन्होंने ने बताया कि यह उपलब्धि जिले में एचआईवी/एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन, समयबद्ध जांच एवं उपचार, एआरटी सेवाओं से मरीजों के बेहतर जुड़ाव, वायरल लोड की नियमित निगरानी तथा स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित संस्थाओं के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। जनपद की इस उपलब्धि में जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार द्वारा नामित अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता के मार्ग निर्देशन एवं जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. पीयूष राय के नेतृत्व में संचालित राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम में कार्य कर रहे अधिकारियों, चिकित्सकों, परामर्शदाताओं, तकनीकी कर्मचारियों एवं सामुदायिक संगठनों के सामूहिक प्रयासों की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। अपर जिलाधिकारी डॉ. सदानंद गुप्ता ने कहा कि यह उपलब्धि केवल किसी रैंकिंग या श्रेणी तक सीमित नहीं है, बल्कि एचआईवी के प्रति जागरूक समाज, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं तथा प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक समय पर जांच, परामर्श एवं उपचार पहुंचाने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। सुरक्षित जनपद का दर्जा प्राप्त करना वाराणसी के लिए एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है। यह सफलता सभी संबंधित विभागों, स्वास्थ्यकर्मियों, सहयोगी संस्थाओं एवं समुदाय के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है।जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. पीयूष राय ने बताया कि राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन द्वारा एचआईवी कार्यक्रम की प्रगति एवं प्रभावी मॉनिटरिंग के लिए 95-95-95 के मूल मानकों के आधार पर जिलों की स्थिति का आकलन किया जाता है।

बरेका में मेगा कैंप का आयोजन

वाराणसी। बनारस रेल इंजन कारखाना (बरेका) में रेलवे पेंशनभोगियों एवं पारिवारिक पेंशनभोगियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रव्यापी डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अभियान 5.0 के अंतर्गत दिनांक 27 नवंबर, 2026 को मेगा कैंप का आयोजन किया गया। यह विशेष शिविर बरेका संस्थान स्थित सम्मान कक्ष में आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है राष्ट्रव्यापी डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट अभियान 5.0 अभियान 01 नवंबर से 30 नवंबर 2026 तक चलाया जा रहा है। महाप्रबंधक आशुतोष पंत के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान का मुख्य उद्देश्य सेवानिवृत्त कर्मचारियों एवं पारिवारिक पेंशनभोगियों को डिजिटल माध्यम से जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने की सरल, सुगम एवं सुविधाजनक व्यवस्था उपलब्ध कराना है। इस पहल से पेंशनभोगियों को जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने के लिए बार-बार कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं होगी तथा उनकी पेंशन संबंधी प्रक्रिया भी अधिक सहज हो सकेगी। कैंप के दौरान पेंशनभोगियों को डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट बनाने एवं ऑनलाइन जमा करने की प्रक्रिया में आवश्यक तकनीकी सहायता प्रदान की जा रही है।

संक्षिप्त समाचार

नकशी कांथा व महिला सशक्तिकरण पर संगोष्ठी आयोजित



वाराणसी। बीएचयू के कला संकाय के अंतर्गत बांग्ला विभाग द्वारा आईसीएसएसआर के सौजन्य से ह्यहैंडमेड एम्ब्रायडरी ऐज लाइवलीहुड एंड वॉइसः जेंडर इक्विटी एंड सोशियो-पोलिटिकल एम्पावरमेंट ऑफ नक्शी कण्ठ वोमेन आर्टिसन्सह्ल विषय पर एकदिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। पाली एवं बौद्ध अध्ययन विभाग के सेमिनार हॉल में आयोजित इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न विश्वविद्यालयों के शिक्षाविदों, शोधार्थियों एवं प्रसिद्ध कांथा शिल्पकारों ने भाग लिया। बांग्ला विभाग की प्रो. सुमिता चटर्जी ने स्वागत वक्तव्य दिया। कला संकाय की संकायाध्यक्ष प्रो. सुषमा घिल्डियाल ने अपने विचार रखे, जबकि संगोष्ठी की संयोजिका डॉ. अंतरा दास ने आयोजन के उद्देश्यों एवं आईसीएसएसआर शोध परियोजना की रूपरेखा प्रस्तुत की। समापन सत्र में भारत अध्ययन केंद्र के समन्वयक प्रो. शरदेंदु कुमार त्रिपाठी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

युवाओं को मतदाता सूची से जोड़ना प्राथमिकताः विधायक



बाबतपुर/वाराणसी। पिंडरा विधायक डॉ. अवधेश सिंह ने कहा कि बीएलओ पूरी कर्तव्यनिष्ठा के साथ कार्य करें। मतदाता सूची पुनरीक्षण किसी राजनीतिक दल का कार्य नहीं, बल्कि देश का भविष्य तय करने वाली महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। इसे गंभीरता से लेते हुए युवाओं को मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य समय से पूरा करें। उक्त बातें उन्होंने पिंडरा तहसील सभागार में पिंडरा विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) एवं सुपरवाइजरों की बैठक को संबोधित करते हुए कहीं। उन्होंने अभियान चलाकर युवाओं के साथ ही विवाहित महिलाओं का नाम भी मतदाता सूची में शामिल कराने का आह्वान किया। बैठक में प्रत्येक बीएलओ को प्रतिदिन 10 नए मतदाता जोड़ने का लक्ष्य दिया गया। इस दौरान तहसीलदार नेहा राजवंशी, नायब तहसीलदार यशवंत सिंह, दिनेश चंद श्रीवास्तव, नोडल अधिकारी सत्येंद्र कुमार, प्रीतम कुमार सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

आकाश इनविक्टस इंजीनियरिंग 2.0 लॉन्च



वाराणसी। आकाश एजुकेशन सर्विसेज लिमिटेड ने आकाश इनविक्टस इंजीनियरिंग 2.0 के माध्यम से इंजीनियरिंग की तैयारी के अपने अकादमिक इकोसिस्टम को और मजबूत करने की घोषणा की है। यह नया परफॉर्मेंस आधारित एकेडमिक सिस्टम जेईई मेन, जेईई एडवांस्ड और स्टेट सीईटी की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए एक व्यवस्थित और बेहतर तैयारी का मार्ग तैयार करेगा। लॉन्च पर बात करते हुए आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर चंद्र शेखर रेड्डी गरिसा ने कहा आकाश इनविक्टस-इंजीनियरिंग 2.0 को हमारे सबसे अच्छे टीचरों ने बनाया है, जिनके पास हर साल टॉप रैंक लाने का दशकों का अनुभव है। लॉन्चिंग प्रोग्राम में विष्णु देव तिवारी, सेंटर डायरेक्टर, आनंद प्रकाश पाण्डेय, सेंटर डायरेक्टर, संजय तिवारी एकैडमिक डायरेक्टर और वरुण सोनी पी आर हेड आकाश इंस्टिट्यूट मौजूद थे।

तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन



रामनगर/वाराणसी। रामनगर के डोमरी स्थित आचार्य सीताराम चतुर्वेदी महिला महाविद्यालय और बाल विद्यालय माध्यमिक स्कूल की तीन दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का शुक्रवार को समापन हुआ। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी प्रशांत किशोर वाजपेयी और विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय हैंडबॉल एवं फुटबॉल खिलाड़ी व मिसेज इंडिया इंटरनेशनल विजेता वंदना सिंह तथा क्लिनिकल डायटीशियन साक्षी पांडेय ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।इस दौरान अतिथियों ने विभिन्न खेलों में विजेता प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। महाविद्यालय की निदेशक डॉ. कल्पलता पांडेय ने अतिथियों को स्मृति चिह्न और अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। डोमरी के प्रधानाचार्य अशोक कुमार तिवारी ने आभार जताया।

बनारस पहुंचा तमिलनाडु कार्तिकेय दीपम विवाद, सीएम का पुतला फूंका

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी



तमिलनाडु के मदुरई में कार्तिकेय दीपम (कार्तिक पूर्णिमा) पर दीप प्रज्वलन को लेकर शुरू हुआ विवाद अब काशी तक पहुंच गया है। शुक्रवार को वाराणसी के प्रहलाद घाट क्षेत्र में स्थानीय लोगों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय थलापति के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान उनका पुतला फूंका गया और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि तमिलनाडु सरकार हिंदू समाज की आस्था के साथ खिलवाड़ कर रही है। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे प्रहलाद घाट निवासी और भाजपा के पूर्व पार्षद प्रत्याशी दीपक गुप्ता ने मीडिया से बातचीत में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री विजय थलापति के कदम की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि पूरे देश में कार्तिक पूर्णिमा और देव दीपावली का पर्व भगवान श्रीराम और भगवान श्रीकृष्ण की परंपराओं से प्रेरित होकर पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। दीपक गुप्ता ने आरोप लगाया कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने जो कार्य किया है, वह बेहद निंदनीय है और समस्त हिंदू समाज के ऊपर सीधा कुठाराघात है। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री के पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। दीपक गुप्ता ने आरोप लगाया कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने जो कार्य किया है, वह बेहद निंदनीय है और समस्त हिंदू समाज के ऊपर सीधा कुठाराघात है। उन्होंने कहा कि ऐसे व्यक्ति को मुख्यमंत्री के पद पर बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है।

अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र के उपाध्यक्ष बने सरदार मंजीत सिंह



रामनगर/वाराणसी। रामनगर निवासी सरदार मंजीत सिंह मंगू को भारतीय जनता पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अल्पसंख्यक मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष फहद जमाल ने उनके मनोनयन की घोषणा की।सरदार मंजीत सिंह इससे पहले भाजपा में कई महत्वपूर्ण पदों पर जिम्मेदारी निभा चुके हैं। वह पूर्व पार्षद भी रह चुके हैं। संगठन में उनके पूर्व अनुभव और सक्रियता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह नई जिम्मेदारी सौंपी है। उनके उपाध्यक्ष बनने की जानकारी मिलने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल रहा। मनोनयन पर भाजपा नेता सत्येंद्र सिंह पिंटू, किसान मोर्चा महानगर अध्यक्ष राजेंद्र शंकर सिंह पटेल, पूर्व पार्षद संतोष शर्मा, प्रदेश परिषद सदस्य नंदलाल चौहान, मनीष सिंह, सुनील सिंह राजपूत, कुसुमलता शर्मा, सुनील मालाकार, अर्जुन शर्मा, पीयूष गुप्ता, मुरारी निषाद, राजन साहनी और विवेक सहनी सहित अन्य लोगों ने बधाई दी।

राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस का भव्य शुभारंभ, जुटे नन्हे विज्ञानी

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी



राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद द्वारा संचालित एवं विकास प्रयागराज द्वारा समन्वित 32वीं राज्य स्तरीय बाल विज्ञान कांग्रेस का आज शेयट पब्लिक स्कूल में भव्य शुभारंभ हुआ। तीन दिवसीय इस आयोजन में पूर्वी उत्तर प्रदेश के 37 जनपदों के बाल विज्ञानी व शिक्षक भाग ले रहे हैं। प्रधानाचार्य डॉ. प्रिया सिंह के स्वागत भाषण व परेड के बाद अतिथियों ने दैनिक न्यूज बुलेटिन का विमोचन किया, वहीं छात्रों ने थीम सॉन्ग प्रस्तुत किया। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता प्रो. प्रदीप कुमार श्रीवास्तव ने विज्ञान को जीवनशैली बनाने का आह्वान किया। प्रो. ए.एस. रघुवंशी ने पारंपरिक ज्ञान व आधुनिक विज्ञान के समन्वय, डॉ. विजयनाथ मिश्रा ने महर्षि सुश्रुत की शल्य चिकित्सा परंपरा तथा डॉ. चंद्र मोहन नौटियाल ने बच्चों को प्रश्न पूछने के लिए प्रेरित किया। ?कार्यक्रम में डॉ. एस.के. सिंह ने 1993 से जारी कांग्रेस की गौरवशाली यात्रा साझा की। आयोजन में डायरेक्टर विवेक विक्रम सिंह, वाइस चेयरपर्सन विनोद सिंह व जिला समन्वयक गिरीश कुमार सिंह का विशेष योगदान रहा। अंत में डॉ. आर.सी. सिंह ने धन्यवाद ज्ञापन किया। आगामी दिनों में शोध पत्र प्रस्तुति व वैज्ञानिक संवाद होंगे।

अदालती सूचना

समन बिनावर इनफिसाल मुकदमा (आर्डर 5 कायदा 1 व 5)
न० मुकदमा ------ न्यायालय श्रीमान उपजिलाधिकारी, तहसील घोरावल, जिला सोनभद्र

साकिम--- सिलवर श्वेता बनाम रमाशंकर दूबे पुत्र भगवती प्रसाद दूबे निवासी दबगर मोहल्ला रामानुजगंज, बलरामपुर छत्तीसगढ़, हाड्ड मुड्ड ग्राम सिलवर, परगना बड़हर, तहसील घोरावल, जिला सोनभद्र।

हरगाह मैं आपके नाम नाशिल की दायरा की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारिख 02 माह 12 सन 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मारफत वकील के जो मुकदमे के हालत से करार वाकहि वाकिफ किया गया हो और उमूरात अरुण मुतल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ और कोई शख्स हो जो कि जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर होगा और जवाबदेही दावा करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज जमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही को इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर मजकूर हाजिर नहीं होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिर आपके महसूस होगा। सख्श मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के आज बतारिख 18.11.2026 ई० जारी किया। इत्तिला जज (1) अगर आपको आदेश है कि आपके गवाह अपने मर्जी से हाजिर न होंगे तो अदालत हाजा के सम्मन व मुराद जारी कर सकते हैं कि जो गवाह हाजिर न होंगे तो वह जबरन हाजिर कराया जाय और जिस दस्तावेज को किसी गवाही पेश करने का इस्तेमाल रखते है वह उससे पेश कराई जाय बशर्ते कि आप खर्चा जरूर अदालत में दाखिल करके इस उम्र की दरख्वास्त गुजरावें। (2) अगर आप मुतालिबा मुद्दई की तसलीम करते है तो आपको लाजिम है कि रूपया मय खर्चा नासिम अदालत में दाखिल करें ताकि कार्यवाही इकरार डिग्री की जो आपको जान-माल दोनों पर ही करना पड़े।

आज्ञा से न्यायालय
तारीख पेशी-02.12.2026

बंद मकान में लगी आग, फायर बिग्रेड ने पाया काबू

वाराणसी। नंदेसर के रिहायशी इलाके में शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे एक बंद मकान में आग लग गई। मकान से धुआं और लपटें उठती देख आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने करीब आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग बुझाई। मकान लंबे समय से बंद था और अंदर कूड़ा-कबाड़ भरा हुआ था। घटना के समय कोई मौजूद नहीं था, इसलिए जनहानि नहीं हुई। आग बुझाने के दौरान सड़क पर करीब एक घंटे तक जाम लगा रहा। स्थानीय लोगों के मुताबिक, मकान काफी समय से बंद पड़ा था। उसमें कोई नहीं रहता था। लोगों ने बताया कि मकान के ऊपर से बिजली के तार गुजरते हैं। आशंका है कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी होगी। हालांकि, आग लगने की असली वजह अभी स्पष्ट नहीं है। आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची तो सड़क पर वाहनों की आवाजाही प्रभावित हो गई। देखते ही देखते करीब 500 मीटर तक गाड़ियों की कतार लग गई। करीब एक घंटे तक यातायात बाधित रहा। पुलिस बल ने मौके पर पहुंचकर यातायात संभाला। आग बुझने और दमकल की गाड़ियों के हटने के बाद रास्ता सामान्य हो सका।

स्व गणना के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक



वाराणसी। नगर निगम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मच्छोदरी में बच्चों को स्व गणना के प्रति जागरूक किया गया। प्रधानाचार्य एवं उप प्रधानाचार्य और सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओ के संरक्षण में यह कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें करीब 450 बच्चों ने शुकराना के बारे में जानकारी प्राप्त की। संविधान दिवस पर छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई और अपना अधिकारों के बारे में कर्तव्यों के बारे में विशेष रूप को बच्चों को जागरूक किया गया। क्विज प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता पेंटिंग प्रतियोगिता विद्यालय में कराई गई।

ग्राम पंचायत रामनगर प्रथम, विकास खण्ड रामनगर, जनपद- जौनपुर

पत्रांकः मेमो/निविदा/2026-27 दिनांक-27.11.2026

अल्पकालिक निविदा सूचना

वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना अंतर्गत ग्राम पंचायत रामनगर प्रथम में सोलर स्ट्रीट लाइट लगाने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसमे 30 सोलर स्ट्रीट लाइट हेतु इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 28.11.2026 से दिनांक 30.11.2026 तक कार्यालय कार्य दिवस में अपरान्ह 2:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में सीलबन्द निविदा जमा कर सकते हैं जो कि दिनांक 01.12 .2026 को अपरान्ह 2:00 बजे निविदा हेतु ग्राम पंचायत के सदस्यों के सामने खोली जाएगी अतः ग्राम सभा/विकास खण्ड जनपद में पंजीकृत आपूर्तिकर्ता उपरोक्त सामग्री आपूर्ति हेतु सील बन्द निविदा आमंत्रित है।

क्र.स.	परियोजना का नाम/सामग्री	मात्रा	दर
1	सोलर स्ट्रीट लाइट	30 नग	673920.00

नियम एवं शर्तें-

1 - सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि से स्वीकृत दर निर्धारित कार्य स्थल पर करनी होगी।
2 - सामग्री आपूर्ति के बाद निर्माण समिति की स्वीकृति के बाद भुगतान किया जाएगा।
3 - आपूर्तिकर्ता का जीएसटी विभाग में रजिस्ट्रेशन अनिव

भारत एकता टाइम्स

वाराणसी, शनिवार, 28 नवम्बर 2026

सम्पादकीय

...तो अब होंगे 850 माननीय

राजनीतिक तोड़फोड़ की मास्टर भाजपा क्या इस बार डीलिमिटेशन बिल पास करवा ले जाएगी? यह सवाल सभी की जेहन में गूंज रहा है। कारण-संख्याबल में बेशक एनडीए कमजोर है। पर पर्दे के पीछे होने वाली सियासत में पार्टी का कौशल कमाल का रहा है। इसका संकेत एक बार फिर दिख रहा है। खास यह है कि अगर यह विधेयक संसद से पारित होकर कानून बन जाता है तो अकेले लोकसभा में सांसदों की संख्या 50 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 850 हो जाएंगी। इतना ही नहीं देश की विधानसभाओं में भी विधायकों की संख्या में 50 फीसदी का इजाफा हो जाएगा। बेशक सरकार का दावा है कि लोगों की बात सरकार तक पहुंचाने में सहूलियत होगी। पर खास यह है कि इन माननीयों के भारी-भरकम वेतन भत्तों का बोझ बढ़ जाएगा। हालांकि रिजिजू ने संसद के विशेष सत्र को लेकर किसी विशेष एजेंडे का नाम नहीं लिया है और एक्स पर जारी बयान में विशेष सत्र का मकसद 'जरूरी सरकारी कामकाज निपटाना' बताया है। पर सरकार लगातार संसद में दो तिहाई बहुमत जुटाने के जुगाड़ में लगी है। इस बीच विपक्षी इंडिया गठबंधन में दरार भी दिखने लगी है। एनसीपी (शरद पवार) की नेता सुप्रिया सुले ने दो दिन पहले ये बयान देकर इस चर्चा को और हवा दे दी कि 'अगर यह देश के हित में होगा तो उस पर भी एकमत हुआ जा सकता है। हालांकि उन्होंने कहा कि 'हमें अभी तक कुछ नहीं पता, पहले बिल आने दीजिए।



सत्येन्द्र श्रीवास्तव
स्थानीय संपादक

परिसीमन बिल पेश करने को लेकर सबसे बड़ा सवाल यह है कि बीजेपी के अगुवाई वाले सत्तारूढ़ गठबंधन एनडीए के पास दो तिहाई बहुमत है, क्योंकि इसी साल अप्रैल में हुए मतदान में दो तिहाई बहुमत न होने से यह बिल पास नहीं हो पाया था। केंद्रीय संसदीय मंत्री के मुताबिक, लोकसभा की बैठक 30 नवंबर को और राज्यसभा की दो दिसंबर को बैठक होगी और तीन दिसंबर को इस विशेष सत्र का समापन हो सकता है। विपक्षी नेताओं ने दावा किया है कि भले ही एजेंडा घोषित नहीं किया गया है लेकिन 'इस विशेष सत्र में डीलिमिटेशन बिल लाया जाएगा।' इतना ही नहीं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने सरकार पर वोट चोरी के बाद अब 'संसद चोरी' का आरोप लगाया है। उन्होंने एक्स पर लिखा, इसमें कोई शक नहीं है कि उनका परिसीमन विधेयक संसद की चोरी की एक कवायद से ज्यादा कुछ नहीं होगा। हम इसे पारित नहीं होने देंगे।

बेशक कांग्रेस हुंकार भर रही है कि बिल पास न होने देने की हुंकार भर रही है। पर पर्दे के पीछे का खेल इंडिया में दरार की चुगली कर रहा है। महिला आरक्षण और लोकसभा सीटों के परिसीमन को लेकर केंद्र सरकार की तैयारी के बीच विपक्षी गठबंधन में मतभेद सामने आने लगे हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के सांसद जितेंद्र आव्हाड ने कहा है कि उनकी पार्टी परिसीमन की प्रक्रिया का समर्थन करेगी। उन्होंने शरद पवार से हुई बातचीत का हवाला देते हुए कहा कि पवार का मानना है कि परिसीमन जरूरी है। इस बयान से राजनीतिक हलचल तेज हो गई है, क्योंकि विपक्षी दल केंद्र सरकार के प्रस्तावित विधेयक का विरोध करने की रणनीति बना रहे हैं। दूसरी सरकार के रणनीतिकार सीधे समर्थन के साथ सांसदों के सत्र से अनुपस्थित करवाने की रणनीति पर भी काम कर रहे हैं। दूसरी तरफ केंद्रीय मंत्रिमंडल ने महिला आरक्षण से जुड़े नए परिसीमन विधेयक को मंजूरी दे दी है। इससे साफ हो गया है कि संसद के विशेष सत्र में पेश किए जाने की संभावना है। प्रस्ताव को लेकर सामने आई जानकारी के मुताबिक, सरकार हर राज्य में लोकसभा सीटों की संख्या 50 प्रतिशत तक बढ़ाने पर सहमत हुई है। दक्षिण भारतीय राज्यों की चिंताओं को ध्यान में रखते हुए सीटों पर 2051 तक रोक लगाने की बात भी कही गई है। विधेयक में 2011 की जनगणना के आधार पर बढ़ी हुई सीटों का परिसीमन करने का प्रस्ताव है। साथ ही, संसदीय क्षेत्रों की सीमाएं दोबारा तय करने के बावजूद हर राज्य की सीटों की संख्या में बदलाव नहीं करने की बात कही गई है। अब देखना होगा कि इस बार सरकार पास करवा पाती है या नहीं।



अनमोल वचन

स्वामी रामकृष्ण परमहंस

''जब फूल खिलता है तो मधुमक्खी बिना बुलाये आ जाती है और जब हम प्रसिद्ध होंगे तो लोग बिना बताये हमारा गुणगान करेंगे।''

उत्तर प्रदेश की पहली प्रेशर सिंचाई प्रणाली दर्जीचाक परियोजना

किसानों के जीवन में आई नई खुशहाली

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने किसानों की फसल पैदावार बढ़ाने के लिए अनेकों योजनाएं संचालित किए हैं। सरकार की नीतियों, योजनाओं का लाभ लेते हुए किसान समृद्ध हो रहे हैं। सिंचाई की आधुनिक और नवीन तकनीकों को अपनाकर उत्तर प्रदेश सरकार कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव ला रही है। इसी कड़ी में राप्ती नहर निर्माण खण्ड-प्रथम (शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर) द्वारा जनपद महराजगंज के तहसील फरेन्दा में निर्मित "दर्जीचाक प्रेशर सिंचाई प्रणाली" राज्य की पहली प्रेशर आधारित सिंचाई परियोजना के रूप में उभरी है। यह नई सिंचाई पद्धति उन क्षेत्रों के लिए एक वरदान सिद्ध हो रही है, जहाँ पारंपरिक नहरों से सिंचाई कर पाना संभव नहीं था।



उच्च भू-भाग और भौगोलिक चुनौती का आधुनिक समाधान -

दर्जीचाक और आसपास के कृषि क्षेत्रों की भूमि का तल नहर के जल स्तर से ऊपर होने के कारण पारंपरिक ओपन चैनल (अल्पिका/राजवाहा) द्वारा "ग्रेविटी फ्लो" से खेतों तक पानी पहुँचाना असंभव था। ऐसे में खेतों की सिंचाई का एकमात्र और सर्वोत्तम विकल्प प्रेशर सिंचाई प्रणाली ही बना। यह परियोजना फरेन्दा फीडर के हेड के बाएँ बैंक से फरेन्दा राजवाहा के किलोमीटर 5.250 पर कुल रु0 854.00 लाख की लागत से तैयार की गई है। उल्लेखनीय है कि यदि इस कठिन भू-भाग पर पारंपरिक नहर का निर्माण किया जाता, तो उसकी अनुमानित लागत लगभग रु0 3296.00 लाख होती। इस प्रकार यह तकनीक अत्यधिक किफायती भी साबित हुई है।

उन्नत इंफ्रास्ट्रक्चर और तकनीकी विशेषताएँ -

सेडिमेंटेशन टैंक पानी को साफ रखने के लिए 75 मी. .10 मी. .6.50 मी. आकार का विशाल टैंक बनाया गया और 55 किलोवाट क्षमता के 03 क्षैतिज पंप के पंपिंग स्टेशन ;ध्वतप्रवदजंस च्नउचेद्ध स्थापित किए गए हैं, जिनमें से प्रत्येक पंप का डिस्चार्ज 7.06 क्यूसेक है। पंपों के संचालन हेतु समर्पित विद्युत ट्रांसफार्मर तथा सोलर पैनल के ऊर्जा व्यवस्था की स्थापना की गई है। पानी पहुँचाने के लिए 500 मिमी, 450 मिमी, 350 मिमी, 300 मिमी और 250 मिमी व्यास का डी.आई. पाइप भूमि से लगभग 1.00 मीटर नीचे 4.800 किलोमीटर की लंबाई में बिछाया गया है। आउटलेट्स पूरी पाइपलाइन पर प्रत्येक 200 मीटर की दूरी पर कुल 36 आउटलेट बनाए गए हैं, जहाँ से किसान गूल (नाली) या डिलीवरी पाइप जोड़कर अपने खेतों तक पानी पहुँचा रहे हैं। इस व्यवस्था से किसानों को फसल सिंचाई हेतु पानी उपलब्ध हो रहा है।

1430 किसान और 443 हेक्टेयर भूमि लाभान्वित -

फसली वर्ष 1434 से शुरू हुई इस प्रणाली के माध्यम से तहसील फरेन्दा के ग्राम बरगदवा, विशुनपुर समरधीरा, दजीर्चाक, और गोकुलपुर करमडवा बुर्जुग के लगभग 1,430 कृषक अपनी 443 हेक्टेयर उपजाऊ भूमि की सुगमता से सिंचाई कर फसल उत्पादन कर रहे हैं। खेतो तक पानी पहुँचाने से अब किसानों की फसल लहलहा रही है और किसान प्रदेश सरकार की भूरि-भूरि प्रसंशाकर रहे हैं।

प्रेशर सिंचाई प्रणाली के प्रमुख लाभ -

असमान भूमि पर सिंचाई करना बहुत कठिन रहा, किन्तु इस प्रणाली से ग्रेविटी फ्लो से वंचित ऊँचे खेतों तक भी आसानी से पानी पहुँच रहा है। समय और धन की बचत भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता न होने से परियोजना बहुत ही कम समय में पूरी हो गई और निर्माण लागत भी काफी कम रही, इससे समय और धन की बचत हुई है। इस सिंचाई प्रणाली से उपजाऊ भूमि का संरक्षण हुआ है। पाइपलाइन पूरी तरह से भूमिगत होने के कारण बहुमूल्य कृषि योग्य भूमि बर्बाद नहीं हुई है।

पारंपरिक नहरों में अनाधिकृत रूप से पानी काटने या बाँध लगाने जैसी समस्याओं से मुक्ति मिली है, जिससे टेल (अंतिम छोर) तक के सभी किसानों को समान रूप से जल उपलब्ध हो रहा है। कम रखरखाव व जल की बचतः वाष्पीकरण ;म्अंचवतंजपवदद्ध और रिसाव से होने वाले जल नुकसान में भारी कमी आई है, जिससे सिंचाई क्षमता और फसलों की उत्पादकता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

प्रदेश की यह प्रथम प्रेशर सिंचाई प्रणाली न केवल जल प्रबंधन का एक उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करती है, बल्कि भविष्य में कम लागत और कम भूमि उपयोग के साथ दूरदराज के खेतों तक पानी पहुँचाने का मार्ग भी प्रशस्त कर रही है।

● इंजेश सिंह

मूर्ति विकास योजना से संवर रहे 50 पार्क

भारतीय संविधान के अंगीकृत होने की पावन स्मृति में मनाए जाने वाले संविधान दिवस पर उत्तर प्रदेश सरकार ने सामाजिक समरसता और संवैधानिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की है। प्रदेश सरकार द्वारा संपूर्ण राज्य में एक साथ "डॉ. बी.आर.आंबेडकर मूर्ति विकास योजना" के अन्तर्गत विकसित किए जाने वाले पार्कों का शिलान्यास किया गया। इसी कड़ी में जनपद फिरोजाबाद की तहसील फिरोजाबाद के अम्बेडकर नगर स्थित अम्बेडकर पार्क में भूमि पूजन के साथ विकास कार्यों का विधिवत शुभारम्भ हुआ, जिसके तहत जनपद के कुल 50 पार्कों का कायाकल्प हो रहा है।

उल्लेखनीय है कि 26 नवम्बर 1949 को संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को अंगीकृत किया गया था, जो 26 जनवरी 1950 को पूर्ण रूप से लागू हुआ। बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 125वीं जयंती वर्ष 2015 में केंद्र सरकार ने प्रतिवर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाने का निर्णय लिया, ताकि नागरिकों में संवैधानिक जागरूकता सुदृढ़ हो। प्रदेश सरकार की यह योजना संविधान निर्माण में योगदान देने वाले राष्ट्र निमार्ताओं के प्रति सच्ची कृतज्ञता व्यक्त करती है। जनपद फिरोजाबाद में इस योजना का क्रियान्वयन अपनी समन्वित कार्यप्रणाली के कारण विशेष महत्व रखता है। राज्य में पहली बार नगर निगम, नगर पालिका परिषद और ग्रामीण क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों को एक साथ जोड़ते हुए पार्कों और बाबा साहब की प्रतिमाओं के संरक्षण का अभियान प्रारम्भ किया गया है। इस एकीकृत व्यवस्था से फिरोजाबाद के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों के सार्वजनिक स्थलों के रखरखाव में एकरूपता सुनिश्चित होगी।

योजना के अन्तर्गत जनपद फिरोजाबाद के शहरी वार्डों और ग्रामीण अंचलों में चिह्नित सभी 50 पार्कों का सुनियोजित जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण हो रहा है। इन पार्कों में स्थापित बाबा साहब की प्रतिमाओं के संरक्षण, परिसर की स्वच्छता, सुगम आवागमन और आवश्यक सार्वजनिक सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दी गई है, जिससे स्थानीय नागरिकों को स्वच्छ एवं प्रेरक वातावरण उपलब्ध हो सके। प्रदेश सरकार की यह पहल केवल भौतिक अवसंरचना के निर्माण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह भावी पीढ़ी को संवैधानिक अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति शिक्षित करने का सशक्त माध्यम भी है। फिरोजाबाद के कस्बों और गांवों में संवर रहे ये प्रेरणास्थल विद्यार्थियों और युवाओं को महापुरुषों के विचारों तथा राष्ट्र निर्माण की परम्परा से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जनपद फिरोजाबाद में इन 50 पार्कों के कायाकल्प से शहरी और ग्रामीण जनजीवन में सकारात्मक बदलाव आएगा। स्वच्छ, सुरक्षित और सुव्यवस्थित परिवेश उपलब्ध होने से वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और बच्चों को बेहतर सार्वजनिक सुविधाएं मिलेंगी तथा स्थानीय स्तर पर सामाजिक सद्भाव को भी बल मिलेगा।

जिला प्रशासन द्वारा जनपद फिरोजाबाद में योजना के पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं। सम्बन्धित नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों के समन्वय से कार्यों की नियमित निगरानी की व्यवस्था की गई है, ताकि जीर्णोद्धार कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध रूप से पूर्ण हो सकें।

योजना की स्थायी सफलता के लिए सरकारी प्रयासों के साथ जनसहभागिता को भी आमंत्रित किया गया है। जिला प्रशासन ने फिरोजाबाद के नागरिकों से अपेक्षा की है कि वे नवविकसित पार्कों और प्रतिमा स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने तथा सार्वजनिक परिसंपत्तियों के संरक्षण में सक्रिय योगदान दें, जिससे ये स्थल सदैव गरिमामय बने रहें।

समग्र रूप से, ह्यडॉ. बी. आर. आंबेडकर मूर्ति विकास योजनाह्ण केंद्र सरकार की संवैधानिक जागरूकता और प्रदेश सरकार की विकास नीति के समन्वय को साकार करती है।

जनपद फिरोजाबाद के 50 पार्कों और प्रतिमाओं के संवरने से सार्वजनिक सुविधाएं सुदृढ़ होंगी तथा समाज में एकता, समानता और राष्ट्रीय चेतना को निरन्तर नई ऊर्जा मिलती रहेगी।

● डॉ0 सीमा गुप्ता

सिने संसार



अभिनेत्री सारा अर्जुन

मनीष शर्मा की लव स्टोरी में आएंगी नजर

फिल्म "धुरंधर" से चर्चा में आईं सारा अर्जुन के हाथ एक बड़ा प्रोजेक्ट लगा है। खबरों के मुताबिक, सारा जल्द ही यशराज फिल्म्स की एक नई फिल्म में नजर आ सकती हैं। इस फिल्म का निर्देशन मनीष शर्मा करेंगे। खास बात यह है कि फिल्म एक म्यूजिकल लव स्टोरी होगी, जिसमें आठ गाने होने की बात कही जा रही है।

पंजाब में शुरू होगी फिल्म की शूटिंग - मिड-डे की रिपोर्ट के मुताबिक, सारा अर्जुन की यह यशराज फिल्म्स के साथ पहली फिल्म होगी। फिलहाल फिल्म की तैयारियां चल रही हैं। इसकी शूटिंग जनवरी 2027 में पंजाब में शुरू होने की उम्मीद है। सारा इस फिल्म में मुख्य भूमिका निभाएंगी। वहीं, वेब सीरीज 'सपने वर्सेज एवरीवन' से पहचान बनाने वाले अभिनेता अम्बरीश वर्मा भी फिल्म का हिस्सा हो सकते हैं। हालांकि, बाकी कलाकारों और उनके किरदारों को लेकर अभी कोई जानकारी सामने नहीं आई है। मिड-डे को एक सूत्र ने बताया, "सारा की अगली फिल्म यशराज फिल्म्स के साथ एक लव स्टोरी है। फिल्म की तैयारियां चल रही हैं और वह जनवरी में पंजाब में इसकी शूटिंग शुरू करेंगी।"

फिल्म में होंगे आठ गाने, पहली बार साथ आएंगे सारा और मनीष - इस फिल्म की सबसे खास बात इसका म्यूजिक होगा। खबरों के मुताबिक, फिल्म में आठ गाने रखे जाएंगे। यानी कहानी को आगे बढ़ाने में गानों की अहम भूमिका होगी। इस फिल्म के जरिए सारा अर्जुन और निर्देशक मनीष शर्मा पहली बार साथ काम करेंगे। मनीष इससे पहले 'बैंड बाजा बारात' और 'शुद्ध देसी रोमांस' जैसी रोमांटिक फिल्में बना चुके हैं।

रोमांटिक फिल्मों की दुनिया में लौटेंगे मनीष शर्मा - मनीष शर्मा ने साल 2010 में रणवीर सिंह और अनुष्का शर्मा की फिल्म 'बैंड बाजा बारात' से निर्देशन की शुरूआत की थी। इसके बाद उन्होंने 2013 में 'शुद्ध देसी रोमांस' बनाई, जिसमें सुशांत सिंह राजपूत, परिणीति चोपड़ा और वाणी कपूर नजर आए थे। मिड-डे से बातचीत में एक सूत्र ने कहा, "मनीष 'बैंड बाजा बारात' और 'शुद्ध देसी रोमांस' जैसी आज के दौर की प्रेम कहानियों के लिए जाने जाते हैं। ऐसे में एक बार फिर युवा कलाकारों के साथ उनका काम देखना दिलचस्प होगा।" मनीष शर्मा की पिछली निर्देशित फिल्म 'टाइगर 3' थी, जो 2023 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सलमान खान और कैटरीना कैफ मुख्य भूमिका में थे। अब उनका नया प्रोजेक्ट उन्हें एक बार फिर रोमांटिक फिल्मों की दुनिया में लेकर आ सकता है।

अभिनेता रवि किशन ने खुलासा किया कि उनके अभिनय के शौक से नाराज पिता उन्हें जान से मारना चाहते थे। रामलीला में सीता का किरदार निभाने पर पिता ने उन्हें बेल्ट से बुरी तरह पीटा था। ऐसे में उनकी मां ने उन्हें घर से भागने में मदद कर उनकी जान बचाई, जिसने उनके जीवन की दिशा पूरी तरह बदल दी...

रवि किशन के फैसले से नाराज थे पिता
मां ने घर से भगाकर बचाई जान

अभिनेता और सांसद रवि किशन ने अपने बचपन से जुड़ा एक ऐसा किस्सा सुनाया है, जिसने उनके जीवन की दिशा बदल दी। उन्होंने बताया कि जब उनके पिता को पता चला कि वह अभिनेता बनना चाहते हैं, तो वे बहुत गुस्सा हो गए थे। नौबत यहां तक पहुंच गई थी कि उनके पिता उन्हें जान से मारना चाहते थे। उस मुश्किल वक्त में उनकी मां ने उनकी मदद की और उन्हें वहां से भागने में मदद की।

हाल ही में रवि किशन, अक्षय कुमार के साथ कॉफी विद करण 9 में नजर आए। शो के दौरान उन्होंने बताया कि उनके पिता चाहते थे कि वह परिवार का दूध का कारोबार संभालें या फिर सरकारी नौकरी करें। उनके पिता पुजारी थे और दूध का कारोबार भी चलाते थे। लेकिन रवि किशन को बचपन से ही एक्टिंग का शौक था और वह थिएटर किया करते थे।

रवि किशन ने बताया कि एक बार उन्होंने रामलीला में सीता का किरदार निभाया था। इस दौरान उन्होंने साड़ी पहनी थी। जब उनके पिता ने उन्हें इस रूप में देखा, तो वे बुरी तरह नाराज हो गए और चमड़े की बेल्ट से उनकी पिटाई कर दी। रवि किशन ने शो में बताया, "वह चाहते थे कि मैं उनके कारोबार का हिस्सा बनूं या सरकारी नौकरी करूं। लेकिन मैं थिएटर कर रहा था। रामलीला के एक कार्यक्रम में मैंने साड़ी पहनी थी। मुझे ऐसा करते देखकर पिता ने चमड़े की बेल्ट से बहुत बुरी तरह पीटा। उन्होंने मुझसे कहा, 'तुम महिला डांसर बनना चाहते हो?' 90 के दशक में फिल्मों में काम करने को इज्जतदार पेशा नहीं माना जाता था।"

रवि किशन ने बताया कि उनके पिता का गुस्सा इतना बढ़ गया था कि अगर उनकी मां बीच में न आतीं, तो उस दिन उनकी जान भी जा सकती थी। उनके पिता को लग रहा था कि रवि ने परिवार की इज्जत खराब कर दी है। उन्होंने कहा, "इसके बाद मां ने मुझे वहां से भागने में मदद की, क्योंकि पिता मुझे मार डालना चाहते थे। उन्हें लग रहा था कि मैंने परिवार का नाम खराब कर दिया है।" रवि किशन पहले भी एक पॉडकास्ट में अपने बचपन के इस अनुभव के बारे में बात कर चुके हैं। उन्होंने बताया था कि इस घटना ने उनकी जिंदगी की दिशा बदल दी थी। करीब चार साल पहले नवरात्रि के खास एपिसोड में रवि किशन ने स्वर्ण भारत शो में भी इस किस्से का जिक्र किया था। उन्होंने बताया था कि वह बनारस के पास एक गांव से आते हैं और उनके पिता पुजारी थे। बचपन से ही उनका सपना अभिनेता बनने का था। इसी सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने रामलीला में सीता का किरदार भी निभाया था। इस साल रवि किशन ने दिल्ली की रामलीला में भगवान राम का किरदार निभाया। वहीं, इन दिनों सोशल मीडिया पर उनके वन-लाइनर्स भी खूब चर्चा में हैं। उनके मजेदार डायलॉग्स पर लोग मीम्स बना रहे हैं।





शनिवार, 28 नवम्बर 2026(पंचांग)

सूर्योदय - 06 : 23
सूर्यास्त - 05 : 08



ज्योतिषाचार्य
आचार्य
महेश चन्द्र मिश्र

मेष : परेशानी, आरोग्य सुख में कमी, अकेलेपन की अनुभूति, हानि, शेष समय लाभदायक, भौतिक सुख।
वृषभ : स्थिति सुदृढ़, मेल-मिलाप में अभिरुचि, धर्म के प्रति आस्था, शेष समय में परेशानी, आय में न्यूनता।
मिथुन : विचारित कार्यों में प्रगति का सिलसिला, आशानुकूल घटना घटित, नौकरी में पदोन्नति, कर्ज।
कर्क : स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, सुसंदेश की प्राप्ति, मान-सम्मानपरक कृत्य सम्पन्न, उन्नति।
सिंह : उलझनें, उत्तरदायित्व की पूर्ति में बाधा, लाभ में कमी, तनाव भी, शेष समय में सफलता, आध्यात्म।
कन्या : कुछेक कार्य प्रगति पर, योजना साकार होने की ओर, प्रसन्नता, शेष समय विपरीत, मानसिक अशांति।
तुला : चिरवांछित कार्यों में सफलता, व्यापार में विस्तार, दूसरों की उलझनों से राहत, परोपकार की भावना जागृत।
वृश्चिक : शुभ भावनाओं का उदय, धन सम्पत्ति विषयक मसला हल, अधिकारियों से सहयोग, विचार-विमर्श।
धनु : स्वास्थ्य में व्यवधान, उत्तरदायित्व की पूर्ति में बाधा, आशांति का माहौल, शेष समय में आर्थिक प्रगति।
मकर : मनोरथ पूर्ण, घरेलू वातावरण सुख, मंगलकृत्य सम्पन्न, शेष समय में प्रगति में बाधा, वरिष्ठजनों की सलाह निरर्थक, यात्रा में परेशानी।
कुम्भ : निराशा का समापन, साझेदारी के व्यापार में सफलता, मित्रों से अपेक्षित सहयोग, बकाए धन की प्राप्ति।
मीन : स्वास्थ्य सुधार, मनोरंजन की ओर प्रवृत्ति, वैमनस्यता का समापन, ज्ञान-विज्ञान की ओर रुझान, मानसिक शांति, कुछेक मसला सुलझने की ओर।

मुद्रक व प्रकाशक बीनू गुप्ता द्वारा स्वामी मीडियाटेक्स्ट प्रा.लि. के लिए मीडियाटेक्स्ट प्रा.लि. आराजी संख्या 68, मौजा गोविन्दपुर, जी.टी. रोड रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित कराकर सी 32/22-23 रामसिंह राणा नगर
विद्यापीठ रोड, वाराणसी से प्रकाशित। सम्पादक- बीनू गुप्ता। स्थानीय सम्पादक- सत्येन्द्र श्रीवास्तव ✡ सहायक सम्पादक- प्रवीण राय, आर.एन.आई.संख्या - यूपीएचआइएन/2013/53226 (सभी विवाद वाराणसी न्यायालय के अधीन) (संस्थापक-स्व. डॉ. लक्ष्मण दास)
फोन नं.-0542-2220300, ईमेल- betsamachar@gmail.com

✡ इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन तथा कानूनी मामलों के लिए उत्तरदायी

बाल विवाह के खिलाफ सड़क पर उतरीं बच्चियां

जागरूकता अभियान

✡ रैली निकालकर लोगों को किया जागरूक, बेटियों की शिक्षा पर दिया जोर

भारत एकता टाइम्स/जौनपुर

शुक्रवार दोपहर 1 बजे जन विकास संस्थान की ओर से बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें दो दर्जन से ज्यादा बच्चियों ने हिस्सा लिया। बच्चियों ने रैली निकालकर लोगों को बाल विवाह के दुष्परिणाम बताए और कम उम्र में बच्चों की शादी नही रैली में बच्चियों ने कहा कि बाल विवाह से बच्चों की शिक्षा और उनके विकास पर असर पड़ता है। कम उम्र में शादी होने से बच्चों को आगे बढ़ने और अपने सपने पूरे करने का मौका नहीं मिल पाता। इसलिए समाज के हर व्यक्ति को



बाल विवाह रोकने के लिए जागरूक होना चाहिए। बच्चियों ने कहा कि हर बच्चे को शिक्षा पाने और अपने सपने पूरे करने का अवसर मिलना चाहिए। अभियान में बाल विवाह रोकने के साथ बेटियों की शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। उन्होंने लोगों से बेटियों को पढ़ाने और उन्हें आगे बढ़ने का मौका देने की अपील की। जन विकास संस्थान ने अभिभावकों और आम लोगों से बाल विवाह के खिलाफ आगे आने की अपील की। अभियान के जरिए लोगों को बाल विवाह रोकने और समाज में जागरूकता फैलाने का संदेश दिया गया। साथ ही बाल विवाह मुक्त समाज बनाने में सभी से सहयोग करने की अपील की गई।

ग्राम रोजगार सेवकों ने विधानसभा घेराव की चेतावनी दी

जौनपुर। कलेक्ट्रेट परिसर में शुक्रवार दोपहर 12:30 बजे ग्राम रोजगार सेवकों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट स्वेता गुप्ता को सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व ग्राम रोजगार सेवक संघर्ष मोर्चा के जिलाध्यक्ष डीपी शुक्ला डीपी शुक्ला ने कहा कि मांगें पूरी नहीं हुईं तो 3 दिसंबर को विधानसभा का घेराव करेंगे। उन्होंने बताया कि ग्राम रोजगार सेवक पिछले 20 साल से ग्राम पंचायतों में काम कर रहे हैं। वे सरकार के दिए काम करते हैं और मनरेगा, सेवकों ने मानदेय कम से कम 24 हजार रुपए करने और भुगतान के लिए अलग बजट रखने की मांग की। उन्होंने सेवकों और उनके परिवारों को कैशलेस इलाज की सुविधा देने और एचआर पॉलिसी लागू करने की भी मांग रखी।

मेडिकल कॉलेज ने चलाया सड़क सुरक्षा अभियान

✡ वाहन चालकों को बताए हादसों से बचने के तरीके

भारत एकता टाइम्स/ जौनपुर



उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय की ओर से शुक्रवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया गया। मेडिकल कॉलेज के मुख्य मार्ग पर नागरिकों, वाहन चालकों और राहगीरों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम प्रधानाचार्य प्रो. (डॉ.) आरबी कमल के निर्देशन में आयोजित किया गया। इसका नेतृत्व सड़क सुरक्षा नोडल अधिकारी डॉ. मुदित चौहान ने किया। अभियान के दौरान मेडिकल कॉलेज के मुख्य मार्ग से गुजरने वाले लोगों को रोककर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। उन्हें सड़क पर सुरक्षित चलने और वाहन चलाते समय जरूरी सावधानियां बरतने की जानकारी दी गई। डॉ. मुदित चौहान ने वाहन चालकों से यातायात संकेतों का पालन करने की अपील की। उन्होंने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और कार चलाते समय सीट बेल्ट का इस्तेमाल जरूर करें। सड़क पार करते समय जेब्रा क्रॉसिंग का सही तरीके से उपयोग करें। इन नियमों को अपनाकर दुर्घटना के दौरान गंभीर चोट और जान के नुकसान की आशंका कम की जा सकती है। डॉ. चौहान ने कहा कि सड़क हादसे का असर केवल दुर्घटना में शामिल व्यक्ति तक सीमित नहीं रहता, बल्कि उसके पूरे परिवार को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। तेज रफ्तार, वाहन चलाते समय लापरवाही, हेलमेट और सीट बेल्ट का इस्तेमाल नहीं करना हादसों के प्रमुख कारण हैं। इसके अलावा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग भी दुर्घटना की आशंका बढ़ाता है। अभियान में लोगों से खुद यातायात नियमों का पालन करने के साथ परिवार के बच्चों और युवाओं को भी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की अपील की गई। डॉ. चौहान ने कहा कि सड़क पर सुरक्षित रहने के लिए हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी।

शादी की तैयारियों के बीच पड़ोसियों पर मारपीट का आरोप

जौनपुर। जलालपुर थाना क्षेत्र के बलुआ कोरी गांव में शादी वाले परिवार ने पड़ोसियों पर मारपीट और महिलाओं से बदसलूकी करने का आरोप लगाया है। परिवार का आरोप है कि घटनास्थल पर पहुंची पुलिस टीम के साथ भी कुछ लोगों ने धक्का-मुक्की और गाली-गलौज की। गांव निवासी महेंद्र राजभर के बेटे की शादी आगामी 2 तारीख को है। परिवार शादी की तैयारियों के लिए बाहर से गांव लौटा था। महेंद्र का आरोप है कि उनके खानदान के पड़ोसी और कुछ अन्य लोग परिवार के साथ मारपीट कर रहे हैं। महिलाओं के साथ भी बदसलूकी और मारपीट की गई। महेंद्र ने जलालपुर थाने में तहरीर देकर सुरक्षा और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इसके बाद पुलिस टीम घटनास्थल का जायजा लेने पहुंची। आरोप है कि वहां मौजूद कुछ लोगों और महिलाओं ने पुलिसकर्मियों से नोकझोंक की। उनके साथ धक्का-मुक्की और गाली-गलौज भी की गई। परिवार का कहना है कि करीब एक साल पहले भी इसी तरह के विवाद में केस दर्ज हुआ था। परिवार ने आरोप लगाया कि गांव के कुछ लोग मौजूदा मामले को सियासी रंग देने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने भविष्य में किसी बड़ी घटना की आशंका जताते हुए।

कारोबार/खेल

एलेक्जेंडर ज्वेरेव के नाम बड़ी उपलब्धि

✡ 70वीं जीत दर्ज की, बनाई फेडरर-नडाल और जोकोविच के खास क्लब में जगह

भारत एकता टाइम्स/ पेरिस



दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने अपने करियर में एक और यादगार अध्याय जोड़ा है। वह इस सदी के 12वें खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने एक कैलेंडर ईयर में कम से कम 70 टूर-लेवल जीत दर्ज की हैं। उन्होंने गुरुवार को बोलोग्ना में ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ जर्मनी के डेविस कप फाइनल्स क्वार्टर-फाइनल में आर्थर फेरी पर सीधे सेटों में जीत के साथ यह मुकाम हासिल किया। जर्मनी के स्टार टेनिस खिलाड़ी अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने इस उपलब्धि के साथ खुद को पुरुष टेनिस के महान खिलाड़ियों की सूची में शामिल कर लिया है। रोजर फेडरर, राफेल नडाल और नोवाक जोकोविच जैसे दिग्गज खिलाड़ी भी अपने बेहतरीन सीजन में 70 या उससे अधिक मैच जीत चुके हैं। ज्वेरेव ने 2024 में 69 मैच जीते थे, लेकिन इस साल उन्होंने उससे भी बेहतर प्रदर्शन किया। 70 जीत का आंकड़ा पार करके उन्होंने अपने करियर का नया व्यक्तिगत रिकॉर्ड बनाया और एक नया बेंचमार्क स्थापित किया। 2026 का सीजन अलेक्जेंडर ज्वेरेव के लिए बेहद यादगार रहा। उन्होंने इस साल शानदार प्रदर्शन करते हुए रोलां गैरोस (फ्रेंच ओपन) और यूएस ओपन जीतकर अपने करियर के पहले दो ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किए। इन ऐतिहासिक सफलताओं के दम पर वह इस महीने की शुरूआत में पहली बार एटीपी रैंकिंग में दुनिया के नंबर 1 खिलाड़ी बने। इसके साथ ही ज्वेरेव एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 स्थान हासिल करने वाले इतिहास के 30वें खिलाड़ी भी बने। फ्रेंच ओपन और यूएस ओपन में मिली जीत ने न केवल उन्हें ग्रैंड स्लैम चैंपियन बनाया, बल्कि पुरुष टेनिस के शीर्ष खिलाड़ियों की श्रेणी में भी स्थापित कर दिया। उनकी एक और बड़ी उपलब्धि एक मुश्किल डेविस कप मुकाबले में आई, जहां कैमरन नॉरी ने जान-लेनार्ड स्ट्रफ को हराकर ग्रेट ब्रिटेन को आगे कर दिया था। ज्वेरेव ने फर्नली पर अपनी जीत से जर्मनी को मुकाबले में बनाए रखा, जिससे मैच एक निर्णायक डबल्स मुकाबले में चला गया। हालांकि, जर्मन टीम आखिरकार फाइनल मुकाबला हारने के बाद बाहर हो गई। एटीपी विन/लॉस इंडेक्स के अनुसार, अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने 2026 सीजन का समापन 70 जीत और 19 हार के शानदार रिकॉर्ड के साथ किया। यह उपलब्धि उस यादगार वर्ष में एक और बड़ी उपलब्धि के रूप में जुड़ी, जिसमें उन्होंने पहली बार एटीपी ईयर-एंड नंबर 1 का सम्मान हासिल किया। इस उपलब्धि के साथ ज्वेरेव सीजन के अंत में पुरुषों की एटीपी रैंकिंग में नंबर 1 स्थान पर रहने वाले पहले जर्मन खिलाड़ी बन गए। पिछले सप्ताह एटीपी फाइनल्स के दौरान आयोजित ईयर-एंड नंबर 1 सम्मान समारोह में ज्वेरेव ने इस उपलब्धि को अपने करियर की सबसे बड़ी सफलता बताया। उन्होंने एटीपी के हवाले से कहा, 'यह ट्रॉफी पकड़ना, इस सेलिब्रेशन का हिस्सा बनना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। पिछले साल यह टूर्नामेंट खेलते हुए मैंने सोचा था कि शायद मैं ग्रैंड स्लैम जीत सकता हूं। शायद मैं साल भर अच्छा कर सकता हूं। हालांकि, मैंने सोचा भी नहीं था कि मैं यह ट्रॉफी पकड़े यहाँ खड़ा हो सकता हूं। ईयर-एंड नंबर 1 बनना सबसे खास बात है। यह मेरे करियर की सबसे बड़ी कामयाबी है।' 2000 से एक सीजन में कम से कम 70 टूर-लेवल जीत दर्ज करने वाले खिलाड़ियों की लिस्ट में इस खेल के कई लेजेंड शामिल हैं। मराट साफिन ने 2000 में 73 जीत के साथ यह उपलब्धि हासिल की, उनके बाद लेटन हेविट हैं, जिन्होंने 2001 में 80 जीत दर्ज कीं। रेनर श्यूटलर ने 2003 में 71 जीत हासिल कीं, जबकि एंडी रॉडिक ने 2003 (72) और 2004 (74) में यह आंकड़ा पार किया।

कोलकाता में जनवरी 2027 में सजेगा ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट

✡ शीर्ष खिलाड़ियों के शामिल होने की उम्मीद

भारत एकता टाइम्स/ नई दिल्ली



'सिटी ऑफ जॉय' कहलाने वाले कोलकाता में एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय स्तर की शतरंज प्रतियोगिता आयोजित होने जा रही है। 7 से 10 जनवरी 2027 तक यहां एक बड़ा ग्रैंडमास्टर टूर्नामेंट खेला जाएगा, जिसमें कई शीर्ष शतरंज खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। चार दिवसीय टूर्नामेंट में रैपिड और ब्लिट्ज दोनों फॉर्मेट शामिल होंगे। इसका आयोजन कोलकाता के 'धोनो धान्यो ऑडिटोरियम' में किया जाएगा। 'टाटा स्टील चेस इंडिया' दुनिया के शीर्ष शतरंज खिलाड़ियों को अपना कौशल दिखाने, उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और खेल प्रेमियों को एक शानदार माहौल में जोड़ने के लिए एक मंच प्रदान करेगा। शतरंज के साथ कोलकाता के पुराने और गहरे जुड़ाव तथा इस खेल के प्रति यहां बढ़ते उत्साह को देखते हुए, यह इवेंट भारतीय शतरंज कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण आयोजन साबित होगा। 2018 में शुरू हुए 'टाटा स्टील चेस इंडिया' (जो कोविड-19 महामारी के कारण 2020 में आयोजित नहीं हो सका था) के रैपिड सेक्शन में मैग्नस कार्लसन और निहाल सरीन दो-दो बार जीत हासिल कर चुके हैं। इसके अलावा, हिकारू नाकामुरा (यूएसए), अर्जुन एरिगैसी और मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव भी इसके विजेता रहे हैं। कार्लसन ने ब्लिट्ज खिताब भी दो बार जीता है, जबकि अन्य विजेताओं में विश्वनाथन आनंद, अर्जुन एरिगासी, लेवोन अरोनियन, अलेक्जेंडर ग्रिशचुक और वेस्ली सो शामिल हैं।

पहले दिन का खेल खत्म

टेस्ट सीरीज

✡ ब्लंडेल और लाथम के अर्धशतक की बदौलत न्यूजीलैंड 246/5, भारत के लिए आकाश दीप रहे सबसे सफल

भारत एकता टाइम्स/ क्राइस्टचर्च



भारत और न्यूजीलैंड के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला क्राइस्टचर्च के हेगली ओवल में खेला जा रहा है। पहले दिन का खेल समाप्त हो चुका है और टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने अपनी पहली पारी में पांच विकेट गंवाकर 246 रन बना लिए हैं। टॉम ब्लंडेल 53 रन और ग्लेन फिलिप्स 36 रन बनाकर नाबाद हैं। दोनों के बीच छठे विकेट के लिए 62 रन की अटूट साझेदारी हो चुकी है। भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया था। टीम इंडिया में प्रसिद्ध कृष्णा की जगह गुरनूर बराड़ को शामिल किया गया। उन्हें बुमराह ने टेस्ट डेब्यू कैप सौंपी। गुरनूर ने इस फैसले को सही साबित करते हुए न्यूजीलैंड को पहला झटका दिया। उन्होंने डेवोन कॉनवे को एल्बीडब्ल्यू आउट किया। आउट होने से पहले कॉनवे ने कप्तान टॉम लाथम के साथ 77 रन की ओपनिंग साझेदारी निभाई। कॉनवे 79 गेंद में चार चौके की मदद से 31 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद न्यूजीलैंड ने 13 मिनट के अंतराल पर तीन विकेट गंवाए। यानी न्यूजीलैंड को लगातार तीन ओवर में तीन झटके लगे। ये तीनों झटके न्यूजीलैंड को 110 के स्कोर पर लगे। कीवियो को 110 के स्कोर पर दूसरा झटका कप्तान टॉम लाथम के रूप में लगा। लाथम को दिन के पहले ही ओवर में एलबीडब्ल्यू के फैसले को चुनौती देकर अपना विकेट बचाने में सफलता मिली। इसके बाद उन्हें एक और जीवनदान मिला, जब दूसरी स्लिप में खड़े केएल राहुल ने उनका अपेक्षाकृत आसान कैच छोड़ दिया। इसका फायदा उठाते हुए लाथम ने टेस्ट करियर का 32वां अर्धशतक जड़ा। वह 128 गेंद में छह चौके की मदद से 59 रन बनाकर 42वें ओवर में आकाश दीप की गेंद पर आउट हुए। फिर 43वें ओवर में अंशुल कंबोज ने हेनरी निकोल्स को पवेलियन भेजा। निकोल्स 16 रन बना सके। इसके बाद 44वें ओवर में एक बार फिर आकाश ने विकेट झटका। उन्होंने रचिन रवींद्र को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा। डेरिल मिचेल को वॉशिंगटन सुंदर ने जुरेल के हाथों कैच कराया। मिचेल 31 रन बना सके। मिचेल ने ब्लंडेल के साथ पांचवें विकेट के लिए 74 रन की साझेदारी निभाई। मिचेल के विकेट के बाद से फिलिप्स और ब्लंडेल ने सूझबूझ वाला खेल दिखाया और कोई झटका नहीं लगने दिया। इस बीच ब्लंडेल ने टेस्ट करियर का 13वां अर्धशतक पूरा किया। क्राइस्टचर्च टेस्ट में न्यूजीलैंड के तीन खिलाड़ियों ने खास उपलब्धियां हासिल कीं। टॉम ब्लंडेल अपना 50वां टेस्ट मैच खेल रहे हैं। वहीं, कप्तान टॉम लाथम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 300 मुकाबले पूरे कर लिए हैं। डेवोन कॉनवे के लिए भी यह मुकाबला खास है। वह अपना 150वां अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे हैं।

टी20 में ओवरटन ने रचा इतिहास

✡ 5 विकेट लेकर ऑस्ट्रेलिया को समेटा, कंगारुओं के नाम शर्मनाक रिकॉर्ड



ब्रिस्बेन। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जेमी ओवरटन ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे टी20 मुकाबले में शानदार गेंदबाजी करते हुए इतिहास रच दिया। ब्रिस्बेन के गाबा मैदान पर खेले गए इस मुकाबले में ओवरटन ने महज 12 रन देकर पांच विकेट हासिल किए। इसके साथ ही वह गाबा में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पांच विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए। ओवरटन की घातक गेंदबाजी के सामने ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज टिक नहीं सके और पूरी टीम 16.5 ओवर में 108 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में ऑस्ट्रेलिया का अपने घरेलू मैदान पर सबसे कम स्कोर है। जेमी ओवरटन का यह प्रदर्शन कई मायनों में खास रहा। वह गाबा के मैदान पर टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में पांच विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने। इससे पहले इस मैदान पर सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी का रिकॉर्ड ऑस्ट्रेलिया के मिचेल स्टार्क के नाम था। स्टार्क ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 20 रन देकर चार विकेट हासिल किए थे। ओवरटन के अलावा इंग्लैंड के लियाम डॉसन ने भी शानदार गेंदबाजी की और 16 रन देकर तीन विकेट अपने नाम किए। दोनों गेंदबाजों के सामने ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी पूरी तरह बिखर गई। ओवरटन टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पांच विकेट लेने वाले इंग्लैंड के दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। उनसे पहले सैम करन ने टी20 विश्व कप 2022 में अफगानिस्तान के खिलाफ 10 रन देकर पांच विकेट हासिल किए थे। इस तरह ओवरटन ने 5/12 के आंकड़े के साथ इंग्लैंड की ओर से टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरा सर्वश्रेष्ठ पांच विकेट का प्रदर्शन भी दर्ज किया। गाबा में ऑस्ट्रेलिया की टीम महज 108 रन पर सिमट गई। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में घरेलू मैदान पर ऑस्ट्रेलिया का अब तक का सबसे कम स्कोर है। इससे पहले टीम ने 2022 में सिडनी में न्यूजीलैंड के खिलाफ 111 रन बनाए थे। वहीं, इंग्लैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी ऑस्ट्रेलिया का यह दूसरा सबसे कम स्कोर रहा। इससे पहले 2005 में साउथेम्पटन में टीम महज 79 रन पर ऑलआउट हुई थी।

शेयर बाजार में बड़ी गिरावट

✡ सेंसेक्स 989 अंक लुढ़का निफ्टी 25600 के करीब

भारत एकता टाइम्स/ नई दिल्ली



भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को दो दिन की तेजी पर विराम लग गया। बेंचमार्क इक्विटी सूचकांकों में भारी गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 989 अंक टूटकर बंद हुआ। निफ्टी भी 25,607 के स्तर पर आ गया। ब्लू-चिप आईटी शेयरों और एचडीएफसी बैंक में मुनाफावसूली इसका मुख्य कारण रही। कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि ने भी बाजार पर दबाव डाला। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 989.33 अंक या 1.17 फीसदी गिरकर 83,339.26 पर बंद हुआ। दिन के कारोबार के दौरान यह 1,120.26 अंक या 1.32 फीसदी तक नीचे चला गया था। यह 83,208.33 के निचले स्तर पर पहुंच गया था। इस गिरावट ने निवेशकों की चिंताएं बढ़ा दीं। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 277.30 अंक या 1.07 फीसदी की गिरावट के साथ 25,607.20 पर समाप्त हुआ। निफ्टी में भी दिन भर उतार-चढ़ाव बना रहा। वैश्विक तेल बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 0.76 फीसदी बढ़कर 97.22 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए चुनौती बनी हुई हैं। गुरुवार को सेंसेक्स 390.31 अंक या 0.46 फीसदी बढ़कर 84,328.59 पर बंद हुआ था। निफ्टी 65.25 अंक या 0.25 फीसदी बढ़कर 25,884.50 पर समाप्त हुआ था। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के हेड ऑफ रिसर्च विनोद नायर ने बाजार की स्थिति पर टिप्पणी की। उन्होंने बताया कि भारतीय इक्विटी ने चार सप्ताह की मजबूत तेजी के बाद थोड़ा विराम लिया। उच्च कच्चे तेल की कीमतें बाजार के लिए एक चिंता का विषय बनीं।

दुनिया में भारतीय बाजार का डंका

✡ तीसरा सबसे बड़ा लिस्टेड एक्सचेंज बना एनएसई

भारत एकता टाइम्स/ नई दिल्ली



भारतीय पूंजी बाजार ने वैश्विक वित्तीय पटल पर एक नया इतिहास रच दिया है। देश का प्रमुख शेयर बाजार नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया बाजार पूंजीकरण के लिहाज से दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा लिस्टेड स्टॉक एक्सचेंज बन गया है। शेयर बाजार में अपनी बहुप्रतीक्षित लिस्टिंग के ठीक दो महीने बाद एनएसई के शेयरों में आई निरंतर तेजी के दम पर यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल हुई है। इस शानदार तेजी के साथ एनएसई ने यूरोप और एशिया के सदियों पुराने वित्तीय दिग्गजों- जर्मनी के डॉयचे बोर्स, ब्रिटेन के लंदन स्टॉक एक्सचेंज ग्रुप, अमेरिकी एक्सचेंज नैस्डैक और हांगकांग के एचकेईएक्स को पछाड़कर तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। ताजा बाजार आंकड़ों के अनुसार, एनएसई का कुल मूल्यांकन 64.1 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंच गया है। सीएमई ग्रुप 111.6 अरब डॉलर के मार्केट कैप के साथ वैश्विक स्तर पर पहले पायदान पर काबिज है। इंटरकॉन्टिनेंटल एक्सचेंजः 99.4 अरब डॉलर के मूल्यांकन के साथ दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एक्सचेंज है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंजः 64.1 अरब डॉलर के साथ अब दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा लिस्टेड एक्सचेंज बन चुका है। डॉयचे बोर्सः 63.4 अरब डॉलर के साथ चौथे स्थान पर खिसक गया है। लंदन स्टॉक एक्सचेंज ग्रुप : 62.4 अरब डॉलर के साथ पांचवें स्थान पर है। नैस्डैक : 59.4 अरब डॉलर के बाजार पूंजीकरण के साथ छठे स्थान पर आ गया है। हांगकांग एक्सचेंजः 57.1 अरब डॉलर के मूल्यांकन के साथ सातवें स्थान पर है। विशेष बात यह है कि महज एक सप्ताह पहले, यानी 20 नवंबर को एनएसई दुनिया का पांचवां सबसे बड़ा लिस्टेड एक्सचेंज बना था, जहां से लंबी छलांग लगाकर यह सीधे तीसरे स्थान पर पहुंच गया है। मार्केट कैप 5.76 लाख करोड़ के पारः हालिया कारोबारी सत्र में एनएसई का बाजार पूंजीकरण 5.76 लाख करोड़ को पार कर गया। देश की 9वीं सबसे मूल्यवान कंपनीः इस मूल्यांकन के साथ ही एनएसई भारतीय शेयर बाजार की नौवीं सबसे मूल्यवान लिस्टेड कंपनी बन गया है। शेयरों में 32% की जोरदार रैलीः रिपोर्ट दर्ज किए जाने के समय एनएसई के शेयर 2.24 प्रतिशत चढ़कर 2,369.65 पर कारोबार कर रहे थे। यह भाव 24 सितंबर को हुई इसकी लिस्टिंग कीमत 1,800 से लगभग 32 प्रतिशत अधिक है। आईपीओ को मिला था तगड़ा रिस्पॉन्सः 17 से 21 सितंबर के दौरान खुले एनएसई के ?22,561 करोड़ के आईपीओ को 5.69 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था।

सोना 3,658 रुपए महंगा

✡ 1.26 लाख पहुंचा, चांदी 7 हजार बढ़कर 1.54 लाख पहुंची

भारत एकता टाइम्स/ नई दिल्ली



सोने-चांदी के दाम में लगातार दूसरे दिन तेजी रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, आज 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 3,658 रुपए चढ़कर 1.26 लाख के पार पहुंच गया। गुरुवार को यह 1.23 लाख रुपए पर था। वहीं, एक किलो चांदी 6,953 रुपए बढ़कर 1.54 लाख पर पहुंच गई है। यह गुरुवार को 1.47 लाख रुपए पर थी। दो दिन में सोना 5,261 और चांदी 11,355 रुपए महंगी हुई है। ट्रांसपोर्टेशन और सिक्योरिटीः एक शहर से दूसरे शहर सोना ले जाने में ईंधन और सुरक्षा खर्च जुड़ता है, जिससे दूरी बढ़ने पर दाम बढ़ते हैं। खरीदारी की मात्राः दक्षिण भारत में ज्यादा खपत (करीब 40%) के कारण ज्वेलर्स बड़ी खरीद करते हैं, लेकिन छूट का फायदा सीमित रहता है। लोकल ज्वेलरी एसोसिएशनः राज्य और शहर के ज्वेलरी एसोसिएशन स्थानीय मांग-सप्लाई के आधार पर रेट तय करते हैं। पुराना स्टॉक और खरीद मूल्यः ज्वेलर्स का खरीदी रेट तय करता है कि वे ग्राहकों को कितनी कीमत में बेचेंगे। निचले भाव पर खरीदारीः 25 नवंबर को सोना गिरकर 1.21 लाख और चांदी 1.43 लाख पर आ गई थी, इसलिए निवेशक सस्ते भाव का फायदा उठाकर खरीदारी कर रहे हैं। शादी के सीजन में मांगः देश में शादी-ब्याह का सीजन चल रहा है, जिससे ज्वेलरी और चांदी की डिमांड है। डॉलर और ग्लोबल संकेतः अमेरिकी डॉलर की चाल और ग्लोबल मार्केट के बदलते संकेतों से विदेशों में भी दाम संभले हैं, जिसका असर भारत में दिखा है।

बलिया महोत्सव: कलाकर पांच दिसंबर तक जमा करें दस्तावेज





भारत एकता टाइम्स/बलिया

बलिया महोत्सव एवं स्थापना दिवस-2025 में अपनी प्रस्तुति देने वाले कलाकारों और प्रतिभागियों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। जिला पर्यटन अधिकारी रूपेश कुमार गुप्ता ने बताया कि महोत्सव में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों एवं प्रतिभागियों को मानदेय भुगतान के लिए आवश्यक दस्तावेज पर्यटन विभाग के कार्यालय में जमा कराने होंगे। उन्होंने बताया कि बलिया महोत्सव का आयोजन 1 नवंबर से 3 नवंबर 2025 तक किया गया था। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल हुए सभी कलाकारों एवं प्रतिभागियों को अपना मानदेय प्राप्त करने के लिए निर्धारित अभिलेखों की हार्ड कॉपी 05 दिसंबर 2026 को शाम 05 बजे तक जमा करनी होगी। इसके लिए कलाकारों को बैंक पासबुक की स्वप्रमाणित छायाप्रति, जिसमें खाता संख्या और कन्नउ कोड स्पष्ट हो, आधार कार्ड एवं पैन कार्ड की छायाप्रति, कार्यक्रम में प्रस्तुति अथवा उपस्थिति का प्रमाण-पत्र और फोटोग्राफ्स के साथ अपना सक्रिय मोबाइल नंबर उपलब्ध कराना अनिवार्य है। सभी दस्तावेज पर्यटन विभाग के कार्यालय, राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय (15 शैय्या), नगर बलिया में जमा करने होंगे। विभाग की ओर से स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित अंतिम तिथि 5 दिसंबर 2026 को शाम 5 बजे के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। इसके बाद संबंधित कलाकारों एवं प्रतिभागियों को किसी भी प्रकार का मानदेय भुगतान नहीं किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी स्वयं संबंधित कलाकार एवं प्रतिभागियों की होगी। जिला पर्यटन अधिकारी ने सभी संबंधित कलाकारों एवं प्रतिभागियों से समय सीमा के भीतर आवश्यक दस्तावेज जमा कराने की अपील की है। मानदेय भुगतान से संबंधित किसी भी समस्या या जानकारी के लिए पर्यटन शोधार्थी विनीत कुमार शर्मा के मोबाइल नंबर 9651563698 पर संपर्क किया जा सकता है।

मसुविवि के तीन प्राचार्य, दो संकायध्यक्ष एवं वरिष्ठ प्राध्यापक कार्य परिषद के सदस्य नामित

भारत एकता टाइम्स/आजमगढ़



महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय आजमगढ़ के कुलपति प्रोफेसर संजीव कुमार ने विश्वविद्यालय के वरिष्ठ प्राचार्यगण क्रमशः प्रो. विजय राय ,प्रो. अभिमन्यु यादव, प्रो. संत कुमार यादव के साथ-साथ वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. बृजेश एवं प्रो. देवेंद्र कुमार, प्रो. कलीम, प्रो. खालिद, प्रो. अमरजीत, प्रो. प्रहलाद राम, प्रो. जय सिंह, प्रो. निशा यादव एवं राज्य सरकार द्वारा नामित अलीगढ़ के उद्योगपति डॉ.अंकित गुप्ता को विश्वविद्यालय कार्य परिषद का सदस्य नामित किया। विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों के प्राध्यापकगण कार्य परिषद के नामित सभी सदस्यों को समेकित रूप से बधाई दी। विश्व विद्यालय के मीडिया प्रभारी ने बताया कि कुलपति प्रोफेसर संजीव कुमार जी ने उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 1973 की धारा 20 के उपखंडों में विहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए बरदह पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर विजय कुमार राय, कूबा पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर अभिमन्यु यादव एवं तेरही पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर संत कुमार यादव को तथा वरिष्ठता के क्रम में कला संकाय के संकायाध्यक्ष प्रोफेसर देवेंद्र कुमार सिंह तथा कृषि संकाय के संकायाध्यक्ष प्रोफेसर बृजेश प्रजापति को सदस्य के रूप में नामित किया है। कुलपति जी ने सभी को बधाई देते हुए विश्वविद्यालय की प्रगति में यथोचित योगदान देने की अपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि सभी कार्य परिषद के सदस्य योग्य और अनुभवी हैं उनके अनुभव का लाभ निश्चय ही विश्वविद्यालय को प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय की प्रगति में प्राध्यापकगण एवं समाज का बुद्धिजीवी तबका अपना सुझाव किसी भी समय दे सकता है। हम विश्वविद्यालय को गति प्रदान करने के लिए प्रत्येक जिम्मेदार व्यक्ति के सकारात्मक सुझाव आमंत्रित करते हैं। विश्वविद्यालय एवं संबद्ध महाविद्यालयों के प्राध्यापकगण गैर शैक्षणिक कर्मचारी एवं दोनों जनपद का शिक्षक समाज कार्य परिषद के नामित सदस्यों को बधाई दी है।

सपा के घोषणा पत्र पर बरसे मंत्री अनिल राजभर

- बोले- सरकार तो बननी नहीं जनता को गुमराह कर रहे अखिलेश

भारत एकता टाइम्स/आजमगढ़



दौरे पर पहुंचे प्रदेश सरकार के मंत्री अनिल राजभर ने समाजवादी पार्टी के घोषणा पत्र पर हमला बोलते हुए कहा कि प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार तो बननी नहीं है। घोषणाएं करके जनता को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। सरकार के मंत्री अनिल राजभर का कहना है कि समाजवादी की सरकार ने 5 साल मे 138000 सरकारी नौकरी देने का काम किया था। जबकि भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने नव वर्ष में 9 लाख से अधिक लोगों को सरकारी नौकरी देने का काम किया है। प्रदेश की जनता समाजवादी पार्टी के चेहरे को अच्छी तरीके से जानती है। मंत्री अनिल राजभर का कहना है कि जिस तरीके से समाजवादी पार्टी अपने घोषणा पत्र में बड़े-बड़े दावे कर रही है। ऐसे में सवाल यह उठता है कि यह लोग साधन कहां से लाएंगे। इस बारे में जनता को एक बार भी नहीं बताया। मंत्री अनिल राजभर का कहना है कि हर चुनावी घोषणा पत्र समाजवादी पार्टी का देख लिया जाए जो भी वायदा इन लोगों ने किया है 25 परसेंट भी अपना वायदा पूरा नहीं किया है। डॉ अंबेडकर को भू माफिया कहने वाले सपा के लोग सरकार के मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि भाजपा संविधान से सरकार चल रही है। डॉ भीमराव अंबेडकर को समाजवादी पार्टी के मंत्री आजम खान ने भू माफिया बताया था। इसके साथ बाबा भीमराव अंबेडकर के नाम पर कन्नौज में मेडिकल कॉलेज बना था पर सपा के लोगों ने बाबा साहब के नाम को हटा दिया। यह नकली ढोंग करने वाले और संविधान के विरोधी लोग हैं।

विश्वविजय सिंह का आजमगढ़ में भव्य स्वागत

संगठन को मजबूत करने में विश्वविजय सिंह का अनुभव और योगदान कांग्रेस के लिए महत्वपूर्ण

भारत एकता टाइम्स/आजमगढ़



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नवनियुक्त अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव तथा राजस्थान के सह-प्रभारी श्री विश्वविजय सिंह का आजमगढ़ जनपद में स्थित श्री लालसा राय इंटरमीडिएट कॉलेज, सठियांव में कांग्रेसजनों द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। उल्लेखनीय है कि श्री विश्वविजय सिंह पूर्व में आजमगढ़ जनपद के प्रभारी भी रह चुके हैं। उनके राष्ट्रीय सचिव एवं राजस्थान सह-प्रभारी नियुक्त होने के बाद जनपद में प्रथम आगमन पर कांग्रेस कार्यकताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने उन्हें नई जिम्मेदारी मिलने पर बधाई देते हुए उनके सफल कार्यकाल की कामना की। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री कौशल कुमार सिंह 'मुन्ना राय' ने कहा कि विश्वविजय सिंह जी का आजमगढ़ से पुराना और आत्मीय संबंध रहा है। उनके पूर्व के प्रभारी कार्यकाल के दौरान जिले के कांग्रेस कार्यकताओं को उनका मार्गदर्शन और सहयोग प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय सचिव एवं राजस्थान सह-प्रभारी जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना उनके संगठनात्मक अनुभव, समर्पण और कार्यक्षमता का सम्मान है। हमें पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व और अनुभव से कांग्रेस संगठन को राष्ट्रीय स्तर पर नई मजबूती मिलेगी। आजमगढ़ के कांग्रेसजनों के लिए यह गर्व और हर्ष का विषय है। अपने संबोधन में नवनियुक्त राष्ट्रीय सचिव श्री विश्वविजय सिंह ने कहा कि आजमगढ़ की धरती और यहां के कांग्रेस कार्यकताओं से उनका विशेष लगाव रहा है। यहां के कार्यकताओं ने हमेशा उन्हें स्नेह और सम्मान दिया है, जिसके लिए वे हृदय से आभारी हैं। कांग्रेस नेतृत्व ने उन्हें जो नई जिम्मेदारी सौंपी है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। संगठन की मजबूती, कार्यकताओं के सम्मान और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने सभी कांग्रेसजनों का आभार व्यक्त करते हुए संगठन के लिए एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष रियाजुल हसन, राजाराम यादव, राहुल राय, चंद्रपाल सिंह यादव, बेलाल बेग, तेज बहादुर यादव, अंसार अहमद, राम गणेश प्रजापति, मुन्नू यादव, बिपिन कुमार पाठक, दिनेश यादव, अजीत राय, रविकांत त्रिपाठी, रमेश राजभर, संतोष सिंह, मो. आमिर , नजम शमीम, शाने आलम , हरिओम उपाध्याय, राम अवध यादव 'प्रेमी', रामविलास राय, शीला भारती, सीमा भारती, प्रेमा चौहान, शमा खान, अकीलुर्रहमान, गुलाब राय, हरेंद्र सिंह, प्रमोद यादव, प्रदीप यादव , बृजेश पांडेय सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

लखनऊ में सजेगा हुनर का मंच

तरंग 2026 में प्रतिभाग करेंगी बलिया की 10 बालिकाएं

- नृत्य, संगीत और कला में बलिया की बेटियां करेंगी प्रदेश का नाम रोशन

भारत एकता टाइम्स/बलिया



महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित राजकीय बालिका गृह, बलिया की 10 बालिकाओं की टीम राज्य स्तरीय कार्यक्रम 'तरंग 2026' में प्रतिभाग करने के लिए लखनऊ रवाना हुई। आगामी 30 तारीख को लखनऊ में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में प्रदेश के सभी जनपदों से बच्चे प्रतिभाग करेंगे। इस मंच पर बच्चों को अपनी प्रतिभा, लगन, मेहनत और रचनात्मक सोच प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। जिला प्रोवेशन अधिकारी डॉ. अमरेंद्र कुमार पौत्स्यायन ने 10 बालिकाओं की टीम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जनपद बलिया की ये 10 बालिकाएं नृत्य, संगीत, कला एवं आर्ट के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन राज्य स्तर पर करेंगी। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागी बालिकाओं को सम्मानित भी किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों के भीतर छिपी प्रतिभा को निखारना और उन्हें अपनी कला एवं हुनर को बड़े मंच पर प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना है। कार्यक्रम के साथ ही बालिकाओं को लखनऊ के प्रसिद्ध एवं महत्वपूर्ण ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण भी कराया जाएगा, जिससे उन्हें नई जानकारियां और अनुभव प्राप्त होंगे। बालिकाओं की इस टीम के साथ राजकीय बालिका गृह की अध्यक्ष अमीता रानी जैन, जिला मिशन कोऑर्डिनेटर सुश्री अंजलि, मनसा, सपना सहित अन्य स्टाफ सदस्य भी रवाना हुए हैं। टीम के साथ गए अधिकारी एवं कर्मचारी पूरे कार्यक्रम के दौरान बालिकाओं के साथ मौजूद रहेंगे तथा कार्यक्रम संपन्न होने के बाद उन्हें सुरक्षित वापस बलिया लेकर आएंगे। तरंग 2026 में बलिया की इन 10 बेटियों की भागीदारी न केवल उनकी प्रतिभा को नई पहचान दिलाने का अवसर है, बल्कि उनके आत्मविश्वास और रचनात्मक विकास की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम है।

जेएनसीयू में डॉ काशी प्रसाद जायसवाल की जयंती पर व्याख्यान का आयोजन

भारत एकता टाइम्स/बलिया



डॉक्टर काशी प्रसाद जायसवाल की जयंती के अवसर पर जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में व्याख्यान राष्ट्रवादी इतिहास लेखन में डा. काशीप्रसाद जायसवाल का अवदान विषय का आयोजन हुआ। प्राचीन इतिहास, संस्कृति एवं पुरातत्व विभाग के तत्वाधान में आयोजित इस व्याख्यान के मुख्य वक्ता डॉ अभिषेक त्रिपाठी सहायक आचार्य समाजशास्त्र विभाग रहे। अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि भारतीय इतिहास लेखन की परंपरा में राष्ट्रवादी दृष्टिकोण से लिखने वालों में डॉक्टर काशी प्रसाद जायसवाल अग्रणी हैं। उन्होंने औपनिवेशिक इतिहासकारों द्वारा स्थापित भारत में निरंकुश राज्य व्यवस्था की अवधारणा का सफलतापूर्वक खंडन करते हुए हिंदू राज्य तंत्र का सम्यक इतिहास लेखन किया। इसके अतिरिक्त पुरातत्व,मुद्रा शास्त्र एवं अभिलेख पाठन में भी अग्रणी भूमिका निभाई। कार्यक्रम के संयोजक डॉक्टर विवेक कुमार यादव संचालन डॉक्टर विनीत सिंह तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर सौम्या तिवारी प्रभारी अध्यक्ष गृह विज्ञान ने की।कार्यक्रम में डॉ प्रवीण यादव, डॉक्टर रामशरण यादव, डॉक्टर शैलेंद्र सिंह एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

पृष्ठ 1 का शेष

परिसीमन बिल को...

यह भी रोचक है कि परिसीमन से जुड़ी आई अब तक की खबरों में संकेत मिल रहे थे कि सरकार एक फॉर्मूले पर विचार कर रही थी। इसके तहत सभी राज्यों में सीटों की संख्या 50 फीसदी बढ़ाई जाएगी। साथ ही, 1971 की जनगणना के आधार पर उनकी मौजूदा अंतर-राज्यीय हिस्सेदारी को भी बरकरार रखा जाएगा। यह कदम इसलिए उठाया गया है क्योंकि परिसीमन के कारण राज्यों के प्रतिनिधित्व पर पड़ने पड़ने की आशंका है। दक्षिण भारतीय राज्यों ने इस मुद्दे पर विशेष रूप से चिंता जताई थी।

वोट चोर-गद्दी छोड़...

याचिकाकर्ता की ओर से अदालत में कहा गया कि वायरल वीडियो प्रतीकात्मक रूप से प्रभाव डाल सकते हैं। इसलिए मेटा को इन वीडियो को हटाने का निर्देश दिया जाए। साथ ही तेलंगाना सरकार से यह आश्वासन भी मांगा गया कि भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों में विदेशी नागरिकों के भाषणों को नियंत्रित किया जाएगा। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने मामले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया और याचिका खारिज कर दी।

परिसीमन-नारी शक्ति वंदन...

सदनों- लोकसभा और राज्यसभा में विशेष बहुमत से पारित होना अनिवार्य है। आसान बहुमत (सिंपल मैजोरिटी) के जरिए किसी भी विधेयक को 50 फीसदी से ज्यादा सदस्यों की सहमति से पारित कराया जा सकता है, वहीं संविधान में बदलाव के प्रस्तावों के लिए यह विशेष बहुमत जरूरी है।

संख्याबल की बिसात...

के समर्थन की जरूरत। अभी लोकसभा में तीन सीटें खाली हैं। ऐसे में ये आंकड़ा घटकर 360 का हो जाता है। इसी तरह राज्यसभा में भी यह नियम लागू होगा। एनडीए के पास फिलहाल 300 सांसद हैं। इनमें अकेले भाजपा के पास 241 सांसद हैं। इसके बाद दो और पार्टियों- तेदेपा और जदयू के पास क्रमशः 16 और 12 सीटें हैं। वहीं, शिवसेना के पास 13 और लोजपा के पास पांच सांसद हैं। इन पांच पार्टियों को ही मिला दें तो एनडीए बहुमत के आंकड़े के पार पहुंच जाता है। वहीं, तृणमूल कांग्रेस से टूटकर अलग हुई- एनसीपीआई के 20 सांसद भी सरकार के साथ हैं। ऐसे में एनडीए के पास कुल 320 सांसदों का समर्थन हासिल है। यानी एनडीए को 40 अन्य सदस्यों के सहयोग की जरूरत पड़ेगी।

ऐसे भी हो सकता है खेल...

और राकांपा-एसपी (8 सांसद) मतदान से गैरहाजिर रहते हैं या वॉकआउट करते हैं, तो जादुई आंकड़ा घटकर 340 रह जाएगा। इसी तरह राज्य सभा में यदि विपक्ष वॉकआउट करता है, तो 163 का जादुई आंकड़ा नीचे आ जाएगा और एनडीए, जो 152 सीटों के साथ है, आसानी से सीमा पार कर लेगा।

कांग्रेस परिसीमन बिल...

से लोगों का क्या भला करेंगे? कहा-वो दल जो एक ही दिन में 140 से ज्यादा सांसदों का निलंबन करवा देता है और फिर कानून लाकर मुख्य चुनाव आयुक्त को लीगल इम्युनिटी देता है- क्या वो सदन को अच्छे से चलाने की मंशा रखता है? भाजपा की मंशा संविधान बदलने की है, क्योंकि पहले वे अपने मंसूबों में कामयाब नहीं हो सके थे, इसलिए अब परिसीमन के जरिए संख्या बल बढ़ाकर संविधान बदलना चाहते हैं- यही इनका अंतिम लक्ष्य है।

रामायण फिल्म से...

के वकील ने कहा कि फिल्म में तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया गया है। इसके बाद, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची ने कहा कि महाकाव्य की व्याख्या को लेकर कोर्ट आने की क्या जरूरत है। न्यायमूर्ति बागची ने कहा उन्होंने (फिल्म निर्माता) अपनी समझ के हिसाब से फिल्म बनाई है, आप अपनी समझ के हिसाब से फिल्म बना लें। कोर्ट का समय बर्बाद न करें।

यूपी में सपा-कांग्रेस...

आपको मुबारक। मसूद ने 2022 के विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि मुसलमानों ने एकतरफा कांग्रेस को वोट दिया था, फिर भी पार्टी चुनाव नहीं जीत सकी।

मसूद का कहना है कि अगर समाजवादी पार्टी को लगता है कि इन सीटों पर उसके उम्मीदवार जीत सकते हैं तो उसे खुद चुनाव लड़कर अपनी ताकत दिखानी चाहिए। उनके इस बयान को सपा पर ज्यादा सीटें देने का दबाव बनाने की कोशिश के तौर पर देखा जा रहा है। कांग्रेस कितनी सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती है, इस सवाल पर मसूद ने कहा कि पार्टी की मांग 105 सीटों तक सीमित नहीं है। कांग्रेस इससे ज्यादा सीटें चाहती है। उन्होंने 2017 के विधानसभा चुनाव का उदाहरण देते हुए कहा कि उस समय भी पार्टी 105 सीटों पर चुनाव लड़ी थी। मसूद ने कहा कि उस समय कांग्रेस की स्थिति कमजोर थी, लेकिन अब पार्टी का संगठन पहले से मजबूत हुआ है। ऐसे में पार्टी पुरानी संख्या तक खुद को सीमित नहीं रखना चाहती। कांग्रेस नेताओं की ओर से पहले भी यूपी में 100 से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने की मांग सामने आती रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा को हराने की पूरी जिम्मेदारी सिर्फ कांग्रेस की नहीं है, बल्कि सपा को भी अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी। मसूद ने साफ किया कि कांग्रेस गठबंधन के लिए तैयार है, लेकिन सीटों की संख्या के साथ उनकी जीतने की संभावना और गुणवत्ता भी मायने रखती है। दरअसल सपा और कांग्रेस के बीच सीटों को लेकर चल रही बातचीत में इमरान मसूद के बयान ने हलचल बढ़ा दी है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि साल 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को मिली 37 सीटों की जीत में राहुल गांधी की भी अहम भूमिका थी। उन्होंने माना कि चुनाव में सपा का योगदान रहा, लेकिन कांग्रेस की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

आपका भी योगदान...

मसूद ने सीट बंटवारे को लेकर सपा के सामने अपनी बात रखते हुए कहा कि अगर कांग्रेस को शून्य सीटें मिलेंगी तो नतीजा भी शून्य ही होगा। उन्होंने सपा को उन सीटों पर खुद चुनाव लड़ने की चुनौती दी, जहां कांग्रेस को कमजोर माना जा रहा है।

यूपीपीएससी-2025..

पहले से हुई परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर ही संशोधित परिणाम घोषित किए जाएंगे।

आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों ने उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की थी। उन्होंने आरोप लगाया था कि अधिक अंक प्राप्त करने के बावजूद उन्हें ओपन श्रेणी के तहत चयन का लाभ नहीं दिया गया। याचिकाकताओं ने तर्क दिया कि ओपन श्रेणी किसी विशेष वर्ग के लिए आरक्षित नहीं है। इसमें सभी श्रेणियों के उम्मीदवारों को योग्यता के आधार पर समायोजित किया जाना चाहिए।

संक्षिप्त समाचार

हत्या के मामले में सात अभियुक्तों को 10 साल की सजा

बलिया। ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत प्रभावी पैरवी के चलते जिला एवं सत्र न्यायालय बलिया ने हत्या के एक मामले में सात अभियुक्तों को 10 वर्ष के कारावास और कुल 1.81 लाख रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। पुलिस अधीक्षक डॉ. इरज राजा के निर्देशन में मॉनिटरिंग सेल और अभियोजन विभाग की प्रभावी पैरवी से यह सजा दिलाई गई। मामला बांसडीहरोड थाना क्षेत्र के भीखपुर गांव का है। वर्ष 2018 में हुई घटना में आरोपितों ने लोहे की रॉड से वादी के परिजनों पर हमला किया था। मारपीट में गंभीर रूप से घायल धर्मेंद्र की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर विवेचना पूरी करने के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया था। न्यायालय ने मामले में संदीप कुमार प्रसाद, श्री भगवान, राजकुमार साहनी, सनोज, मुकेश, प्रेम कुमार और अनिल को विभिन्न धाराओं में दोषसिद्ध पाते हुए सजा सुनाई। अभियुक्तों को धारा 304/149 भादवि में 10 वर्ष का कारावास और एक लाख रुपये अर्थदंड, जबकि अन्य धाराओं में भी अलग-अलग अवधि के कारावास एवं अर्थदंड से दंडित किया गया। पुलिस के अनुसार, सभी अभियुक्त भीखपुर गांव के निवासी हैं। इस मामले में अभियोजन अधिकारी संजीव कुमार सिंह, पैरोकार कांस्टेबल विष्णुकान्त मिश्र तथा कोर्ट मोहर्रिर कांस्टेबल शिव प्रकाश शुक्ला और महिला कांस्टेबल शैलजा सिंह का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

आजमगढ़ पुलिस ने गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया

आजमगढ़। जिले में शुरू किए गए ऑपरेशन त्रिशूल के तहत जहानागंज थाने की पुलिस, रडऋ और सर्विलांस सेल की संयुक्त टीम ने 52.6 किलोग्राम गांजे के साथ एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार गांजा तस्कर बृजेश राजभर 2013 में भी एनडीपीएस के मामले में जेल जा चुका है। जिले में शुरू किए गए ऑपरेशन त्रिशूल के तहत पुलिस टीम को सूचना मिली कि तहबरपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला एक व्यक्ति गांजे की तस्करी कर रहा है। इसी आधार पर पुलिस की संयुक्त टीम ने आरोपी को गांजे के साथ गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से पांच बंडल में 52 किलोग्राम से अधिक गांजा बरामद किया गया है जिसकी कीमत 26 लाख रुपए से अधिक की बताई जा रही है। जिस पल्सर बाइक से आरोपी तस्करी करता था। उस बाइक को भी पुलिस ने सीज कर दिया है। गांजे को असम से मंगाया जाता था जिसके बाद से जिले में सप्लाई किया जाता था। दिव्यांगों के नेटवर्क का प्रयोग करके होती थी डिलीवरी गांजा तस्करी का खुलासा करते हुए जिले के एसपी सिटी मानुष पारिख ने बताया कि दिव्यांगों के नेटवर्क का प्रयोग करके उनके माध्यम से आरोपी गांजे की रिटेलिंग कराता था। आरोपी 2013 में भी गिरफ्तार हो चुका है। एसपी सिटी ने बताया कि इससे पूर्व भी एक दिव्यांग को गांजा तस्करी के मामले में गिरफ्तार किया गया था। उसी से मिले इनपुट के आधार पर इस आरोपी को भी गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही जिले में चल रहे गांजा तस्करी के फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंकेज की भी तलाश की जा रही है। जिससे कि गांजे की तस्करी में संलिप्त लोगों को गिरफ्तार करके उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा सके। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी ईश्वर लाल गुर्जर थाने के प्रभारी अमित कुमार मिश्रा उपस्थित रहे।

मिलेट्स महोत्सव में दिखे ज्वार-बाजरे के लजीज व्यंजन

आजमगढ़। हरिऔध कला भवन में बुधवार को जनपद स्तरीय मिलेट्स महोत्सव आयोजित किया गया। इसमें ज्वार, बाजरा और रागी से बने कई तरह के व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। आकर्षक और पौष्टिक रेसिपी लोगों के लिए खास आकर्षण रहीं। उत्कृष्ट व्यंजन तैयार करने वाले होटल कृषि विभाग की ओर से आयोजित महोत्सव का शुभारंभ किसान मोर्चा उत्तर प्रदेश के प्रदेश महामंत्री घनश्याम पटेल और खेलकूद प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सूरज श्रीवास्तव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि घनश्याम पटेल ने कहा कि श्रीअन्न हमारी पारंपरिक कृषि संस्कृति और खानपान का हिस्सा रहा है। बदलती जीवनशैली में ज्वार, बाजरा और रागी जैसे मोटे अनाज का उत्पादन और सेवन बढ़ाना जरूरी है। पोषक तत्वों से भरपूर इन अनाजों को रोज के भोजन में शामिल कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाई जा सकती है। उन्होंने किसानों से मिलेट्स की खेती करने और आम लोगों से अपने खानपान में मोटे अनाज शामिल करने की अपील की। महोत्सव में होटल संचालकों ने ज्वार, बाजरा और रागी से तैयार अलग-अलग व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई। इनकी प्रस्तुति और स्वाद ने लोगों का ध्यान खींचा। प्रदर्शनी के जरिए बताया गया कि पारंपरिक मोटे अनाज से आधुनिक स्वाद के कई व्यंजन तैयार किए जा सकते हैं। कार्यक्रम में लोकगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के जरिए भी श्रीअन्न के महत्व और उपयोगिता का संदेश दिया गया। इस मौके पर उप कृषि निदेशक आशीष कुमार ने अतिथियों, कृषि वैज्ञानिकों, अधिकारियों, किसानों, होटल संचालकों और छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। उन्होंने कृषि विभाग की किसान कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए किसानों से उनका लाभ उठाने की अपील की।

टूटी नाली में गिरकर लोग घायल हो रहे

आजमगढ़। गुरुटोला वार्ड के सामने नाली टूटने से रोज लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। नाली के पास बड़ा गड्ढा हो गया है। पैदल चलने वाले और बाइक सवार इसमें गिर जाते हैं। बच्चे और बुजुर्ग सबसे ज्यादा परेशान हैं। दुकानदारों के कारोबार पर भी असर पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बाद भी नाली की मरम्मत नहीं हुई। रात में यहां गिरने का खतरा बढ़ जाता है। पार्षद ने कहा कि उन्हें इस समस्या की जानकारी है और जल्द मरम्मत कराई जाएगी। तस्वीर में टूटी पटिया, खुली नाली और गंदा पानी दिख रहा है। लोगों ने पालिका से जल्द मरम्मत कराने की मांग की है।

अनिल राजभर ने किया कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण

आजमगढ़। दौरे पर पहुंचे प्रदेश सरकार के श्रम एवं सेवायोजन मंत्री अनिल राजभर ने रानी की सराय स्थित कंपोजिट विद्यालय मोहम्मदल्ला का निरीक्षण किया। उन्होंने बच्चों से बातचीत कर पढ़ाई और शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। साथ ही स्मार्ट क्लास का निरीक्षण क मंत्री ने शिक्षकों को निर्देश दिया कि महापुरुषों की जयंती और राष्ट्रीय, सामाजिक व विशेष दिवसों पर रोजाना की पढ़ाई से अलग 10 मिनट का विशेष कार्यक्रम कराया जाए। इसमें बच्चों को महापुरुषों के जीवन, संघर्ष और विचारों के बारे में बताया जाए, ताकि उनमें नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारी की समझ विकसित हो। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने विद्यालय परिसर में पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक सुविधाएं, अच्छे संस्कार और स्वच्छ वातावरण देना सरकार की प्राथमिकता है। हर बच्चे को पढ़ाई के साथ सामाजिक जिम्मेदारी और पर्यावरण संरक्षण के प्रति भी जागरूक बनाना जरूरी है। मंत्री अनिल राजभर दोपहर में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। इसके बाद शाम को लालगंज में आयोजित जन चौपाल में शामिल होंगे।

स्वगणना को लेकर डीएम ने की जनता से अपील, करें भागीदारी



भारत एकता टाइम्स/ भदोही

जनगणना-2027 के तहत संचालित स्वगणना अभियान की अंतिम तिथि 30 नवंबर निर्धारित है। अभियान के लिए अब केवल तीन दिन शेष हैं। जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने जनपदवासियों से ऑनलाइन स्वगणना कर अभियान में अधिक से अधिक भागीदारी की अपील की है। उन्होंने बताया कि 27 नवंबर की सुबह आठ बजे तक जिले में कुल 17,302 स्वगणना पहचान संख्या (एसई आईडी) जनरेट हो चुकी हैं। इनमें औराई तहसील में सर्वाधिक 5,887, ज्ञानपुर में 5,758 और भदोही में 2,761 आईडी बनी हैं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को अंतिम तीन दिनों में विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि परिवार घर बैठे निर्धारित पोर्टल पर अपनी जानकारी दर्ज कर सकते हैं। स्वगणना के बाद प्राप्त एसई आईडी सुरक्षित रखना जरूरी है। उन्होंने ग्राम प्रधानों, शिक्षकों और जनप्रतिनिधियों से भी लोगों को जागरूक करने की अपील की।

जनगणना में 701 कार्मिकों को वितरित की गई किट

जमानियां (गाजीपुर)। ब्लॉक के नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में जनगणना 2026-27 की तैयारियां अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। पहली दिसंबर से शुरू होने वाली जनगणना के मद्देनजर शुक्रवार को जनगणना कक्ष में कुल 701 कार्मिकों को जनगणना किट वितरित की गई।जनगणना प्रभारी संदीप यादव ने 100 सुपरवाइजर और 601 प्रगणकों को उनकी जिम्मेदारियों के अनुसार आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराई। इसके साथ ही जनगणना कार्य को समयबद्ध और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने की तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया गया है। वितरित किट में छह प्रकार की अलग-अलग आवश्यक सामग्रियां शामिल हैं। जिनका इस्तेमाल प्रगणक और सुपरवाइजर घर-घर सर्वेक्षण के दौरान करेंगे।सभी कार्मिकों को आवश्यक प्रशिक्षण देने के साथ कार्य संबंधी दिशा-निर्देश भी दिए जा चुके हैं। जनगणना प्रभारी संदीप यादव ने सभी कार्मिकों को गंभीरता, निष्पक्षता और समयबद्धता के साथ जिम्मेदारी निभाने का निर्देश दिया। इस दौरान सुपरवाइजर पीयूष कांत मिश्रा, प्रदीप कुमार वर्मा, जयप्रकाश कुशवाहा, शिवप्रकाश पाल, शिवकांत राय और रविकांत भारती सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

दोषियों को सजा दिलाने की दिशा में गंभीरता से करें प्रयास: एडीएम

✡ कानून व्यवस्था एवं अभियोजन कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

भारत एकता टाइम्स/ मऊ



अपर जिलाधिकारी प्रवेंद्र कुमार की अध्यक्षता में कानून व्यवस्था एवं अभियोजन कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक में अभियोजन कार्यों की प्रगति, वादों के निस्तारण तथा जनपद में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान संयुक्त निदेशक अभियोजन श्रीलाल साहब सिंह ने अभियोजन कार्यों की प्रगति की जानकारी देते हुए बताया कि अधीनस्थ न्यायालयों में भारतीय दंड विधान (भादवि) के अंतर्गत 125 तथा अन्य अधिनियमों के अंतर्गत 206 वादों का निस्तारण किया गया। वहीं सत्र न्यायालय में डीजीसी संवर्ग के अंतर्गत भादवि के 17, अन्य अधिनियमों के 07, एससी/एसटी एक्ट के 03, गैंगस्टर एक्ट के 04 तथा पॉक्सो एक्ट के 05 वादों का निस्तारण किया गया। इस प्रकार कुल 367 वादों का निस्तारण किया गया है। अपर जिलाधिकारी ने अभियोजन अधिकारियों को निर्देशित किया कि न्यायालयों में प्रभावी पैरवी सुनिश्चित करते हुए वादों के निस्तारण की संख्या में वृद्धि की जाए। उन्होंने कहा कि अभियोजन से संबंधित मामलों में समयबद्ध एवं प्रभावी कार्रवाई करते हुए दोषियों को सजा दिलाने की दिशा में गंभीरता से प्रयास किए जाएं। कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान अपर जिलाधिकारी ने जनपद की सभी शराब की दुकानों पर अनिवार्य रूप से सीसीटीवी कैमरे लगवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शराब की दुकानों पर आने वाले ग्राहकों के साथ विक्रेता शालीन एवं सम्मानजनक व्यवहार करें। साथ ही सभी उप जिलाधिकारियों एवं क्षेत्राधिकारियों को अपने-अपने तहसील एवं क्षेत्र में मिलावटी तथा अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाने और संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में गैंगस्टर एक्ट, गुंडा एक्ट तथा जनपद में अवैध शराब के कारोबार से संबंधित मामलों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट रमेश बाबू, समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त क्षेत्राधिकारी, अभियोजन अधिकारी लक्ष्मी राज सिंह, मनोज कुमार, हरेंद्र सिंह, प्रिया सिंह, अनिल कुमार, डीजीसी अजय कुमार सिंह, एडीजीसी राजेश पांडेय सहित समस्त थानाध्यक्ष उपस्थित रहे।

गोडसरा गांव में एक्सप्रेसवे के लिए बैनामा पर किसानों ने जताई नाराजगी

✡ उचित मुआवजे की मांग पर अड़े

सेवराई (गाजीपुर)। तहसील क्षेत्र के गोडसरा गांव में एसडीएम ने किसानों के साथ बैठक कर विंध्य-पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के लिए भूमि बैनामा करने को लेकर चर्चा की। लेकिन किसानों ने उचित मुआवजा न मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अभी जमीन का बैनामा करने से इनकार कर दिया।गौरतलब है कि गाजीपुर जिले के सेवराई तहसील क्षेत्र के दर्जनों गांवों से विंध्य एक्सप्रेस-वे के लिए सैकड़ों स्थानों से भूमि अधिग्रहण किया जाना है। किसान लगातार भूमि के बदले उचित मुआवजे की मांग की जा रही है। जिस पर एसडीएम सेवराई गजराज सिंह यादव ने किसानों को मामले में उच्चाधिकारियों से पत्राचार कर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया है।बैठक में किसानों ने कहा कि उनकी उपजाऊ जमीन जा रही है। जिसके बदले उन्हें बाजार दर के हिसाब से उचित मुआवजा मिलना चाहिए। जब तक उचित मुआवजा तय नहीं होता, तब तक वे बैनामा नहीं कराएंगे।इस मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल धर्मेंद्र कुमार यादव, वसीम खान, राजस्व निरीक्षक राकेश राय, किसान इबरार खान, तबरेज खान, सउद अली खान, निरंजन राम, प्रधान प्रतिनिधि रिजवान खान, बादशाह खान, अशरफ खान, जब्बार खान, शौकत खान, किशुन राम, नसीर खान, आमिर खान, मो. अली खान, तारिक खान, जावेद खान सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।



बाल विवाह मुक्त भारत के तहत चलाया गया जागरूकता अभियान

✡ सीडीओ ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ किया रवाना

भारत एकता टाइम्स/ गाजीपुर



बाल विवाह मुक्त भारत जागरूकता अभियान के तहत बाल विवाह उन्मूलन को लेकर व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इसका शुभारंभ सीडीओ आलोक प्रसाद ने हरी झंडी दिखाकर जागरूकता रथ को रवाना किया । इस अवसर पर उपस्थित लोगों को बाल विवाह के विरुद्ध जागरूकता की शपथ भी दिलाई गई। बाल विवाह मुक्त भारत जागरूकता अभियान 21 अक्टूबर से 21 दिसंबर तक संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में 27 नवंबर को बाल विवाह उन्मूलन अंतरराष्ट्रीय दिवस के अवसर पर विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान के माध्यम से बाल विवाह, अनाथ विवाह एवं जबरन विवाह जैसी कुरीतियों के उन्मूलन के लिए लोगों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष बाल कल्याण समिति सीमा पाठक, गीता श्रीवास्तव, बाल संरक्षण अधिकारी, जुनैद खान, बाल अधिकार सहयोगी तथा जिला प्रोबेशन कार्यालय के सभी यूनिट एवं नव भारतीय नारी विकास समिति के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

देश विदेश सहित स्थानीय खबरों से रूबरू कराते है कर्मयोगी : मन्नू सिंह

दिलदारनगर (गाजीपुर) । कस्बा निवासी जनार्दन प्रजापति के आवास पर शुक्रवार की दोपहर विधायक ओमप्रकाश सिंह के प्रतिनिधि मन्नू सिंह ने दस कर्मयोगियों को ठंड में गर्म वस्त्र वितरण किया। मन्नू सिंह ने कहा कि कर्मयोगी ठंड, गर्मी या बरसात का मौसम हो वह सुबह में ही साईकिल से अखबार वितरित कर देश विदेश सहित स्थानीय खबरों से रूबरू कराते है। ऐसे कर्मयोगियों का सम्मान हर हाल में होना चाहिए।कोरोना काल इसका उदारण है।उस महामारी के समय जहां लोग अपने घरों से नहीं निकलते थे तो यह कर्मयोगी अपनी जान की परवाह किए बिना देश विदेश कीखबरों को पहुंचाते हैं।यह बहुत ही कठिन कार्य है। इस मौके पर ,उर्मिलेश पांडेय, चंद्रभान सिंह,अनिल यादव ,जरमेश, सलामु ,विशाल यादव ,संकल्प पटवा ,पशुपति पाल आनंद प्रजापति ,भोलू गुप्ता आदि लोग रहे।

संक्षिप्त समाचार

शैक्षिक गुणवत्ता सुधारने को लेकर बीईओ ने की समीक्षा

भदोही। बीआरसी भदोही के मीटिंग हॉल में शुक्रवार को खंड शिक्षा अधिकारी बृजेश कुमार राय की अध्यक्षता में विकासखंड के समस्त विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों की बैठक आयोजित की गई। इसमें विद्यालयों में शैक्षिक गुणवत्ता सुधारने और विभागीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। बैठक में कैच-अप शिक्षण, शिक्षक डायरी, संदर्शिका, टीएलएम के उपयोग, 10 पॉइंट टूल किट, पठन संस्कृति और होलिस्टिक प्रोग्रेस कार्ड (एचपीसी) के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी गतिविधियों को विद्यालयों में प्रभावी ढंग से लागू करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जनगणना एवं बीएलओ से जुड़े कार्यों की समीक्षा कर पदाभिहित अधिकारियों को उनके दायित्वों के प्रति गंभीरता बरतने और निर्धारित समय में कार्य पूरा करने को कहा। बैठक में एआरपी अखलाक अहमद, अजय कुमार, कन्हैया लाल, एलएलएफ से शुभा पांडेय और हनुमान प्रसाद सहित विकासखंड के सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण का लिया संकल्प

भदोही। अंतरराष्ट्रीय बाल विवाह रोकथाम दिवस के अवसर पर शुक्रवार को विकासखंड भदोही के कंपोजिट विद्यालय मिसिरपुर में बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रधानाध्यापक शिवाकांत यादव के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के बीच चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता कराई गई। बच्चों ने अपनी कलाकृतियों और ओजस्वी भाषणों के माध्यम से बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को समाप्त करने का संदेश दिया। इस दौरान प्रधानाध्यापक शिवाकांत यादव ने विद्यार्थियों, अभिभावकों और विद्यालय प्रबंध समिति के सदस्यों को बाल विवाह के दुष्परिणामों, कानूनी प्रावधानों तथा बालिकाओं की शिक्षा एवं सुरक्षा के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने सभी से बाल विवाह मुक्त समाज के निर्माण में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने बाल विवाह के खिलाफ सामूहिक शपथ ली। इस मौके पर शिक्षक राजबली यादव, रामशंकर पाल, अजीत कुमार पटेल, अवधेश कुमार, महेंद्र प्रसाद सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

वार्ड दस में नाली निर्माण से सुधरेगी जल निकासी व्यवस्था

भदोही। नगर पालिका परिषद गोपीगंज के वार्ड संख्या दस में दस लाख रुपये की लागत से नाली का निर्माण कराया जाएगा। शुक्रवार को पालिकाध्यक्ष जितेंद्र गुप्ता ने डॉक्टर केके पांडेय के मकान से बरगदा हनुमान मंदिर जीटी रोड तक प्रस्तावित नाली निर्माण कार्य का विधि-विधान से भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। इस मौके पर पालिकाध्यक्ष ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी प्राथमिकता है। नाली निर्माण पूरा होने से जल निकासी व्यवस्था बेहतर होगी और बरसात के दिनों में होने वाले जलभराव से लोगों को राहत मिलेगी। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों को निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने और निर्धारित मानकों के अनुरूप काम पूरा कराने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सभासद अजहरुद्दीन, राशिद खान, सलमान, मधुबाला मिश्रा, सिराज अख्तर, दीपक मिश्रा, डॉ. केके पांडेय, विष्णु पांडेय सहित पालिका कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

फायर सर्विस और ग्रामीणों ने बचाई कुएं में गिरी नीलगाय की जान

भदोही। ऊंज थाना क्षेत्र के पिलखुना गांव में शुक्रवार को कुएं में गिरी नीलगाय को पुलिस, फायर सर्विस और ग्रामीणों की मदद से सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। काफी मशक्कत के बाद नीलगाय को जीवित बचाने में सफलता मिली। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को यूपी-112 पर अनिल तिवारी ने सूचना दी कि गांव स्थित एक कुएं में नीलगाय गिर गई है। सूचना मिलते ही पीआरवी 8623 पर तैनात पुलिसकर्मी तत्काल मौके पर पहुंचे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए फायर सर्विस को बुलाया गया। इसके बाद पुलिस, फायर सर्विस और स्थानीय ग्रामीणों ने संयुक्त प्रयास कर नीलगाय को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। इस सराहनीय कार्य में कांस्टेबल राहुल कुमार मिश्रा, होमगार्ड चालक बालेश्वर गोंड, फायर सर्विस टीम और स्थानीय ग्रामीणों का सहयोग रहा। पुलिस और फायर सर्विस की त्वरित कार्रवाई की ग्रामीणों ने सराहना की।

25 हजार का इनामी हत्यारोपी सूरज राजभर गिरफ्तार

गाजीपुर (भांवरकोल)। पुलिस ने पलिया बीरपुर मोड़ से अजय यादव हत्याकांड में फरार चल रहे 25,000 रुपये के इनामी आरोपी को गिरफ्तार किया है। 24 जून को अजय यादव की हत्या के मामले में बीरपुर निवासी सूरज राजभर समेत 11 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ था।मामले में फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक ने 2 सितंबर को 25,000 रुपये का (इनाम घोषित किया था। भांवरकोल थानाध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय को मुखबिर खास से सूचना मिली कि हत्या के मुकदमे में वांछित इनामी आरोपी सूरज राजभर बाहर से अपने गांव बीरपुर आ रहा है। इस सूचना पर पुलिस बल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और घेराबंदी कर पलिया वीरपुर मोड़ से गिरफ्तार कर लिया।

खाद्य विभाग ने स्कूलों के रसोई घर का किया निरीक्षण

मऊ। जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में सहायक आयुक्त खाद्य-सुरक्षा, के निर्देशन में घोसी स्थित परिषदीय जूनियर हाई स्कूल घोसी के रसोई घर का निरीक्षण किया गया। मौके पर साफ सफाई के प्रति निर्देशित किया गया। मीनू के अनुसार मौके पर तैयार तहरी का सर्विलांस नमूना संग्रह किया गया और उपस्थित 105 छात्र-छात्राओं, रसोईयो, शिक्षक एवं शिक्षिकागण को व्यक्तिगत स्वच्छता तथा खाद्य सुरक्षा के विभिन्न आयामों के प्रति जागरुक कर प्रशिक्षित किया गया। इमिलिया, मऊ स्थित कम्पोजिट विद्यालय के रसोई घर का निरीक्षण किया गया, मौके पर साफ सफाई के प्रति निर्देशित किया गया तथा तैयार तहरी का सर्विलांस नमूना संग्रहित किया गया और उपस्थित 40 छात्र-छात्राओं, रसोईयो, शिक्षक एवं शिक्षिकागण को व्यक्तिगत स्वच्छता तथा खाद्य सुरक्षा के विभिन्न आयामों के प्रति सभी को जागरुक कर प्रशिक्षित किया गया। सहादतपुरा स्थित प्राथमिक विद्यालय पूर्वोत्तर रेलवे के रसोई घर का निरीक्षण किया गया तथा तैयार तहरी तथा तैयार सूजी हलवा का सर्विलांस नमूना संग्रहित किया गया एवं मौके पर उपस्थित छात्र छात्राओं, रसोईयों, शिक्षकगण को व्यक्तिगत स्वच्छता तथा खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। दरगाह मधुबन स्थित कम्पोजिट विद्यालय के रसोई घर का निरीक्षण किया गया तथा तैयार तहरी का सर्विलांस नमूना संग्रहित किया गया। मौके पर उपस्थित छात्र छात्राओं, रसोइयों, शिक्षकगण व्यक्तिगत स्वच्छता तथा खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।



सीडीओ से मिले रोजगार सामाजिक अधिकार अभियान 'रोसा' के सदस्य

भारत एकता टाइम्स/ गाजीपुर



रोजगार सामाजिक अधिकार अभियान (रोसा) के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी के प्रतिनिधि उपजिलाधिकारी ध्रुव शुक्ला ने मांगपत्र सौपा। इसके बाद जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रतिनिधिमंडल की मुख्य विकास अधिकारी के साथ भी बैठक हुई।प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे डॉ. शम्मी कुमार सिंह ने कहा कि आलू की खेती में प्रति बीघा करीब 20 हजार रुपये लागत आई है। इसके अलावा 15 हजार से 20 हजार रुपये जमीन का किराया और 6 महीने कोल्ड स्टोरेज में रखने का खर्च 400 रुपये प्रति क्विंटल पड़ा है, जबकि बाजार में आलू 250 से 300 रुपये प्रति क्विंटल ही बिक रहा है। कोल्ड स्टोरेज के खर्च के बराबर भी दाम नहीं मिल रहे, जिससे किसान अपनी लागत भी नहीं निकाल पा रहे हैं। साथ ही बारिश से धान की फसल को भी नुकसान हुआ है।प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन को 4 सूत्रीय मांगपत्र सौंपा, जिसमें ये मांगें रखी।छात्र संघ उपाध्यक्ष दीपक उपाध्याय ने कहा कि 15 दिन के अंदर हमारी मांगें नहीं मानी गईं तो हम आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इस मौके पर छात्रनेता शशांक उपाध्याय, आकाश चौधरी, विशाल कुमार (शोधार्थी), रजनीश राय, अभिषेक राय, सत्येन्द्र मौर्य, राकेश मौर्य ,नितेश सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

कोहरे के कारण निर्माणाधीन पुलिया में गिरी बाइक, युवक की मौत

भारत एकता टाइम्स



बिरनो,(गाजीपुर)। थाना क्षेत्र के बिहरा गांव के पास गुरुवार की रात कोहरे के कारण बाइक सवार निमार्णाधीन पुलिया में गिर गया। जिससे एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। जानकारी के अनुसार पृथ्वीपुर गांव निवासी संजय बिंद गुरुवार को गोलागड्ढा में एक रिश्तेदारी में तिलक में शामिल होने गया था। वहां से देर रात बाइक से घर लौट रहा था। इसी दौरान बिहरा के पास घने कोहरे के चलते निमार्णाधीन पुलिया दिखाई नहीं देने से उसकी बाइक पुलिया में जा गिरी। हादसे में गंभीर रूप से घायल संजय बिंद की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी होने पर परिजन वहगां पहुंच गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।बताया जाता है कि युवक मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता था। इस संबंध में थानाध्यक्ष मदन लाल पटेल ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

संविधान दिवस पर आयोजित संविधान संकल्प दिवस

भारत एकता टाइम्स/ मऊ



संविधान दिवस के अवसर पर एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स की मऊ जिला इकाई के तत्वावधान में नगर पालिका परिषद के मीटिंग हॉल, में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य भारतीय संविधान के मूल आदर्शों, लोकतांत्रिक मूल्यों, नागरिक अधिकारों, सामाजिक न्याय और संवैधानिक जिम्मेदारियों के प्रति आमजन को जागरूक करना रहा। कार्यक्रम को संविधान संकल्प दिवस के रूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रस्तुत करते हुए एपीसीआर के संरक्षक जमाल अख्तर अर्पण ने संस्था की स्थापना से लेकर वर्तमान समय तक की गतिविधियों, संघर्षों, उद्देश्यों और कार्यप्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एपीसीआर देशभर में नागरिक अधिकारों की रक्षा, मानवाधिकारों के संरक्षण तथा समाज के वंचित, शोषित और पीड़ित वर्गों को न्याय दिलाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने संस्था की भूमिका को केवल अधिकारों की पैरवी तक सीमित न रखते हुए संवैधानिक चेतना के प्रसार का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर डॉ. ज्याउल्लाह अंसारी ने भारतीय लोकतंत्र के ऐतिहासिक विकास, विश्व के राजनीतिक परिदृश्य तथा संवैधानिक व्यवस्थाओं के संदर्भ में अत्यंत सारगर्भित और विस्तृत व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान दुनिया के सबसे व्यापक और महत्वपूर्ण संविधानों में से एक है, जो विविधताओं से भरे देश को एक सूत्र में बांधने का कार्य करता है। उन्होंने इन मूल्यों का इस्लामी शिक्षाओं से भी साम्य बताते हुए कहा कि इंसाफ, इंसान की गरिमा, समानता और जरूरतमंदों की मदद जैसे आदर्श सदियों से इस्लाम की शिक्षाओं का हिस्सा रहे हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जमीयत उलेमा के जिलाध्यक्ष मौलवी इफ्तेखार साहब, वरिष्ठ अधिवक्ता खेसाल अहमद, मौलवी फौजान, मौलवी परवेज, मौलवी राशिद असरार, मजहर मेजर, मोहम्मद साजिद, शाकिर खान, ब्रिकेश कुमार, सहित नगर पालिका परिषद के सभासदगण, संस्था से जुड़े दर्जनों अधिवक्ता साथी, सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी एवं पत्रकार बंधु उपस्थित रहे।

मऊ के दलित बेटे-बेटियां अब कलम की ताकत से बनेंगे अफसर: शक्ति सिंह

✡ ताजोपुर की चैपाल से 2027 चुनाव का किया शंखनाद

भारत एकता टाइम्स/ मऊ



संविधान दिवस के पावन अवसर पर नगर के ताजोपुर में आयोजित भव्य कार्यक्रम में भाजपा नेता शक्ति सिंह ने सैकड़ों दलित बच्चों को पाठ्य सामग्री कॉपी, किताबें और कलम वितरित कर उन्हें शिक्षित, आत्मनिर्भर और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनने का संकल्प दिलाया। विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए शक्ति सिंह ने कहा कि 26 नवंबर संविधान दिवस पर बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का अमर मंत्र याद कीजिए शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो बाबासाहेब ने स्पष्ट संदेश दिया था कि शिक्षा उस शेरनी का दूध है, जो इसे पिएगा वह दहाड़ेगा ही दहाडेगा लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि मऊ की राजनीति में पिछले 30 वर्षों तक एक सुनियोजित षड्यंत्र के तहत इस समाज को जानबूझकर शिक्षा और कलम की ताकत से दूर रखा गया। पुरानी सियासत पर सीधा वार करते हुए शक्ति सिंह ने कहाकि यदि आज से 30 वर्ष पहले ताजोपुर और मऊ की बस्तियों के इन बच्चों के हाथों में किताब और कलम थमा दी गई होती, तो आज वे दलित समाज के सबसे मजबूत स्तंभ बनकर मऊ के विकास की नई गाथा लिख रहे होते। लेकिन 30 सालों तक मऊ पर काबिज जनप्रतिनिधि और उनके पूरे सिंडिकेट ने जानबूझकर ऐसा नहीं होने दिया। उन्हें डर था कि अगर दलित का बेटा पढ़-लिखकर बड़ा अफसर बन जाएगा, तो उनके पीछे जिंदाबाद के नारे कौन लगाएगा और उनकी गाड़ियों पर झंडे कौन बांधेगा। शक्ति सिंह ने कहा कि एक तरफ 5 वर्षों में मिली 25 करोड़ की विधायक निधि से दलित बस्तियों में एक नाली, खडंज़ा या बुनियादी सुविधा तक नहीं पहुंची। विधायक की निरंतर अनुपस्थिति और जेल-बेल व मुकदमों में फंसे होने की वजह से मऊ सदर केवल उपेक्षा का दंश झेलता रहा। वहीं दूसरी तरफ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में बिना किसी भेदभाव के दलित समाज का मान-सम्मान लौटाया गया है। अभ्युदय योजना से गरीब का बेटा बिना एक रुपया खर्च किए आईएएस-आईपीएस बन रहा है। शक्ति सिंह ने आह्वान किया कि 2027 का चुनाव मऊ से 30 साल के सिंडिकेट, भय और लाचारी को उखाड़ फेंकने का चुनाव है। मऊ इस बार बदलाव की नई इबारत लिखेगा और यहीं से पूरे प्रदेश में सामाजिक न्याय व विकास का ऐतिहासिक शंखनाद होगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय प्रबुद्धजन, महिलाएं, युवा कार्यकर्ता और समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



काशी तमिल संगमम का शंखनाद शनिवार से, उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन करेंगे शुभारंभ

काशी में आज से दिखेगा उत्तर दक्षिण की संस्कृति का संगम



पांचवा संस्करण

- तमिलनाडु से 1500 अतिथियों के आने की संभावना, बीएचयू से नमो घाट तक होंगे विविध आयोजन

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी

धर्म और संस्कृति की नगरी काशी एक बार फिर उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक एकता की साक्षी बनने जा रही है। काशी तमिल संगमम के पांचवें संस्करण का शुभारंभ 28 नवंबर को होगा। 12 दिसंबर तक चलने वाले इस आयोजन का उद्घाटन उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे। आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। वाराणसी मंडल के आयुक्त के. विजेंद्र पांडियन ने तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि इस बार विभिन्न चरणों में तमिलनाडु से करीब 1400 से 1500 श्रद्धालुओं और प्रतिभागियों के काशी पहुंचने की संभावना है। उद्घाटन समारोह में उपराष्ट्रपति के साथ मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री, आईआईटी और काशी हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के पदाधिकारी सहित कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। मुख्यमंत्री बीएचयू में आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के साथ उसका अवलोकन भी करेंगे। वहीं, नमो घाट पर भी एक-दो विशेष कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। आयोजन स्थल पर विभिन्न विभागों की योजनाओं और गतिविधियों की जानकारी देने के लिए 150 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। शाम को सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ कई अन्य कार्यक्रम भी होंगे। **1,750 प्रतिनिधि साझा करेंगे अपने अनुभव और ज्ञान**-काशी-तमिल संगमम के पांचवें संस्करण में तमिलनाडु से सात समूहों में कुल 1,750 प्रतिनिधियों के आने का प्रस्ताव है। प्रत्येक समूह में 250 सदस्य होंगे। 29 नवंबर से 11 दिसंबर तक बीएचयू के विभिन्न स्थलों पर आयोजित शैक्षणिक सत्रों में समूहों की विशेषज्ञता और रुचि के अनुसार संवाद, चर्चा और ज्ञान साझा करने की गतिविधियां होंगी। इसका उद्देश्य 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' की भावना को मजबूत करते हुए काशी और तमिलनाडु के बीच ऐतिहासिक संबंधों को और प्रगाढ़ करना है। काशी-तमिल संगमम कार्यक्रम के लिए विशेष ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। **सांस्कृतिक गतिविधियों से युवाओं में दिखेगा उत्साह**- संगमम को आमजन और युवाओं तक पहुंचाने के लिए बीएचयू परिसर में कई जनसंपर्क और सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। संध्या भजन, नुक्कड़ नाटक, लोक एवं शास्त्रीय संगीत, रंगोली, पोस्टर डिजाइन, कला इंस्टॉलेशन, मेहंदी, फोटोग्राफी, कैलीग्राफी और डिजिटल आर्ट जैसी गतिविधियां आयोजन को उत्सवमय बनाएंगी। कार्यक्रमों के सुचारु संचालन और प्रतिभागियों की सहायता के लिए 1,500 से अधिक छात्र स्वयंसेवकों का चयन किया गया है।



तिरुक्कुरल की शिक्षाओं पर केंद्रित होगा इस बार का संगमम

इस वर्ष काशी-तमिल संगमम 5.0 की थीम 'तिरुक्कुरल पयिलवोम' यानी 'तिरुक्कुरल का अभ्यास करें' रखी गई है। आयोजन के दौरान तमिल के महान शास्त्रीय ग्रंथ तिरुक्कुरल के ज्ञान और शिक्षाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर विशेष जोर रहेगा। संत कवि तिरुवल्लुवर द्वारा रचित यह कालजयी ग्रंथ नैतिकता, जीवन-मूल्यों और आचरण की शिक्षा देता है। काशी हिंदू विश्वविद्यालय और आईआईटी (बीएचयू) इस आयोजन के प्रमुख शैक्षणिक साझेदार हैं। दोनों संस्थान संगमम के अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार करने तथा उनके संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस दौरान तमिलनाडु से आए सात विविध समूह बीएचयू परिसर में आयोजित विशेष शैक्षणिक सत्रों में हिस्सा लेंगे।

धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण करेंगे तमिल मेहमान

केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने नमो घाट पर तैयारियों का लिया जायजा, दिए निर्देश



पहला जत्था पहुंचा, रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत

काशी तमिल संगमम में शामिल होने के लिए तमिलनाडु से करीब 300 लोगों का पहला जत्था विशेष ट्रेन से शुक्रवार की देर शाम वाराणसी पहुंचा। अतिथियों के लिए पांच दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम तैयार किया गया है। इसके तहत पहले दो दिन उन्हें काशी और आसपास के प्रमुख धार्मिक एवं सांस्कृतिक स्थलों का भ्रमण कराया जाएगा। शाम को सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। तीसरे दिन प्रतिभागी अयोध्या जाएंगे, जबकि चौथे दिन प्रयागराज का भ्रमण करेंगे। इसके बाद वे वापस काशी लौटेंगे और यहां से उनकी विदाई होगी। शुक्रवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रल्हाद जोशी नमो घाट पहुंचे और काशी तमिल संगमम की तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान मंडलायुक्त के. विजेंद्र पांडियन भी साथ रहे। केंद्रीय मंत्री ने पूरे नमो घाट का निरीक्षण किया। उन्होंने मुख्य मंच, अतिथियों के बैठने की व्यवस्था और अन्य तैयारियों को देखा। अधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम में शामिल होने वाले डेलिगेट्स और आम लोगों को किसी तरह की परेशानी नहीं होनी चाहिए। सुरक्षा, यातायात और सुविधाओं से जुड़ी व्यवस्थाओं को भी बेहतर रखने को कहा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2022 में काशी और तमिलनाडु के बीच ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को सामने लाने के उद्देश्य से इस पहल की परिकल्पना की थी। इसका मकसद नई पीढ़ी को यह बताना है कि भारत प्राचीन काल से ही सांस्कृतिक रूप से एकजुट रहा है। काशी तमिल संगमम इसी भावना को आगे बढ़ाते हुए 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के संकल्प को मजबूत कर रहा है। मंडल आयुक्त के. विजेंद्र पांडियन ने काशीवासियों और यहां आने वाले पर्यटकों से आयोजन में बढ़-चढ़कर सहभागिता करने की अपील की है।

ठंड बढ़ने के साथ रैन बसेरे की तैयारी तेज

चितरंजन पार्क में दो से तीन महीने तक चलेगा शीतकालीन शिविर, बेड-कंबल और अलाव की होगी व्यवस्था

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी



काशी में ठंड बढ़ने के साथ ही नगर निगम ने यात्रियों और निराश्रित लोगों को राहत देने की तैयारी शुरू कर दी है। डॉ. राजेंद्र प्रसाद घाट स्थित चितरंजन पार्क में हर साल की तरह इस बार भी शीतकालीन शिविर लगाया जा रहा है। इसमें यात्रियों के रात में ठहरने के लिए निशुल्क रैन बसेरे की व्यवस्था की जाएगी। भाजपा के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी मंडल अध्यक्ष सोमनाथ यादव के अनुसार, महापौर अशोक तिवारी की पहल पर लगाए जा रहे इस शिविर में ठहरने वालों के लिए बेड और कंबल उपलब्ध कराए जाएंगे। ठंड बढ़ने पर अलाव की व्यवस्था भी होगी। शिविर करीब दो से तीन महीने तक संचालित किया जाएगा। घाट पर भी अस्थायी व्यवस्था बनाई जा रही है, ताकि रात में आने वाले यात्री कुछ देर आराम कर सकें। उन्होंने बताया कि शिविर की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। अगले 10 से 15 दिनों में इसे पूरी तरह तैयार कर लिया जाएगा। इसके बाद महापौर अशोक तिवारी इसका उद्घाटन करेंगे। शिविर में सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं। परिसर में प्रवेश से पहले यात्रियों के आधार कार्ड की जांच की जाएगी।

रात में न्यूनतम पारा 11.6 डिग्री सेल्सियस

काशी में ठंड का असर लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 25.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1.3 डिग्री कम रहा। वहीं, रात के तापमान में गिरावट के साथ न्यूनतम पारा 11.6 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। सुबह और रात के समय ठंड का एहसास बढ़ने लगा है। हवा 13 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चली। वातावरण में नमी 74 फीसदी दर्ज की गई, जबकि दृश्यता 1000 से 2500 मीटर के बीच रही। मौसम में बदलाव के बीच आने वाले दिनों में ठंड और बढ़ने की संभावना जताई गई है।

राज्यमंत्री ने तरना वार्ड में जनचौपाल में सुनी समस्याएं

वाराणसी। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार के स्टाम्प एवं न्यायालय पंजीयन शुल्क मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं शहर उत्तरी के विधायक रविंद्र जायसवाल ने शुक्रवार को तरना वार्ड स्थित रामजानकी मंदिर परिसर में जनचौपाल लगाई। इसमें बड़ी संख्या में पहुंचे स्थानीय लोगों ने अपनी समस्याएं मंत्री के सामने रखीं। मंत्री ने संबंधित विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में समस्याएं सुनते हुए उनके शीघ्र और प्रभावी निस्तारण का निर्देश दिया। जनचौपाल में जलकल, जल निगम, लोक निर्माण विभाग, गेल, नगर निगम, आलोक विभाग, डूडा और समाज कल्याण विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान स्थानीय नागरिकों ने सड़क निर्माण, पेयजल आपूर्ति, सीवर समस्या, जलनिकासी और खराब प्रकाश व्यवस्था से जुड़ी शिकायतें उठाईं। मंत्री ने एक-एक कर समस्याओं की जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए।

वाराणसी के नए पुलिस आयुक्त बने किरण एस.

तबादला

- वर्तमान पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल का ट्रांसफर, भेजे गए प्रयागराज

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी



उत्तर प्रदेश में शुक्रवार को पुलिस महकमे में बड़ा फेरबदल किया गया है। शासन ने 28 आईपीएस अधिकारियों की तैनाती में बदलाव किया है। वाराणसी के पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल को प्रयागराज का नया पुलिस आयुक्त बनाया गया है। वहीं, लखनऊ परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) किरण एस. को वाराणसी पुलिस कमिश्नरेट की कमान सौंपी गई है। इसके अलावा वाराणसी में तैनात 36वीं वाहिनी पीएसी के सेनानायक डॉ. अनिल कुमार पांडेय और अपर पुलिस उपायुक्त नीतू की भी तैनाती में बदलाव किया गया है। वाराणसी के नवनियुक्त पुलिस आयुक्त किरण एस. वर्ष 2008 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वर्तमान में वह लखनऊ परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक के पद पर तैनात हैं। अब उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी की कानून-व्यवस्था संभालने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। धार्मिक और पर्यटन नगरी होने के चलते वाराणसी में श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, वीआईपी दौरों और कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाए रखना नए पुलिस आयुक्त के सामने प्रमुख जिम्मेदारियां होंगी। वर्ष 1997 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी मोहित अग्रवाल को वाराणसी से प्रयागराज स्थानांतरित किया गया है। वह प्रयागराज के वर्तमान पुलिस आयुक्त पीयूष मोर्डिया की जगह लेंगे।

काशी-तमिल संगमम के संदेश के साथ बीएचयू में दौड़े सैकड़ों युवा

वाराणसी। काशी और तमिलनाडु के सदियों पुराने सांस्कृतिक रिश्तों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से शुक्रवार को बीएचयू में सैकड़ों युवा दौड़े। मौका था काशी तमिल संगमम् 5.0 के तहत आयोजित ह्यरन फार केटीएस 5.0ह्ल का। सुबह सात बजे मालवीय भवन से शुरू हुई दौड़ रविदास गेट तक पहुंची। युवाओं ने दौड़ के माध्यम से उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक एकता तथा विविधता में एकता का संदेश दिया। बीएचयू के कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी ने हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया। युवाओं की भागीदारी से उत्साहित कुलपति ने कहा कि बीएचयू अपने आप में एक राष्ट्र की तरह है, जहां देश के हर राज्य के विद्यार्थी एक साथ शिक्षा ग्रहण करते हैं। यहां अलग-अलग भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं के लोग मिल-जुलकर रहते हैं। उन्होंने कहा कि काशी तमिल संगमम्-प्राचीन सभ्यता, आध्यात्मिक परंपराओं और संगीत की साझा विरासत को सामने लाने का महत्वपूर्ण आयोजन है। इससे काशी और तमिलनाडु के बीच सदियों पुराने सांस्कृतिक, भाषायी और आध्यात्मिक संबंध और प्रगाढ़ होंगे। कार्यक्रम का समन्वय नोडल अधिकारी प्रो. अंचल श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने कहा कि काशी तमिल संगमम्-उत्तर और दक्षिण भारत की साझा सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम है। ह्यरन फार केटीएस 5.0ह्ल इसी सांस्कृतिक एकजुटता का संदेश देने की पहल है।



रामेश्वर का सुप्रसिद्ध लोटा भंटा मेला 30 को, तैयारियां जोरो पर

बाबतपुर(वाराणसी)/भारत एकता टाइम्स



पंचक्रोशी तीर्थ यात्रा के तीसरे पड़ाव रामेश्वर में प्रसिद्ध लोटा-भंटा मेला इस वर्ष 30 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। स्थानीय परंपरा के अनुसार, तिथिनुसार मेला 29 नवंबर (रविवार) को पड़ रहा था, लेकिन रविवार के दिन भंटा न भूनने की मान्यता के कारण इसका आयोजन अगले दिन सोमवार को तय किया गया है। मेले के लिए झूले और चरखे सज चुके हैं तथा प्रशासन तैयारियों की दो बार समीक्षा कर चुका है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, रावण वध के बाद भगवान श्रीराम ने प्रायश्चित के लिए यहां प्रवास कर वरुणा नदी की रेत से शिवलिंग की स्थापना की थी। साथ ही, सैकड़ों वर्ष पूर्व एक दंपती की संतान प्राप्ति की मनोकामना पूर्ण होने के बाद से श्रद्धालुओं द्वारा अगहन मास में यहां लोटा और आलू-भंटा लेकर आने, अहरे पर प्रसाद बनाकर भगवान शिव को अर्पित करने तथा ग्रहण करने की परंपरा चली आ रही है। बड़ागांव और जंसा थाना क्षेत्रों के अंतर्गत करीब 10 किलोमीटर की परिधि में लगने वाले इस मेले में उत्तर प्रदेश और बिहार के विभिन्न जिलों से हजारों श्रद्धालु एक दिन पूर्व ही पहुंचने लगते हैं। भीड़ को देखते हुए कई थानों की पुलिस, पीएसी, महिला पुलिस और अग्निशमन दल की तैनाती की जाएगी। जगापट्टी के ग्राम प्रधान घनश्याम सिंह यादव ने प्रशासन से मेला क्षेत्र में पेयजल, पर्याप्त रोशनी, साफ-सफाई, बैरिकेडिंग तथा वरुणा नदी में सुरक्षा के मद्देनजर रस्सी व ट्यूब की व्यवस्था कराने की मांग की है।

राष्ट्रीय सनातन संघ के जिला कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

वाराणसी। राष्ट्रीय सनातन संघ के वाराणसी जनपद इकाई के द्वारा चोलापुर मे जिला कार्यकारिणी की एक आभासी बैठक की गई। बैठक में संगठन के प्रमुख बिंदुओं पर चर्चा करते हुए अपने दायित्वों के निर्वहन के लिए सभी जिला पदाधिकारियों को सूचित किया गया तथा सदस्यता अभियान युद्ध स्तर पर करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश प्रभारी विजय शंकर चौबे, मण्डल सचिव उदय प्रताप सिंह मुन्ना, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अभय यादव, जिला संरक्षक शिव भजन पांडे, जिला सलाहकार विवेक राय, जिला अध्यक्ष सत्य प्रकाश चतुर्वेदी, जिला प्रभारी शिवपूजन सिंह सेक्रेटरी, जिला सचिव पवन जायसवाल, जिला उपाध्यक्ष अजय विश्वकर्मा उर्फ लोहा सिंह, जिला उपाध्यक्ष कृष्ण प्रताप सिंह, जिला मुख्य सचिव घनश्याम पांडे, जिला सचिव रामअजोर पांडे, कार्यकारी सदस्य रमेश कुमार, छोटेलाल पटेल, गोविंद यादव, राजेश तिवारी, जिला संगठन मंत्री अवधेश तिवारी आदि लोग मौजूद रहे। संगठनात्मक चर्चा के बाद ध्वनि मत से सभी सदस्यों ने निर्णय लिया कि सनातनी लोटा भंटा मेले में 30 नवंबर दिन सोमवार को रामेश्वर महादेव स्थित लोटा भंटा मेले की परंपरा में जिला इकाई की तरफ से सनातनी भोज का आयोजन किया जाएगा।

बदलता स्वरूप: पर्यटन केंद्र के रूप में निखरेगी ककरमत्ता पोखरी

विकास की बात

- 38 साल पुराने अवैध कब्जे से मुक्त कराई गई 100 करोड़ की जमीन पर जारी है पुनरुद्धार कार्य

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी

बीएलडब्ल्यू रोड स्थित ककरमत्ता स्थित पोखरी जल्द ही काशी में एक प्रमुख पर्यटन केंद्र और आकर्षक पिकनिक स्पॉट के रूप में नजर आएगी। महापौर अशोक कुमार तिवारी ने शुक्रवार को पोखरी में चल रहे पुनरुद्धार एवं विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर जमीनी हकीकत जानी। निरीक्षण के दौरान महापौर ने नगर आयुक्त शाश्वत त्रिपुरारि और कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि सभी निर्माण और सौंदर्यीकरण के कार्य उच्च गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से हर हाल में पूरे कर लिए जाएं, ताकि काशी की जनता को जल्द से जल्द इन आधुनिक सुविधाओं की सौगात मिल सके। उल्लेखनीय है कि नगर निगम ने हाल ही में 38 वर्षों से चले आ रहे विवाद को समाप्त कराते हुए करीब 1.5 बीघा (लगभग 100 करोड़ रुपये मूल्य) में फैली इस बेशकीमती सरकारी संपत्ति को अवैध कब्जे से मुक्त कराया है। कुछ लोगों द्वारा इस ऐतिहासिक पोखरी को कूड़ा-कचरा डालकर पाट दिया गया था।



अब निगम प्रशासन इसे एक सुंदर और हरे-भरे सार्वजनिक स्थल के रूप में विकसित कर रहा है। वर्तमान में मौके पर जेसीबी, पोकलैंड की मदद से पोखरी की सफाई और सुंदरीकरण का कार्य कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त दुर्गेश मिश्रा, अतुल पांडेय, स्थानीय पार्षद सहित निगम के कई वरिष्ठ अधिकारी और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

देव दीपावली पर जले दीयों से बनेंगे ईंट और पेवर ब्लॉक

वाराणसी। देव दीपावली 2026 के भव्य आयोजन के बाद अब काशी ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। गंगा घाटों को रोशन करने वाले लगभग 21 लाख मिट्टी के दीयों को कचरे में फेंकने के बजाय नगर निगम उनसे उपयोगी निर्माण सामग्री तैयार करा रहा है। महापौर अशोक कुमार तिवारी के निर्देश पर ?आयोजन समाप्त होते ही नगर निगम की विशेष टीमों और सफाईकर्मियों ने घाटों की सीढ़ियों व पूजा स्थलों पर अभियान चलाकर दीयों के अवशेष एकत्र किए। संग्रहित की गई लगभग 42 से 50 मीट्रिक टन सामग्री को 35 हॉपर और 30 ट्रैक्टर ट्रिप के जरिए सीर गोवर्धन डाफी स्थित सीएंडडी (कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन) वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट पहुंचाया गया है। प्लांट में इस सामग्री की क्रशिंग, स्क्रीनिंग और पृथक्करण की वैज्ञानिक प्रक्रिया शुरू की गई है। प्रोसेसिंग के बाद प्राप्त मिट्टी व अवशेषों से ईंट, पेवर ब्लॉक और अन्य निर्माण सामग्री बनाई जाएगी। नगर निगम ने पिछले वर्ष भी यह प्रयोग किया था, जिसे इस वर्ष 'वेस्ट टू वेल्थ' और सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से निरंतरता दी गई है।

सीआईआई बनारस बिएनाले का आगाज

काशी नरेश ने महामना की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन कर किया उद्घाटन

शुभारंभ

- स्वतंत्रता भवन में 'बीएचयू छात्र एवं शिक्षक बिनाले' में दिखीं कला की तीन पीढ़ियाँ

भारत एकता टाइम्स/वाराणसी



काशी की कला, संस्कृति और ज्ञान-परंपरा का उत्सव, सीआईआई बनारस बिनाले 2026, शुक्रवार को काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में भव्य समारोह के साथ आरंभ हुआ। काशी नरेश अनंत नारायण सिंह ने महामना पं. मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और दीप प्रज्वलित कर बिनाले का उद्घाटन किया। अपने संक्षिप्त वक्तव्य में उन्होंने कहा कि बनारस और भारत की संस्कृति काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के माध्यम से और अधिक जगमगाएगी, और इसमें अकादमिक जगत की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।सीआईआई बनारस बिएनाले की स्टीयरिंग कमेटी के अध्यक्ष माधवकृष्ण सिंघानिया ने कहा कि उद्योग, अकादमिक जगत और संस्कृति का ऐसा अनूठा सहयोग केवल काशी में ही संभव है। सीआईआई की राष्ट्रीय कला एवं संस्कृति समिति की अध्यक्ष तराना साहनी ने कहा कि बनारस की संस्कृति, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, भारत कला भवन, दृश्य कला संकाय और पूरे विश्वविद्यालय के अकादमिक सहयोग से यह बिनाले और अधिक रोशन होगा, और अपने विषय 'काशी/प्रकाशः इंद्रियों का नगर' से ही प्रज्वलित होगा। उद्घाटन के बाद सभी अतिथियों ने भारत कला भवन की सात दीघाओं में लगी प्रदर्शनियों को देखा। अतिथियों ने कुलपति प्रो. अजित कुमार चतुर्वेदी के साथ प्रेस वार्ता की। फिर सभी ने दृश्य कला संकाय स्थित अहिवासी कला वीथिका में फोटोग्राफी पर आधारित क्यूरेटेड प्रदर्शनी देखी। अतिथियों ने स्वतंत्रता भवन में लगे 'बीएचयू छात्र एवं शिक्षक बिनाले' का गंभीरतापूर्वक अवलोकन किया। इसका उद्घाटन तराना साहनी, भारत कला भवन के निदेशक प्रो. रायचौधरी, दृश्य कला संकाय की संकाय प्रमुख प्रो. जसमिंदर कौर, प्रो. मनीष अरोड़ा, डॉ. नितिन दत्त, डॉ. सुरेश चंद्र जांगिड़ और डॉ. महेश सिंह ने किया। इस अवसर पर ज्ञानेन्द्र कुमार कनौजिया, डॉ. मिथुन कुमार दत्ता, डॉ. अमरेश कुमार, डॉ. सुनील कुमार पटेल सहित संकाय के अन्य शिक्षक और सभी प्रतिभागी कलाकार उपस्थित रहे। प्रो. मनीष अरोड़ा ने 'दीप से दीप' की तीन पीढ़ियों वाली मूल परिकल्पना समझाई। प्रदर्शनी 31 दिसंबर 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 10 से सायं 6 बजे तक स्वतंत्रता भवन में दर्शकों के लिए खुली रहेगी।

